आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.14
सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ • बरेली • कानपुर • मुरादाबाद • अयोध्या • हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी 09:16 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

रविवार, 22 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 25, पृष्ठ 14+4 • मूल्य 6 रुपये



महंगी होगी हवाई यात्रा किराया बढ़ा सकती हैं एयरलाइंस - 12



पेट्रोलियम मंत्रालय ने 50 फीसदी तक बढ़ाया वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन - 12



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- मोदी सबसे बड़ा घुसपैठ करने वाले - 13



केकेआर को बड़ा झटका चोटिल आकाशदीप आईपीएल सत्र से बाहर - 14

# ईरान के परमाणु संयंत्र पर फिर हमला

## रेडियोएक्टिव रिसाव की सूचना नहीं, हिंद महासागर में अमेरिकी बेस पर ईरान ने दागी मिसाइल

• इजराइली रक्षा मंत्री बोले- अगले सप्ताह हमलों में होगी वृद्धि, रूस ने नतांज संयंत्र पर हमले की निंदा की


दुबई, एजेंसी

ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र पर शनिवार को दूसरी बार हवाई हमले किए गए। ईरान ने कहा कि संयंत्र से कोई रेडियोधर्मी विकिरण नहीं हुआ है। लेकिन उसने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु एजेंसी को इसकी जानकारी देकर विरोध दर्ज कराया है। उपग्रह चित्रों के अनुसार कई इमारतें क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही थीं।

तेहरान से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित परमाणु संयंत्र को जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों के युद्ध में इजराइली हवाई हमलों और अमेरिका द्वारा निशाना बनाया गया था। वहीं, ईरान ने हिंद महासागर में स्थित अमेरिकी-ब्रिटेन संयुक्त हवाई अड्डे पर हमला किया। ब्रिटेन ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया द्वीप स्थित ब्रिटिश-अमेरिकी हवाई सैन्य प्रतिष्ठान पर ईरान की सेना द्वारा मिसाइलें दागे जाने की निंदा की है। ब्रिटिश अधिकारियों ने नाकाम हमले के प्रयास का विवरण नहीं दिया है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। ईरान ने इस हमले की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु एजेंसी को भी दी है।

इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि आने वाले सप्ताह में ईरान के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को समाप्त करने पर विचार करने की घोषणा किए जाने के कुछ घंटों बाद काट्ज ने शनिवार को यह टिप्पणी की। इजराइल ने कहा कि शनिवार सुबह भी ईरान उसकी ओर मिसाइलें दागता रहा, जबकि सऊदी अरब ने बताया कि उसने देश के पूर्वी हिस्से में कुछ ही घंटों में 20 ड्रोन मार गिराए।



ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र पर हमले की सेटेलाइट तस्वीर।

### युद्ध में अब तक 2328 की गई जान

लड़ाई में अब तक ईरान में 1,300 से अधिक, लेबनान में 1,000 से ज्यादा, इजराइल में 15 और इस क्षेत्र में 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। लेबनान और ईरान में लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान ने शनिवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी के लिए जनाजा निकाला, जिन्हें एक दिन पहले इजराइली हमले में मार दिया गया था।

### न्यूक्लियर क्षेत्र को नहीं बनाया निशाना: इजराइल

इजराइली आर्मी ने ईरान के नतांज न्यूक्लियर प्लांट पर हमले से इनकार किया है। आईडीएफ ने कहा कि हमने यह हमला नहीं किया है और हमें नहीं पता यह किसने किया। हम अमेरिकी कार्रवाई पर कोई टिप्पणी नहीं करते। वहीं, ईरान की न्यूज एजेंसी तसनीम के मुताबिक, जिस जगह पर हमला हुआ उसका नाम 'अहमदी रोशन' है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हमले के बाद किसी भी तरह का खतरनाक रिसाव नहीं हुआ है और आसपास रहने वाले लोगों को कोई खतरा नहीं है।

### अमेरिका ने पैट्रियट मिसाइलों को प. एशिया भेजा

**लंदन।** ईरान के खिलाफ युद्ध पर ध्यान केंद्रित करते हुए अमेरिका ने बड़ी संख्या में पैट्रियट मिसाइलों को यूरोप से हटाकर पश्चिम एशिया की ओर भेज दिया है। इन मिसाइलों को पश्चिम एशिया में भेजे जाने के कारण यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा कमजोर होने को लेकर चिंता पैदा हो गई है। संवेदनशील सैन्य मामलों पर गोपनीयता के कारण अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। वहीं, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका पश्चिम एशिया में तीन और हमलावर जहाज और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन तैनात कर रहा है। दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने भी जहाजों की तैनाती की पुष्टि की, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहां जा रहे हैं।

### 22 देशों ने होर्मुज को खोलने की अपील की

**दुबई।** दुनिया के 22 देशों ने शनिवार को ईरान से हमले रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की अपील की। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया समेत इन देशों ने पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक जहाजों तथा तेल और गैस सुविधाओं पर ईरान के हमलों की निंदा की है। उन्होंने शनिवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा, ईरान की इन कार्रवाइयों का असर दुनिया के हर हिस्से के लोगों खासकर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा।

# अमेरिका ने ईरानी तेल से 30 दिन प्रतिबंध हटाया, ईरान बोला- नहीं है सरप्लस क्रूड

वाशिंगटन, एजेंसी



• विश्वस्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 30 दिन की छूट दी

अमेरिका ने विश्वस्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास में समुद्र में फंसे ईरानी तेल की बिक्री पर लगे प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने की घोषणा की है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि इस अस्थायी कदम से 14 करोड़ बैरल ईरानी तेल वैश्विक बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा।

बेसेंट ने कहा, यह अस्थायी, अल्पकालिक अनुमति केवल उस तेल तक सीमित है जो पहले से ही रास्ते में है और इसमें नयी खरीद या उत्पादन की अनुमति नहीं है। युद्ध शुरू होने से पहले ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इस सप्ताह बढ़कर 119.50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। उन्होंने कहा, आज वित्त विभाग एक सीमित, अल्पकालिक अनुमति जारी कर रहा है, जिसके तहत समुद्र में फंसे ईरानी तेल की बिक्री की इजाजत दी जा रही है। अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया कि फिलहाल प्रतिबंधित ईरानी तेल को चीन सस्ते दामों पर जमा कर रहा है। इस मौजूदा आपूर्ति को अस्थायी रूप से वैश्विक बाजार के लिए खोलने से लगभग 14 करोड़ बैरल तेल तुरंत बाजार में आएगा, जिससे ऊर्जा आपूर्ति बढ़ेगी और ईरान के कारण तेल आपूर्ति पर पैदा हुए अस्थायी दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। बेसेंट ने कहा, असल में हम ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जारी रखते हुए कीमतों को कम रखने के लिए ईरानी तेल का ही इस्तेमाल तेहरान के खिलाफ कर रहे हैं। तेल टैंकरों में लदे ईरानी तेल पर प्रतिबंधों में यह ढील शुक्रवार से लागू होगी और 19 अप्रैल तक जारी रहेगी।युद्ध से पहले अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें तीन डॉलर प्रति गैलन थीं, जो शनिवार तक बढ़कर 3.99 डॉलर प्रति गैलन हो गईं। वहीं, अमेरिकी छूट पर ईरान ने कहा है कि उसके पास अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए कोई सरप्लस क्रूड उपलब्ध नहीं है। ईरान के बयान ने पहले से ही अस्थिर तेल बाजार में अनिश्चितता और बढ़ा दी है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण व्यापार प्रवाह बाधित है। कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई जब भारत और अन्य एशियाई देश अस्थायी छूट के तहत ईरानी तेल की खरीद दोबारा शुरू करने पर मंथन करने में जुटे थे।

### ट्रंप बोले- उनका प्रशासन पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को धीरे-धीरे कम करने पर कर रहा विचार

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को धीरे-धीरे कम करने पर विचार कर रहा है। हालांकि अमेरिका ने उस क्षेत्र में और युद्धपोत तथा मरीन सैनिक तैनात करने की घोषणा भी की है। ईरान ने भी दुनिया भर के पर्यटन स्थलों पर हमले की धमकी दी है। अमेरिका के ये मिले-जुले संकेत ऐसे समय में आए हैं जब तेल की कीमतों में फिर उछाल से अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वादियां ये फिजाएं बुला रही हैं तुम्हें... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### चैत्र नवरात्र में भीड़ के बीच वैष्णो देवी यात्रा स्थगित की गई

**जम्मू।** चैत्र नवरात्र के कारण उमड़ी भीड़ के बीच शनिवार को वैष्णो देवी तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई। शनिवार को शाम चार बजे तक 39,000 श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। 19 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्र के कारण भीड़ बढ़ गई है। नवरात्र पर्व 27 मार्च तक चलेगा और इस दौरान मंदिर बोर्ड को देश भर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस वाहनों के जरिए यात्रा स्थगित करने की घोषणा की गई और रविवार को सुबह 4 बजे से नए सिरे से पंजीकरण शुरू होगा।

# युद्ध का समाधान बातचीत व कूटनीति से ही संभव

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने प. एशिया में हमलों व तनावपूर्ण हालात पर स्पष्ट किया भारत का रुख

• पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार साल पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री ने हल्द्वानी में विशाल जनसभा की संबोधित

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में व्याप्त तनावपूर्ण हालातों पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि हमले और युद्ध सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं। बातचीत और कूटनीति से ही इस वैश्विक समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए।

उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार साल पूरे होने पर शनिवार को हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित ''चार साल बेमिसाल'' विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है लेकिन इस समस्या का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि डायलॉग और डिप्लोमेसी यानी बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकलेगा। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि ऐसे हालातों में जहां तक भारत का प्रश्न है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस करिश्माई तरीके से देश का मस्तक दुनिया में ऊंचा किया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। पहले अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता था तो जितना लिया जाना चाहिए था, उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता था लेकिन आज भारत अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नंदा देवी मंदिर की प्रतिकृति भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### खाद्य संकट संभव, पीएम का करें समर्थन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, इस संकट की घड़ी में जब दुनिया में युद्ध चल रहा है, हो सकता है कि ऊर्जा व खाद्य का संकट पैदा हो जाए। दुनिया का कोई भी देश इस संकट की घड़ी में प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। हो सकता है उस संकट से भारत भी प्रभावित हो लेकिन, अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी योग्यता, क्षमता और सूझबूझ के आधार पर भारत को ऐसे संकट में कभी नहीं फंसने दिया।भविष्य में क्या होगा, इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता है।

### कांग्रेस हारती है तो कहती है ईवीएम में गड़बड़ी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जब कांग्रेस के लोग हारते हैं या उन्हें लगता है कि हार होने वाली है, तब कहते हैं कि ईवीएम में गड़बड़ी की गई है। चुनाव आयोग ने गड़बड़ियां की है। अब इस समय एसआईआर चल रहा है। कई राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, तो कहा जा रहा है कि वोट काटे जा रहे हैं। जब विपक्ष से पूछा जाता है कि घुसपैठियों का नाम मतदाता सूची में नाम क्यों होना चाहिए लेकिन कांग्रेस चुप्पी साध लेती है।

### भारत आज आत्मसम्मान के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर: धामी

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। इससे पूर्व देश की राजनीति में केवल घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार, कुशासन की चर्चा हुआ करती थी। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि एक दब्बू, पिछलग्गू और कमजोर राष्ट्र के रूप में थी लेकिन वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के आत्मबल, गौरव, आत्मसम्मान व राष्ट्रीयता की भावना के पुनर्जागरण का कालखंड प्रारंभ हुआ जिससे भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति के साथ विकास के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# पंजाब : आप के मंत्री की प्रताड़ना से तंग अफसर ने की आत्महत्या

चंडीगढ़, एजेंसी

• आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगने के बाद मंत्री लालजीत भुल्लर ने दिया इस्तीफा

पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री की प्रताड़ता से आकर एक विभागीय अफसर ने आत्महत्या कर ली। अपने ऊपर आरोप लगने के बाद कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने शनिवार को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। सीएम भगवंत मान ने अमृतसर में राज्य भंडारण निगम के अधिकारी द्वारा आत्महत्या करने के बाद भुल्लर से पद छोड़ने को कहा था। भुल्लर पर अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

अमृतसर में पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शुक्रवार को कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। सोशल मीडिया पर शनिवार को एक असत्यापित वीडियो सामने आया, जिसमें पट्टी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे रंधावा को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्होंने जहर खा लिया है और परिवहन मंत्री पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

रंधावा को वीडियो में यह कहते सुना गया, तुम्हारे दोस्त ने सल्फास खा लिया है, मंत्री लालजीत भुल्लर के डर से। अब मैं नहीं बचूंगा। तरनतारन के पट्टी से विधायक भुल्लर ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है।

### राज्यसभा में सीएपीएफ से संबंधित विधेयक को कल पेश करेंगे शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पेश करेंगे जिसका उद्देश्य सीएपीएफ अधिकारियों की भर्ती, प्रतिनियुक्ति और पदोन्नति को विनियमित करना है। सभी सीएपीएफ -सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी अपने-अपने अधिनियमों द्वारा संचालित होते हैं।

### गोरक्षक फरसा वाले बाबा की मौत पर मथुरा में बवाल

• आक्रोशित भीड़ ने राजमार्ग जाम किया

**मथुरा।** मथुरा में शनिवार तड़के हरियाणा बॉर्डर के समीप 'फरसा वाले बाबा' के नाम से मशहूर गौरक्षक बाबा चंद्रशेखर की राजमार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से आक्रोशित भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियों पर पथराव भी किया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और फिर आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बाबा कोटवन बॉर्डर क्षेत्र में नबीपुर के समीप गोवंश से लदे एक ट्रक को रोकने का प्रयास कर रहे थे कि तभी गौ-तस्करों ने उन्हें कुचल दिया।

# उन्नाव के पर्यटकों की कार खाई में गिरी, दो की मौत

संवाददाता, नैनीताल

• गेठिया में हुआ हादसा, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार:** समीपवर्ती गेठिया क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में उन्नाव से घूमने आए चार पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के पीताम्बर नगर निवासी अंकित चौधरी अपने दोस्तों अभिराज, अतुल दुबे और श्याम के साथ वाहन संख्या यूपी 78 एसजे 4936 से जागेश्वर धाम घूमने जा रहे थे। शनिवार सुबह हल्द्वानी से आगे बढ़ते हुए जैसे ही उनकी कार गेठिया क्षेत्र में पहुंची, अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के दौरान वाहन गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

संयुक्त टीमों ने गहरी खाई में उतरकर क्षतिग्रस्त वाहन के नीचे दबे पर्यटकों को कड़ी मेहनत के बाद बाहर निकाला। इस दौरान अंकित चौधरी और अभिराज को मृत अवस्था में पाया गया, जबकि अतुल दुबे और श्याम गंभीर रूप से घायल मिले, जिन्हें हल्द्वानी एसटीएच में भर्ती कराया गया।

(संबंधित पेज-5)

फोन पर चर्चा

प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं

# ईरानी राष्ट्रपति से मोदी बोले- समुद्री मार्ग खुले और सुरक्षित रहने चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी



• क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की। उन्होंने नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि जहाजरानी मार्ग खुले और सुरक्षित रहें।

ईरान के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि त्योहार का यह मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाए। प्रधानमंत्री ने ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ईरान के निरंतर समर्थन की भी सराहना की। मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच टेलीफोन पर यह दूसरी बातचीत थी। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने 12 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी को ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी और क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में उभर रही सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत के इस रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने अपने पड़ोसी देशों और इजराइल को निशाना बनाया। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को भी नियंत्रित करता है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री परिवहन मार्ग है। इसके माध्यम से विश्व के 20 प्रतिशत ऊर्जा उत्पादों का परिवहन होता है।

संघर्ष के बाद से, ईरान ने बहुत कम जहाजों को इससे गुजरने की अनुमति दी है। संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी ने कई देशों के नेताओं से भी बात की है। इनमें सऊदी अरब, यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, फ्रांस और मलेशिया के नेता शामिल हैं।

### यूएई ने कहा- भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत को आश्वस्त किया है कि खाड़ी देश में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा उसकी प्राथमिकता है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और ईरान के हमलों के बीच यूएई ने कहा कि वहां रहने वाले भारतीय सुरक्षित हैं और उनके साथ परिवार की तरह व्यवहार किया जाता है। भारत में यूएई के राजदूत अब्दुलनसीर अलशाली ने भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का सह-प्रायोजक बनने के फैसले की सराहना की। अलशाली ने कहा, यूएई में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। वे सुरक्षित हैं और उन्हें परिवार की तरह माना जाता है। ठीक उसी तरह जैसे देश में शांति और सौहार्द के साथ रहने वाले 200 अन्य देशों के लोगों का भी सम्मान किया जाता है। अलशाली ने बताया कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान ने अस्पताल में भर्ती पांच घायलों-दो अमीराती, एक भारतीय, एक सूडानी और एक ईरानी से मुलाकात की और कहा कि वे सभी हमारी जिम्मेदारी हैं। अलशाली ने कहा कि यूएई में करीब 40 लाख भारतीय रहते हैं।

**स्टेट ब्रीफ**

### हल्द्वानी सिख समाज ने किया प्रतिभाग

**हल्द्वानी :** भाजपा की जनसभा में हल्द्वानी सिख समाज ने भी प्रतिभाग किया। विशेष रूप से किसान नेता प्रताप सिंह सिद्धू, अमरजीत सिंह बोपाराय, हरजीत सिंह सच्चर, दलजीत सिंह चड्ढा, बबलू कुकरेजा, काठगोदाम गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार सुरजीत सिंह चड्ढा आदि जनसभा में शामिल हुए।

### गिरी कार, हादसा बचा

**हरिद्वार :** बहादराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीपुर झाल के समीप शनिवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। हरियाणा नंबर की एक कार पशु बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर हाईवे से फिसलकर नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार महिला और पुरुष बाल-बाल बच गए, कार महिला चला रही थी। लोगों ने कार में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकालने में मदद की।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धाकड़ के बाद धुरंधर बताया, कहा- सीएम ने किया है धुआंधार काम**

# पहले फायर फिर धाकड़ अब धुरंधर बन गए धामी:रक्षा मंत्री

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** फायर पुष्कर, फिर धाकड़ धामी के बाद अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड की राजनीति के 'धुरंधर' बन गए हैं। उन्होंने हिमालयी राज्य की सियासी पिच पर बल्लेबाजी करते हुए 'डायलॉग और डिप्लोमेसी' के ऐसे चौके-छक्के लगाए कि विपक्ष और भाजपा में ही उनके विरोध 'रिटायर्ड हर्ट' हो गए हैं। इसी के साथ ही 'कप्तान' बदले जाने की सारी अटकलों पर भी विराम लग गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को एमबी इंटर कॉलेज मैदान में हुई जनसभा में 36 मिनट 41 सेकेंड के संबोधन में छत्तीस बार ही सीएम धामी का नाम लिया और उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने शुरुआत में बताया कि पिछले विस चुनाव के दौरान ही कहा था कि उत्तराखंड में पुष्कर धामी के नेतृत्व में ही भाजपा जीतेगी, हुआ भी यही और भाजपा ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया।



पंतनगर एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि एक चुनावी सभा में मैंने कहा था कि पुष्कर धामी साधारण धामी नहीं है, यह हमारा धाकड़ धामी है। अब पुष्कर धामी ने जो भाषण दिया और चार वर्षों की उपलब्धियां गिनाई हैं तो इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि उन्हें केवल धाकड़ धामी नहीं कहा जाना चाहिए बल्कि 'धुरंधर धामी' कहा जाना चाहिए। धुआंधार काम किया है। कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि उत्तराखंड की कोई सरकार इतनी तेजी के साथ छोटे से राज्य में काम कर पाएगी। कई मामलों में उत्तराखंड ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

रक्षा मंत्री ने सीएम की पीठ थपथपाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल के चार वर्ष का कार्यकाल साधारण नहीं है, यह उत्तराखंड के राजनैतिक इतिहास का साधारण नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण अध्याय है। पुष्कर सिंह धामी राज्य छठें सीएम हैं, चार वर्ष में उन्होंने चौका मारा है लेकिन छह वर्ष पूरे होने के बाद उत्तराखंड की राजनीति में छक्का मारने में भी कामयाब होंगे।

रक्षा मंत्री का मंच पर दिए इस बयान ने धामी को धाकड़ से धुरंधर बना दिया है। इधर, मुख्यमंत्री धामी ने भी चाहे वह अंकिता भंडारी हत्याकांड हो, अपनों में नाराजगी हो या अन्य व राजनीतिक संकट, अपनी सूझबूझ से पॉलिटिकल डैमेज को अवसर में ही बदला। राज्य में पिछले एक माह से सियासी उथल-पुथल की हलचलें बहुत तेज थीं, जो कि अब पूरी तरह ठंडी हो चुकी है। वहीं, कैबिनेट विस्तार में गढ़वाल, तराई, पर्वतीय का संतुलन बनाकर उन्होंने रक्षा मंत्री के दो तिहाई मंत्र को भी साध दिया है।

## सीएम धामी ने किया एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री का स्वागत

**रुद्रपुरः** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पंतनगर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री को उत्तराखंड की संस्कृति की पहचान पारंपरिक टोपी भी पहनाई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने भी पुष्प भेंट कर केंद्रीय रक्षा मंत्री का स्वागत किया। अल्प विश्राम के बाद केंद्रीय रक्षा मंत्री हेलीकॉप्टर से हल्द्वानी के लिए रवाना हो गए।

# भाजपा की हैट्रिक का खाका खींच गए राजनाथ

**हल्द्वानी में गरजे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में देवभूमि के हर पहलू को समेटा**

- **मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में होने जा रहा 2027 के विस का रण**
- **धामी पर जताया पूरा भरोसा, जमकर की कार्यों की सराहना**

अमित शर्मा, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में होने जा रहे 2027 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक का केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हल्द्वानी से खाका खींच गए। गरजते हुए घोषणा भी की कि, उन्हें मुख्यमंत्री धामी पर पूर्ण विश्वास है कि कोई भी ताकत भाजपा को सत्ता में आने से नहीं रोक सकती।

दो दिनों में सामने आए समीकरणों से अब साफतौर पर समझा जा सकता है कि शुक्रवार को जहां बहुप्रतिक्षित कैबिनेट विस्तार ने मुख्यमंत्री धामी के सियासी कद को नई ऊंचाईयां दी हैं। वहीं, अपने मंझे हुए चुनावी प्रबंधन को बखूबी साबित करने वाले मुख्यमंत्री धामी को शनिवार को रक्षा मंत्री से सरकार चलाने में अव्वल नंबर मिलने पर 27 के रण के लिए नई ऊर्जा मिली है। धामी सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हल्द्वानी में आयोजित जनसभा में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय से की। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कर्मठ और क्रियाशील बताते हुए संबोधन के अंत तक उनकी कार्यशैली की भरपूर सराहना की। कहा कि, चार साल में उन्होंने चौके मारे हैं और अब छक्के मारेंगे, जो उनके आगामी चुनाव के नेतृत्व का स्पष्ट संदेश भी है।



हल्द्वानी में आयोजित विशाल जनसभा के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

जिस तरह से ईमानदारी, पारदर्शिता और कुशलता किसी भी व्यक्ति या शासन की सफलता के मुख्य स्तंभ होते हैं। ईमानदारी (सत्यनिष्ठा) नैतिक आचरण है, पारदर्शिता स्पष्ट संचार और निष्पक्षता सुनिश्चित करती है और कुशलता सीमित संसाधनों के प्रभावी उपयोग से बेहतर परिणाम लाती है, जो जन विश्वास और विकास का आधार बनते हैं। उसी तरह से राजनाथ सिंह ने सीएम धामी की सराहना करते कहा कि वे इस छोटे से राज्य की इतनी बड़ी प्रगति देखकर काफी खुश हैं। उन्होंने उत्तराखंड में चल रहे हर घटनाक्रम से लेकर विकास परियोजनाओं से जुड़े हर पहलू को करीब से छुआ। कठोर कानूनों को सरलता से लागू करने पर मुख्यमंत्री की पीठ भी थपथपाई।

### कांग्रेस की खिंचाई करने से नहीं चूके

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह अपने संबोधन में कांग्रेस की बेहद सधे अंदाज में खिंचाई करने से नहीं चूके। ईवीएम, एसआईआर, ईडी, संवैधानिक संस्थाओं के विरोध को लेकर उन्होंने तंज कसा कि, कांग्रेस का हर मुद्दे पर नकारात्मक रुख रहता है। उन्होंने कांग्रेस को ईमानदार बनने और आत्मंथन करने की भी सलाह दी।

### दो तिहाई बहुमत का प्रचंड विश्वास

केंद्रीय मंत्री राजनाथ ने कहा कि, वे यहां के लोगों के स्वभाव से परिचित हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री होते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री धामी के कार्यकाल की तारीफ कर बड़ा संदेश भी दिया। इसके लिए उन्होंने नकल विरोधी कानून, सख्त भू कानून, मदरसा बोर्ड समाप्त करने से लेकर समान नागरिक संहिता को लागू करने के उदाहरण देकर इन्हें राज्य और देश के लिए ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री धामी को 'धाकड़ धामी' से आगे बढ़कर 'धुरंधर धामी' उपनाम देने वाले राजनाथ सिंह ने ही इससे पहले उन्हें कुमाऊं में ही उस समय की चर्चित फिल्म पुष्पा के फेमस डॉयलाग से जोड़ा था तो इस बार भी कुमाऊं में ही इस समय की चर्चित फिल्म धुरंधर से सीधे तौर पर जोड़ दिया। कहा कि, उन्हें प्रचंड विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा दो तिहाई बहुमत से जीतेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देवभूमि के लोगों के स्वभाव को सौम्य से लेकर जरूरत पड़ने पर पर्वत की अटलता बताकर हर पहाड़वासी की प्रशंसा की। देवभूमि से लेकर वीर भूमि और योग भूमि बताकर यहां महिला सशक्तिकरण की भी जमकर तारीफ की।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी सरकार की विकास उपलब्धियों से भरे चार साल पूरे होने के अवसर पर हल्द्वानी में जनसभा को संबोधित किया। संबोधन पूरा होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोशीला भाषण देने पर उनकी पीठ थपथपायी। ● अमृत विचार

# जब पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी कह कर दिलाया जोश

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में उत्तराखंड सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिनवाने के साथ चुनावी शंखनाद भी कर दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम धामी ने चार वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए हैं तो भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे हुए हैं। इन नौ वर्षों में उत्तराखंड में जितनी तेजी से विकास हुआ है, यह किसी ने कल्पना नहीं की थी कि उत्तराखंड एक छोटा सा राज्य जहां संसाधन, धन का अभाव है वह आगे बढ़ पाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि, तपोभूमि के साथ वीरभूमि है। यह जब भी देश की सीमाओं की सुरक्षा की बात आती है, उत्तराखंड के भाई बहन बलिदान में भी पीछे नहीं रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन मंजूर की है। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि, पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी पहाड़ और देश के लिए काम आना चाहिए। उन्होंने डबल इंजन सरकार के कार्यों की जमकर तारीफ की।

### हल्द्वानी में पहले नहीं उमड़ी इतनी भीड़

रक्षा मंत्री ने कहा कि, हल्द्वानी में आज जो भीड़ उमड़ी है इससे पहले कभी नहीं देखी गई है। उन्हें विश्वास है कि भाजपा के नेतृत्व में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि देश के सामने आदर्श राज्य के रूप में उत्तराखंड ने खुद को प्रस्तुत किया है। जनता से आह्वान किया कि इससे भी बेहतर राज्य बनाना चाहते हैं तो भाजपा को भरपूर समर्थन प्राप्त होना चाहिए।


# यादें ताजा कर देवभूमि के लोगों से जोड़ा रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य आंदोलन की यादों को साझा करते हुए देवभूमिवासियों से रिश्ता जोड़ा। अपनी खुशी व दर्द भी साझा किया।

कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी जब भारत के प्रधानमंत्री थे, वर्ष 2000 में इसका गठन हुआ था। तब वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही उत्तर प्रदेश का विभाजन हुआ था और उत्तराखंड जैसे एक नए राज्य का सृजन हुआ था। वह 10-12 दिन के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री भी रहे हैं।

वह उत्तराखंडवासियों के स्वभाव से भली भांति परिचित हैं क्योंकि उन्होंने लंबे समय तक उत्तराखंड में काम किया। उत्तराखंड के लोगों की सौम्यता और पर्वत सी अटलता हिन्दुस्तान के किसी भी राज्य में देखने को नहीं मिलती है। यह देवभूमि आस्था, अध्यात्म और हमदर्द की भूमि है यहां की पवित्र धरती और यहां का कण-कण अध्यात्मिक चेतना को एक नई ऊर्जा देने का काम करता है।



संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# सड़क पर सुरक्षा चुस्त, पंडाल में बिगड़ी व्यवस्था

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शहर आने से दो दिन पहले तक पुलिस ने सुरक्षा को लेकर तमाम रणनीति बनाई। यह रणनीति सड़क पर तो प्रभावी दिखी, लेकिन एमबी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में व्यवस्थाएं चरमा गईं। लोग सुरक्षा घेरा तोड़ कर डी तक पहुंच गए। खास बात तो यह है कि डी पर तैनात सुरक्षा कर्मी भी अपनी ड्यूटी को याद नहीं रख सके।

रक्षा मंत्री के पहुंचने से पहले ही नैनीताल रोड पर तिकोनिया से कार्यक्रम स्थल तक के बीच जीरो जोन बना दिया गया था। इस मार्ग पर सिर्फ वीवीआईपी काफिला था। वापसी के वक्त भी यही व्यवस्था थी, लेकिन पंडाल में जाने वाले लोगों को चेहरा देख कर ढील दी गई। पंडाल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग गेट थे, लेकिन मीडिया गैलरी से ऐसे तमाम लोगों को पंडाल में जाने दिया गया, जिन्हें यहां से जाने की इजाजत नहीं थी। यह सभी लोग राजनीतिक व्यक्ति थे और पुलिस ने चेहरा देख कर इनके लिए नियम तोड़ दिए।




सुरक्षा डी के तीन घेरे बनाए गए थे। इस घेरे के बाद वीआईपी के बैठने की व्यवस्था थी और इन्हें भी वीआईपी स्थल तक पहुंचने के लिए पास जारी किए गए थे। इस वीआईपी गैलरी के बाद आम लोगों के बैठने के व्यवस्था थी, लेकिन यह व्यवस्था कुछ ही देर में पटरी से उतर गई। पुलिस का सख्त सुरक्षा घेरा तोड़ कर लोग नारेबाजी करते हुए डी तक पहुंच गए। सुरक्षा डी के अंदर और बाहर पुलिस के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

मंच के सबसे नजदीक हथियारबंद ब्लैक कमांडों की ड्यूटी थी। इसके बाहर भी तमाम सुरक्षा कर्मी और पुलिस के कर्मी थी। यहां ड्यूटी पर लगी एक महिला इंस्पेक्टर की ड्यूटी भी भीड़ पर नजर रखने की थी, लेकिन उसका ध्यान मंच की ओर था। विशेष सुरक्षा कर्मी इस महिला इंस्पेक्टर पर नजर रखे हुए थे और जब उसका ध्यान लगातार भटकता देखा तो इंस्पेक्टर को उनकी ड्यूटी याद दिलाई गई।

# ट्रैफिक डायवर्ट होने से परेशान ही रही जनता

संवाददाता, हल्द्वानी

- **रक्षा मंत्री के हल्द्वानी में आने-जाने के दौरान रोका गया ट्रैफिक**
- **दोपहिया वाहन चालकों को हुई सबसे ज्यादा परेशानी**

**अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर किए गए ट्रैफिक डायवर्जन के चलते आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा। राजनाथ सिंह के शहर में पहुंचने से ठीक पहले और कार्यक्रम समाप्त होने पर वापस आर्मी हैलीपेड जाने तक ट्रैफिक रोक दिया गया।

इस दौरान ट्रैफिक में फंसे आम जनता को दिक्कतें हुईं। जाम में फंसे कई लोगों ने बताया कि उन्हें जरूरी काम से जल्दी जाना था, लेकिन ट्रैफिक बंद किए जाने के कारण देरी हो गई। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हुई, जिनमें महिलाएं और बच्चे सवार थे। इस दौरान शहर के पनचक्की निवासी एक कपल अपने छोटे बच्चे को नैनीताल रोड स्थित एक प्राइवेट क्लिनिक में दिखाने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि जाम में फंसने के डर से वह निजी वाहन के बजाय रैपिडो से क्लिनिक पहुंचे थे। लेकिन वापसी में करीब आधे घंटे तक ट्रैफिक रोके जाने के कारण रैपिडो व अन्य सार्वजनिक वाहन नहीं मिल रहा है। इस दौरान वह सड़क किनारे खड़े होकर ट्रैफिक खोले जाने का इंतजार करते हुए दिखाई दिए।

**पलटवार** | **कांग्रेस की टिप्पणियों पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने किया पलटवार**

# भाजपा में आकर सब हमारे, कांग्रेस अपनों को भी न स्वीकारे

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भाजपा संगठन ने स्पष्ट किया है कि इस एक वर्ष के महत्वपूर्ण अंतराल में सरकार अधिक क्षमता और गति से शेष सभी विकास एवं कल्याण कार्यों को पूरा करने जा रही है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कांग्रेसी टिप्पणियों पर शनिवार को पलटवार किया कि भाजपा में आकर तो सब हमारे हो जाते हैं, लेकिन अफसोस कांग्रेस तो अपनों को भी नहीं स्वीकारती है इसीलिए जनता कांग्रेस को नकारती है। वहीं, उम्मीद जताई कि सरकार ने विकास की दृष्टि से बड़ा स्कोर बना लिया है, अब अंतिम वर्ष के स्लॉग ओवर में भी योजनाओं के पावर शॉट लगाए जाएंगे।

कहा कि, केंद्रीय नेतृत्व की सहमति से हुआ मंत्रिमंडल विस्तार कार्यकर्ताओं की भावनाओं और जनता की अपेक्षा के अनुरूप है। मुख्यमंत्री द्वारा गढ़वाल, कुमाऊं, मैदानी क्षेत्रों से लेकर लेकर समाज के सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया। जो पार्टी के 'सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास' की वैचारिक सिद्धांतों के अनुकूल है। मंत्रिमंडल विस्तार से प्रदेश की जनता और कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है।

जो नाखुश है वो विपक्ष है

पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि, कैबिनेट विस्तार से जो खुश नहीं है वो है विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पार्टी, जिनमें सबसे अधिक कौतूहलता थी मंत्रिमंडल को लेकर।

उन्होंने कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे अजीबोगरीब सवालों पर तंज कसते हुए कहा, संगठन के अंदर भी अपना-पराया, गुटबाजी, ये सब कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी सच्चाई है। वहां तो लोग अपने प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी और पदाधिकारियों को ही कुछ नहीं मानते हैं जबकि भाजपा कैडर आधारित पार्टी है, जिसमें प्रत्येक को एकसमान भाव और कार्यदृष्टि के अनुशार स्वीकारा जाता है और जिम्मेदारी दी जाती है। यहां स्पष्ट है, जिसने पार्टी के वैचारिक सिद्धांतों और कार्यप्रणाली को अपना लिया वो भाजपा का अपना है।

**अभी भी कांग्रेस में होने की गलतफहमी...**

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस पार्टी, संगठन की भावना से पूरी तरह अछूती और अपने पराए के विचारों से ग्रसित है। वहां केवल एक ही व्यक्ति अपना होता है जो उनके गांधी परिवार की जी हजूरी करे। यही फर्क है कांग्रेस और भाजपा में कि हम सबको स्वीकार कर अपना मान लेते हैं और कांग्रेस पार्टी अपनों को भी नहीं अपनाती है इसीलिए भाजपा के मंत्रिमंडल में उन्हें अभी भी कांग्रेस में होने की गलतफहमी होती है जबकि भाजपा में आकर सभी पार्टी के सिद्धांतों एवं विचारों के अनुसार राष्ट्र सेवा में कार्य के लिए समर्पित होकर कार्य करते हैं। मंत्री की भूमिका भी ऐसे ही एक दायित्व की भांति है, जिसे कार्यकर्ता की क्षमता और कार्यानुकूलता के अनुसार ही सौंपा जाता है। कांग्रेस या किसी अन्य विपक्षी पार्टी के लिए ऐसा करना तो दूर समझना भी असंभव है। कहा कि विपक्ष को एक वर्ष का समय कम लगता हो लेकिन भाजपा समय का प्रत्येक क्षण और शरीर के एक एक कण का उपयोग करने की मंशा से काम करती है।

# पर्वतीय जिलों में भारी हिमपात की संभावना

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मौसम विभाग ने शनिवार से रविवार शाम पांच बजे तक पर्वतीय जिलों के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात और हिमस्खलन की संभावना जताई है।


राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बर्फबारी और हिमस्खलन की संभावनाओं को देखते हुए उत्तरकाशी चमोली और पिथौरागढ़ जिलों को खतरे का स्तर तीन में रखा है जबकि बागेश्वर और रुद्रप्रयाग जिलों को एक में रखा है। इन जिलों के जिलाधिकारियों को बताया गया है कि क्षेत्रों में अधिक हिमपात होने की दशा में हिमस्खलन का खतरा हो सकता है। ऐसे में देहरादून के राज्य आपदा परिचालन केंद्र ने इन क्षेत्रों में जन सामान्य के लिए कुछ सावधानी बरतने की सलाह दी है जिसमें बताया गया है कि दिन और रात दोनों में अपने नजदीकी क्षेत्र में गिर रही बर्फ या फिर हिमस्खलन की जानकारी लेते रहें। हिमस्खलन या बर्फ गिरने की दशा में बर्फ वाले क्षेत्रों में अति आवश्यक होने पर ही आवागमन करें अन्यथा आवागमन करने से बचें।

यह भी सलाह दी गई है कि हिमस्खलन या बर्फ गिरने के दौरान अपने घरों या अस्थाई आवासों गौशालाओं की छतों पर अधिक बर्फ नहीं जमा होने दें और इस समय-समय पर साफ करते रहें। बर्फीले क्षेत्रों में आवागमन के दौरान बर्फ के फिसलने पर नजर बनाए रखें।

## गैस सिलेंडर न मिलने की व्यथा बताई

**हल्द्वानी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के पहुंचने का सिलसिला सुबह 10 बजे से ही शुरू हो गया था। रक्षा मंत्री के कार्यक्रम स्थल एमबी इंटर कॉलेज पहुंचने के बाद भी इन महिलाओं का आना जारी रहा। शहर के अलावा दूर ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं कार्यक्रम में पहुंची थीं। सुबह से ही महिलाएं लाइन में लग गईं थी और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने तक लाइन में खड़ी रहीं। इस दौरान कई महिलाओं ने इस समय चल रहे सिलेंडर के संकट के बारे में बताया कि घर-परिवार में मजबूरी के बावजूद उन्हें कार्यक्रम में बुलाया गया है। कहना था कि उनके घर में खाना पकाने के लिए सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

## चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्माण्डा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।
**बीज मंत्र... माँ कूष्मांडा: ऐं ह्री देव्यै नम:**

### शहर से लगे बेरीपड़ाव स्थित अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर में नवरात्र पर उमड़ती है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# मां महालक्ष्मी के 18 हाथों में छिपा है समृद्धि का आशीर्वाद

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** शहर के बेरीपड़ाव क्षेत्र में स्थित अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यह उत्तर भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां 18 भुजाओं वाली मां महालक्ष्मी की दिव्य प्रतिमा विराजमान है।

मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था देखने को मिलती है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से यहां पूजा-अर्चना करता है, मां महालक्ष्मी उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं और उसके जीवन में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती। नवरात्रि, दीपावली और अन्य शुभ अवसरों पर यहां विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं।

नवरात्रि के दौरान श्रीमद्देवीभागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन होता है, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की कथा का विस्तार से वर्णन किया जाता है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी तांता लगा रहता है। कुमाऊं मंडल में यह एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां मां लक्ष्मी के सभी नौ रूपों के साथ अष्टादशभुजा स्वरूप की पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र में यहां विशेष रौनक देखने को मिलती है और भक्त मां के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। मंदिर की नींव वर्ष 2004 में भूमि पूजन के साथ रखी गई थी, जबकि मंदिर और आश्रम का निर्माण 2005-2006 के दौरान पूरा हुआ। इसके बाद 20 अप्रैल 2007 को मां महालक्ष्मी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। सफेद रंग के तीन भव्य गुंबदों से सुसज्जित यह मंदिर अपनी वास्तुकला के लिए भी प्रसिद्ध है।

### तीन श्वेत गुंबद लगाते हैं मंदिर की शोभा में चार चांद

**हल्द्वानी :** इस मंदिर की शोभा पर यहां बनाए गए तीन गुंबद चार चांद लगाते हैं। हाईवे किनारे इस मंदिर पर जिसकी भी नजर पड़ती है। वह रूककर मां को प्रणाम जरूर करते हैं। इस मंदिर के खासियत यह है कि यहां पर पूजा करने से भक्तों को एक अलग दिव्य आत्मिक शांति का अनुभव होता है। यह मंदिर देवी लक्ष्मी के सबसे बड़े मंदिरों में से एक है। मान्यता है कि मां की पूजा जो भी भक्त सच्चे मन से करते हैं उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

नवरात्र उत्सव आस्था अमृत विचार

# श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा कर मांगी मन्नत

संवाददाता, हल्द्वानी

- **तीसरे नवरात्र पर मंदिरों में जाकर लोगों ने किए माता के दर्शन**
- **शहर व आसपास के मंदिरों में सुबह से ही रही भक्तों की भीड़**

**अमृत विचारः** नवरात्र के मौके पर शनिवार को शहर के प्रमुख मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तिमय माहौल देखने को मिला। हल्द्वानी के प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिरों में सुबह की पहली आरती से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और बड़ी संख्या में लोगों ने आस्था के साथ दर्शन-पूजन किया।

काठगोदाम स्थित शीतला देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने कतार में लगकर माता के दर्शन किए। वहीं, पौराणिक और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध कालीचौड़ मंदिर में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में विशेष आरती, भजन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। इसके अलावा कालीचौड़, कठघरिया स्थित हैड़ाखान मंदिर तथा फतेहपुर में चारधाम मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालु उमड़े।

## झलकियां

### मिनट टू मिनट

**12:55 बजे** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम स्थल पहुंचे और अग्निवीरों से मिले।

**01:04 बजे** रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे और जनता का अभिवादन किया।

**01:24 बजे** मुख्यमंत्री धामी ने संबोधन शुरू किया और लगभग 21 मिनट तक संबोधित किया।

**01:46 बजे** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधन शुरू किया, उन्होंने लगभग 36 मिनट 41 सेकेंड तक केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही वैश्विक संकट का जिक्र करते हुए विपक्ष पर हमला किया।

**02:22 बजे** सभी ने सभी अतिथियों ने मंच से जनता का अभिवादन किया।

**02:25 बजे** रक्षा मंत्री ने राज्य सरकार की ओर से लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**02:45 बजे** लगभग रक्षा मंत्री कार्यक्रम स्थल से हेलीपैड के लिए रवाना हुए।


### कार्यक्रम स्थल में एंट्री न मिलने से लौटे कई लोग

**हल्द्वानी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद आम जनता सहित पार्टी कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पहुंचे। लेकिन पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कई लोगों को कार्यक्रम स्थल में एंट्री नहीं मिली। जबकि भाजपा के कई स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल में सबसे आगे जगह नहीं मिलने के कारण परेशान रहे। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने कार्यक्रम स्थल में बैरिकेडिंग व गेट बंद कर एंट्री बंद कर दी। इस कारण कई लोगों को निराश लौटना पड़ा। जबकि कई लोग कार्यक्रम समाप्त होने तक कार्यक्रम स्थल के बाहर एंट्री मिलने का इंतजार करते रहे। इस दौरान कार्यक्रम समाप्त होने तक बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क किनारे अन्य महिला साथियों का इंतजार करती रहीं।

# उत्तराखंड को विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता है: राजनाथ

### रक्षा मंत्री ने धामी सरकार की योजनाओं और कार्यशैली की सराहना की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की विकास योजनाओं, कार्यशैली पर मुहर लगायी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आज विकास के रास्ते पर तेजी से कदम बढ़ा चुका है, इसे विकसित राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता है। छोटे से हिमालयी राज्य में दो लाख करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है जो इसकी बानगी है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य में जहां वर्ष 2009 से 2014 के बीच रेलवे में औसतन 187 करोड़ रुपया खर्च होता था, अब बढ़कर 4500 करोड़ तक पहुंच गया है। ऋषिप्रयाग-कर्णप्रयाग, दिल्ली-दून एक्सप्रेस वे, गौरी कुंड, केदारनाथ, हेमकुंट साहिब रोपवे का शिलान्यास हो चुका है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तराखंड को विकास के रास्ते पर जितना आगे बढ़ाया है, उसकी जितनी सराहना की जाए कम है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड नारी शक्ति की पावन भूमि है। यहां रानी कर्णावती जैसी वीरांगनाएं, गौरा देवी जैसी प्रकृति की रक्षा करने वाली, बछेंद्री पाल, पदम श्री बसंती देवी व वंदना कटारिया जैसी बेटियों ने उत्तराखंड का नाम देश में ही नहीं सारी दुनिया में रोशन किया है। उत्तराखंड से सरकारी नौकरियों, चुनाव में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। 19500 करोड़ का जेंडर बजट पेश किया है जो पिछले बार की अपेक्षा 2700 करोड़ से अधिक है।


### उत्तराखंड में अवैध घुसपैठ करने वालों के लिए जगह नहीं

राजनाथ सिंह के मुताबिक, यह सीएम धामी की महिला सशक्तिकरण की सोच को दर्शाता है। यहां से महिला सशक्तिकरण का संदेश सारे देश को जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भारतीय जनसंघ से राजनीतिक यात्रा शुरू की तब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय कहते थे कि संसद में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद सरका गठन पर यूनिफार्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) लागू करेंगे। उत्तराखंड की सीएम धामी सरकार ने देश में सर्वप्रथम यूसीसी लागू कर सभी राज्यों में अव्वल स्थान पर ही है। यह सीएम की साहसिक व सूझबूझ का कदम है। वैसे भी देवभूमि आस्था व संस्कृति का केंद्र है, इसे सुरक्षित रखना व पवित्रता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा, धामी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उत्तराखंड में अवैध घुसपैठ करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं है। कोई बाहर से आकर बसना चाहता है तो आपत्ति नहीं है लेकिन गैर कानूनी तरीके से आकर जहां-तहां नहीं बस सकता।

# वैश्विक समस्या के हल को भारत की ओर देखते हैं सभी देश: धामी

### सीएम बोले, पीएम मोदी के नेतृत्व में सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा भारत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा में कहा कि हम वैश्विक मंचों पर एक सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में पहचान बना रहे हैं। नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को साकार करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया जा रहा है। आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनकर बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभर रहा है। दुनिया के सभी देश किसी भी वैश्विक समस्या के समाधान के लिए भारत की ओर आस से देखते हैं।

कश्मीर से धारा 370, तीन तलाक, वक्फ-नागरिक संहिता संशोधन जैसे कानूनों के माध्यम से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। अंत्योदय को पूरा करने के लिए उज्जवला, आयुष्मान, जनधन, पीएम आवास जैसी कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है। पहले गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे। उनके समय के एक प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं तो लोगों के पास पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा रह जाता है लेकिन आज रुपया सीधे बैंक खाते में भेजा जाता है कोई बिचौलिया उन पर डाका नहीं डाल सकता है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि भारत जड़ों से जुड़ते हुए विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सनातन का उद्घोष पूरे विश्व में गूंज रहा है। अयोध्या, काशी-उज्जैन कॉरिडोर, केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण, आदि कैलास व धार्मिक धरोहरों को संवारा जा रहा है।

### भारत रक्षा उपकरण निर्यात करने वाले शीर्ष देशों में

सीएम धामी ने विपक्ष का नाम लिए बिना कहा कि विपक्षियों को सनातन संस्कृति से कोई सरोकार नहीं है इन्हें वक्फ संपत्ति के नाम पर लूट वाजिब लगती है लेकिन अयोध्या में रामलला का मंदिर अच्छा नहीं लगता है। ये वही लोग जिन्होंने राम मंदिर बनने से रोकने के लिए ताकत लगाई। आज भारत रक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां कमा रहा है। तीनों सेनाओं को आधुनिक हथियार और तकनीकी से सुसज्जित किया जारहा है। एक समय था जब लड़ाई होती थी छोटे उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था। आज भारत रक्षा उपकरण निर्यात करने वाले शीर्ष देशों में है। नया भारत दुश्मनों की नापाक हरकत का जवाब देना और जरूरत पड़ने पर घर में घुसकर मारना भी जानता है जबकि कांग्रेस का समय का भारत नहीं है जो ऐसे कृत्यों की निंदा करता और हर जगह गुहार लगाता था। कांग्रेस के समय सैनिकों को गोली चलाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती थी लेकिन आज ऐसा नहीं है।



रक्षामंत्री के हल्द्वानी आगमनके दौरान नैनीताल रोड पर झूमते छोलिया कलाकार व महिलाएं। ● अमृत विचार



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के स्वागत के लिए कुमाऊंनी वेशभूषा में खड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

### फ्लीट के पहुंचते ही लोकगीतों पर थिरकीं महिलाएं

**हल्द्वानी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की फ्लीट तिकोनिया स्थित आर्मी हैलीपेड पहुंचते ही नैनीताल रोड पर जगह-जगह सजे स्टॉलों के पास मौजूद कलाकार और महिलाएं कुमाऊनी गीतों पर खूब थिरकीं। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जगह-जगह स्टेज में लगे डीजे में कुमाऊनी गीतों के साथ ही अन्य गाने बज रहे थे। रक्षा मंत्री के तिकोनिया से एमबी इंटर कॉलेज स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचने तक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने फूल बरसाए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने भी हाथ हिलाकर महिलाओं और अन्य लोगों का अभिवादन किया। उनकी एक झलक देखकर महिलाएं भी खुश नजर आईं।

### बच्चो! थोड़ा शांत हो जाओ

जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधन शुरू किया, वैसे ही युवा कार्यकर्ता उत्साह से भर गए और उन्होंने जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिए। काफी देर तक नारे लगाते रहे और रक्षामंत्री को व्यवधान हुआ तो रक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों थोड़ा शांत हो जाओ लेकिन फिर भी वे नहीं माने। तब रक्षामंत्री ने उनकी अनदेखी करते हुए संबोधन जारी रखा।

### सोशल मीडिया इंफ्लुऐंसर भी पहुंचे कवरेज को

राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हुए कार्यक्रम की सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर भी बुलाए गए थे। इन्हें रील्स व शार्टस बनाने के लिए बुलाया गया था। राज्य के टॉप क्रिएटर थे जिन्होंने वीडियो बनाई, जो अब कुछ ही समय में वायरल हो जाएंगी।

### आयुक्त दीपक रावत ने भी किया संबोधित

आयुक्त एवं मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत ने भी मंच से संबोधन किया। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाएं व केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### भगत ने कांग्रेस पर कसा शायराना अंदाज में तंज



**हल्द्वानी :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने शायरना अंदाज में कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने इन लाइनों- ''ए परिंदे तू जमीन पर बैठ कर आसमान देखता है, तू पंखों को खोल कि जमाना सिर्फ उड़ान देखता है' के साथ कहा कि चार साल बेमिसाल हैं। आगे बोले कि, एक बुढ़िया के घर बिल्ली ने बच्चों को जन्म दिया। बिल्ली के बच्चे कह रहे थे कि कांग्रेस आएगी। कांग्रेसी जब ये बच्चे देखने पहुंचे तो बच्चे बोले कि भाजपा आएगी। तब कांग्रेसी बोले, ये तो अभी कांग्रेस आने की बात कर रहे थे। बच्चों ने कहा, तब आंखें बंद थीं, अब खुल गई हैं। आगे तंज कसा कि कांग्रेसियों ने देश में 55 साल सरकार चलाई और देश को कर्जदार बना दिया। भगत ने कहा कि- ''मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।''



पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युवाओं को सेना में अवसर देने का काम किया है। देश ने पहली बार अपने हथियार निर्मित किए। पहले हमारा देश हथियारों का आयात करता था और आज देश हथियारों निर्यातक बन चुका है। हम घुसकर मरते हैं आज। हम एक बार फिर जीत कर जीत की हैट्रिक बनाएंगे। **- महेंद्र भट्ट**, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



हमारी सरकार ने लोगों के घर-घर पहुंच कर काम किया। कई सालों से जमरानी का इंतजार था। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमारी जनता को ये तोहफा दिया है। हमने गांव-गांव तक सड़क पहुंचाई। जहां नही पहुंची वहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा जल जीवन मिशन योजना के जरिये हर गांव तक पानी पहुंच रहा है। किसान हो, बेरोजगार हो, बहन हो या बुजुर्ग, सबके लिए सरकर काम कर रही है। **-राम सिंह कैड़ा**, कैबिनेट मंत्री



वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूनीफार्म सिविल कोड की घोषणा की थी। तब लगा कि आखिर इस जमीन पर कैसे उतारा जाएगा और इसका क्या असर होगा। जबकि इस प्रदेश में विभिन्न जाति, धर्म के लोग रहते हैं, लेकिन जब यूसीसी लागू हुआ तो प्रदेश में पत्ता तक नहीं लिखा। गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी प्रशंसा सदन में की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की। नकल विरोधी कानून लागू हुआ तो सरगना जेल गए। अब बच्चे बिना पर्ची, खर्ची के आगे बढ़ रहे हैं। **-खजान दास**, कैबिनेट मंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बदौलत राज्य में विकास हो रहा। हमारी सरकार ने राज्य में पर्यटन के स्थान खोजे। इससे रोजगार के भी नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन सबके बीच सरकार ने यहां की सनातन का भी ध्यान रखा है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं को रोजगार से जोड़ने की बात की। प्रधानमंत्री ने कहा था कि ये दशक उत्तराखंड का होगा, जो दिख रहा है। **-मदन कौशिक**, कैबिनेट मंत्री



राजनाथ का न्याय प्रिय जीवन किसी से नही छिपा। प्रोफेसर से शीर्ष पद तक पहुंचने के बाद भी उन्होंने सादगी नही खोई। मैं उनका कृपापात्र हूं। एक दाग भी राजनाथ पर दिखा नही सकते। राजनीति में उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत किया है। मैं उन पर किताब लिखने वाला था। मुख्यमंत्री धामी ने विकास का इतिहास बनाया। मुख्यमंत्री बनने से पहले जब खमीटा में धामी से मुलाकात हुई थी, तब मैंने कहा था कि एक दिन यह सितारा चमकेगा और आज हमारा सितारा चमक रहा है।- **अजय भट्ट**, सांसद



हमें जिस राज्य से अलग होना था वो यूपी था। लम्बे समय तक हम प्रयास करते रहे और समाजवादी पार्टी ने हमारे साथ दुर्व्यवहार करती रही। राजनाथ सिंह यूपी के मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने केंद्र को प्रस्ताव भेजा। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार आई और उत्तराखंड बना। अब स्वदेशी रक्षा को बढ़ाने का काम राजनाथ कर रहे हैं। इसका परिणाम है कि दुनिया में भारत शक्ति के रूप में उभर रहा है। उत्तराखंड राज्य आज देश मे सर्वोच्च स्थान पर है। **-अजय टम्टा**, केंद्रीय सड़क राज्य मंत्री



- जिस आशा-उम्मीद के साथ आपने सरकार को चुना था, सरकार वैसे ही काम कर रही है। पूरे देश में यूसीसी, नकल विरोधी कानून समेत में सबमे हमने नई छाप छोड़ी है। हमारी सरकार लगभग 30 हजार सरकारी नौकरियां दे चुकी है। इन नौकरियों में उस वर्ग की भागीदारी बढ़ रही है, जिसे नौकरियों के बारे में पता तक नहीं लगता था। **- डॉ. मोहन सिंह बिष्ट**, विधायक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 2000 करोड़ रुपए की जो आर्थिक बूस्टर डोज दी गई हैं, उसी की वजह से आज हल्द्वानी चमक रहा है। पिछले वर्ष हमने 60 प्रतिशत तक जल जमाव को कम किया और इस बार और करेंगे। सत्यापन अभियान से अपराधियों पर लगी। उन्होंने सरकार से निवेदन किया कि 8 फरवरी को शहर में जिन लोगों ने दंगा किया, उन्हें बसने का मौका न दिया जाए।- **गजराज सिंह बिष्ट**, मेयर, हल्द्वानी

**अभिनंदन** 112 से अधिक चयनित अग्निवीरों ने किया जोरदार स्वागत, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने तिलक लगाकर बढ़ाया उत्साह

# बधाई हो अग्निवीरों, भारत को तुम सभी पर है गर्व : रक्षा मंत्री

- **112 से अधिक अग्निवीरों की रही मौजूदगी**
- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की युवाओं के जज्बे की सराहना**

संवाददाता, हल्द्वानी



अग्निवीरों के बीच मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन पर उस समय गर्व और उत्साह का माहौल बन गया, जब देवभूमि उत्तराखंड से चयनित 112 से अधिक अग्निवीरों ने भारत माता की जय के जयघोष के साथ उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने चयनित अग्निवीरों को संबोधित करते हुए कहा, भारत मां की रक्षा के लिए आगे आ रहे आप सभी युवाओं का भारतीय सेना में हार्दिक स्वागत है उन्होंने युवाओं के जज्बे, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि देश को आप सभी पर गर्व है।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतीक स्वरूप सभी चयनित अग्निवीरों को तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं ने हमेशा सेना में अपनी वीरता का परचम लहराया है और ये अग्निवीर भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बोले अग्निवीर...

मेरे लिए गर्व की बात है, कि मैंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने भारत माता की जय बोला। और मेरे जीवन का यह सबसे यादगार पल रहेगा। हम पूरी निष्ठा से देश सेवा करेंगे। **-रोहित**, अग्निवीर में चयनित

हमने कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के बाद यह मुकाम हासिल किया है। अब हम देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। हम देश की सेवा में पूरी निष्ठा से करने को संकल्पित हैं। **-शिंवाग**, अग्निवीर में चयनित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से तिलक लगाया जाना हमारे लिए सम्मान की बात है। इससे हमारा हौसला और बढ़ा है। रक्षा मंत्री को अपने सामने देखकर हम गदगद हुए हैं।
**-त्रिवेंद्र**, अग्निवीर में चयनित

हम सभी अग्निवीर देश की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानते हैं। परिवार और प्रदेश का नाम रोशन करना ही अब हमारा लक्ष्य है। रक्षा मंत्री को देख हमारे हौसले और बुलंद हुए है।
**-हिमांशु**, अग्निवीर में चयनित

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# अमन और भाईचारे की दुआ को एक साथ उठे हजारों हाथ

## मल्लीताल की जामा मस्जिद में मुफ्ती अजमल काज़मी और तल्लीताल मस्जिद में मौलाना मोहम्मद नईम ने रोजेदारों को नमाज अता कराई

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** रमजान के पाक महीने के दौरान मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरे महीने रोजा रखकर इबादत की जाती है। शहर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने नमाज अदा की और देश-दुनिया में अमन-शांति की दुआ मांगी।

मल्लीताल स्थित जामा मस्जिद में सुबह 10 बजे मुफ्ती अजमल काज़मी ने नमाज अता कराई, जबकि तल्लीताल मस्जिद में सुबह 10:30 बजे मौलाना मोहम्मद नईम ने नमाज अदा कराई। नमाज में बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ बच्चे भी शामिल हुए। खराब मौसम के चलते नमाज मस्जिद परिसर के भीतर ही अदा की गई। मल्लीताल जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती अजमल काजमी ने बताया कि रमजान का महीना इबादत, रोजा, नमाज और तरावीह का होता है, जिसमें लोग पूरे समर्पण के साथ अल्लाह की इबादत करते हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां ईद के आने की खुशी है, वहीं रमजान के खत्म होने का मलाल भी रहता है।


नैनीताल की जामा मस्जिद में ईद-उल-फितर पर नमाज के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद देते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है, जिसका असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है। बढ़ती कीमतों से लोग प्रभावित हैं। ऐसे में नमाज के दौरान सभी ने अमन, शांति और भाईचारे की दुआ की। नमाज के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मल्लीताल और तल्लीताल क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान कोतवाल हेम चंद्र पंत, टीआई हरीश, तल्लीताल एसओ मनोज नयाल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

इस अवसर पर नैनीताल अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष शोएब अहमद, मस्जिद कमेटी अध्यक्ष वसी कुरैशी, ताहिर हुसैन, अजमल हुसैन, अब्दुल वाहिद, मोहम्मद तय्यब, मोहम्मद सयान, मोहम्मद इमरान, अफजल हुसैन फौजी, इकबाल हुसैन, मोहम्मद दानिश, सुहेल शमशी, मोहम्मद इकराम, आसिम सहित कई लोग उपस्थित रहे।


हल्द्वानी में ईदगाह में नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

### ईद पर शहर में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**हल्द्वानी :** शनिवार को शहर की जामा मस्जिद समेत तमाम छोटी-बड़ी मस्जिदों में हजारों की तादाद में अकीदतमंदों ने ईद की नमाज पूरी अकीदत और एहतराम के साथ अदा की। सुबह से ही ईद की तैयारियों के बीच जैसे ही मस्जिदों और ईदगाहों से अजान और तकबीर की आवाजें गूंजने लगीं, नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया। जामा मस्जिद, बंजारन मस्जिद, नमरा मस्जिद, मस्जिद उमर, सुनहरी मस्जिद, लाल मस्जिद, एक मिनार मस्जिद, रजा मस्जिद और ख्वाजा मस्जिद समेत तमाम इबादतगाहों में नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। नमाज से पहले उलेमाओं ने खुतबा पेश किया, जिसमें ईद की अहमियत, इस्लाम की तालीम और इंसानियत, भाईचारे व अमन-चैन का पैगाम दिया गया। खुतबे के बाद इमामों ने मुल्क में अमन, खुशहाली और तरक्की के लिए खास दुआएं मांगीं। नमाज की अदायगी के बाद अकीदतमंदों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया।

### विदेशी खिलाड़ियों ने भी अता की ईद की नमाज

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में इन दिनों चल रही एलएलसी (लीजेंड्स लीग क्रिकेट) में देश-विदेश के पूर्व क्रिकेटरों की मौजूदगी देखने को मिल रही है। इस लीग में करीब 11 देशों के पूर्व खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार को ईद के मौके पर ओमान से लेकर अफगानिस्तान तक के खिलाड़ियों ने स्थानीय मस्जिद में पहुंचकर नमाज अदा की। इस दौरान खिलाड़ियों ने आपसी भाईचारे और शांति का संदेश भी दिया। ईद की नमाज अदा करने वालों में पूर्व क्रिकेटर समीउल्ला, अजगर अफगान, मुनाफ पटेल और आफताब आलम प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने हल्द्वानी की मस्जिद में स्थानीय लोगों के साथ नमाज पढ़ी और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। स्थानीय लोगों के लिए यह पल खास रहा, जब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को अपने बीच पाया। इस आयोजन ने खेल और आपसी भाईचारे का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

# रामनगर में उल्लास से मनी ईद

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को पूरे उत्साह, उल्लास और शांति के साथ मनाया गया। सुबह शहर के ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्र होकर नमाज अदा की। शहर इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नइमी ने सुबह 8:30 बजे ईदगाह में नमाज अदा कराई, जबकि बड़ी मस्जिद में मुफ्ती अकील अहमद ने सुबह 8 बजे नमाज अता कराई।

नमाज के बाद उलेमाओं ने लोगों को इस्लाम की हिदायतों पर चलने और हुजूर-ए-पाक की सुन्नतों को अपनाने की नसीहत दी। ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। वरिष्ठ


ईदगाह में नमाज़ के लिए एकत्र हुए लोग। ● अमृत विचार

अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहे। कई हिंदू भाइयों ने अपने मुस्लिम मित्रों को ईद की बधाई दी।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, जामा मस्जिद सदर शकील खान, कांग्रेस नेता ताईफ खान, एडवोकेट फैजुल हक, बाबर खान, मोहम्मद अजमल, अजीज खान, फरमान अली, चांद खान, फईम चौधरी, डॉ. जफर सैफी, शमीम अहमद, शकील अहमद अंसारी, इदरीस अंसारी, सनव्वर कुरैशी, दानिश सैफी, नजाकत अली, नदीम अंसारी, मोहम्मद शमी, इस्लाम सिद्दीकी, वसीम रजा, एडवोकेट नावेद सैफी, मोहम्मद आमिर, आरिश सिद्दीकी, नदीम कुरैशी, जुल्फिकार कुरैशी, जिशान कुरैशी, सुहेब कुरैशी, फईम कुरैशी, यामीन सलमानी, सैयद अली नकवी आदि रहे।

## कालाढूंगी में धूमधाम से मनाई ईद-उल-फितर

**कालाढूंगी।** ईद-उल-फितर का त्योहार कालाढूंगी में हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। शाही इमाम मुफ्ती इरशाद हुसैन ने ईद की नमाज अता कराई। शनिवार को सुबह 9 बजे ईदगाह में शहर के मुफ्ती इरशाद अली ने नमाज अदा करवाई। उन्होंने तकरीर में कहा कि ईद का त्योहार मिलजुलकर मनाना चाहिए।

यहां जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष सदर वकील अहमद, उपाध्यक्ष शरीफ अहमद, नायब इमाम हाफिज इमामुद्दीन, हाजी शाकिर हुसैन, महमूद हसन बंजारा, रिफायत अली, हाजी नदीम, मो. दानिश, मो. हाजी निजाम, बदलू, शहजाद उर्फ़ सब्बू, ताहिर कादरी, मोहम्मद साजिद, मतलुब इलाही, फिरासत अली, अली हुसैन, मदीना मस्जिद कमेटी अध्यक्ष हाजी मेहताव, मोती मस्जिद इमाम अली, जावेद आदि मौजूद रहे।

# ईद पर मुस्लिम समाज में दिखा उत्साह


लालकुआं में ईद की नमाज के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद देते मुस्लिम समाज के लोग

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचार:** ईद-उल-फित्र का त्यौहार पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। जामा मस्जिद और रोशन मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजियों ने ईद की नमाज अता की और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी।

जामा मस्जिद में इमाम हसीन रजा और रोशन मस्जिद में इमाम नाजिर रजा कादरी ने ईद की नमाज अदा करवाई। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर के विभिन्न समाजसेवी संगठनों और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने नमाजियों का स्वागत किया और उन्हें ईद की बधाई दी। पुलिस ने क्षेत्र में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। इस मौके पर फईम रजा, मेराजुल नवी, सदर सफी अहमद, इमरान खान, गुलाम नवी, जफर अंसारी, सानू खान, नसीम अहमद, युसूफ खान, शहजाद खान, एजाज हुसैन, साहिल अंसारी, आसिफ अंसारी, इस्तकार अंसारी, ख्वाजा अहमद, मौलाना अब्दुल हफीज, नफीस अहमद और फिरोज खान आदि लोग रहे।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर में गंदगी का अंबार

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचार:** नगरपालिका द्वारा वाल्मीकि मंदिर व परिसर का स्वामित्व समाज को दिए जाने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते नगर में गंदगी का अंबार लग गया है। मुख्य बाजार, गलियों और घरों के बाहर कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने स्वयं कचरा उठाकर सफाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

बरसात के कारण दुर्गंध से लोग बेहाल हैं।गुरुवार से शुरू हुई वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शनिवार को भी जारी रही, जिससे जगह-जगह गंदगी फैल गई है। इस हड़ताल के कारण व्यापारियों, बाजार आने वाले ग्राहकों और नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण के नाम पर नगरपालिका द्वारा पार्किंग स्थल बनाने के विरोध में वाल्मीकि समाज ने नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना दिया है। उनकी मांग है कि उक्त भूमि का स्वामित्व मंदिर समिति को दिया जाए। तीन दिन से जारी हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ईओ अभिनव कुमार ने कहा कि लोगों से वार्ता जारी है जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। गलियों में कूड़े के ढेर लगने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# दिन में ही खेत में घुसा टस्कर हाथी

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचार:** कोटाबाग के बजूनियांहल्दू ग्राम सभा के केसाबंगर, मूसाबंगर और तोक क्षेत्र में टस्कर हाथी दिन में भी आतंक बना हुआ है। हाथी के खेतों में आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीते शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीणों ने वन विभाग को ज्ञापन देकर टस्कर हाथी से सुरक्षा की मांग की है।रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज के जंगल से सटे केसाबंगर, खुशानवाड़ और मूसाबंगर क्षेत्र में हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। हाथियों ने किसानों की कई एकड़ फसल रौंद दी है।

बीते दिन फसलों की पहरेदारी के दौरान टस्कर हाथी को भगाने के प्रयास में हाथी ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें ग्रामीण बाल-बाल बच पाए। अब दिन में भी टस्कर हाथी गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा


कोटाबाग के केसाबंगर में दिन में खेतों में घुसा टस्कर हाथी। ● अमृत विचार

है। शुक्रवार को खेत में हाथी देख ग्रामीणों ने हो-हल्ला किया और उसे जंगल की ओर भगाया। जंगल के किनारे आबादी वाले क्षेत्रों में हाथियों के दस्तक देने से भय का माहौल है, जिससे ग्रामीण घास और लकड़ी लेने भी डर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कमल जोशी ने वन विभाग को सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। रेंजर रमेश ध्यानी ने बताया कि सोलर फेंसिंग के लिए प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया है और हाथियों को भगाने के लिए समय-समय पर टीम गश्त कर रही है।

# विद्यार्थियों को दिया सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** डीएसबी परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम अधौरा में आयोजित विशेष शिविर के छठे दिन विद्यार्थियों को सेवा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व कार्यक्रम समन्वयक, निदेशक, विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी ने स्वयंसेवकों से संवाद किया।

प्रो. ललित तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए मैं नहीं, आप की भावना को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर अवक्रमित भूमि को पुनः वन क्षेत्र में लाने और वैश्विक स्तर पर वन क्षेत्र में 3 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने 50 कट्टे कूड़े का संग्रह कर उसका निष्पादन किया तथा वानिकी दिवस के अवसर पर पद्म और बांज के पौधे रोपकर हरित पृथ्वी का संदेश दिया। उपनिदेशक युवा विभाग डोलवी तिवेतीया ने भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। यहां कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि पांडे, डॉ. मनोज बाफिला, डॉ. संदीप मंडोली, डॉ. हिमानी जलाल और मेहरा जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। भुवन भट्ट, कुंदन, नवीन ने सहयोग किया।

उत्साह | सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की 60वीं वर्षगांठ पर परंपरा और गौरव का भव्य प्रदर्शन

# हीरक जयंती पर दिखा अनुशासन और देशभक्ति का संगम

**संवाददाता, भवाली**

**अमृत विचार:** सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में हीरक जयंती स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया, जो संस्थान की गौरवशाली विरासत और परंपराओं का प्रतीक रहा। लेफ्टिनेंट जनरल एमके कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, जीओसी-इन-सी, वेस्टर्न कमांड मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या ग्रुप कैप्टन मधु सेंगर ने उनका स्वागत किया।

मुख्य अतिथि के सम्मान में कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय के अनुशासन और सैन्य संस्कृति की झलक दिखी। कार्यक्रम का


सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में मार्च पास्ट की सलामी लेते लेफ्टिनेंट जनरल एमके कटियार। ● अमृत विचार

शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्या ने उद्घाटन संबोधन में संस्थान की उपलब्धियों और देश के लिए जिम्मेदार नागरिक एवं भावी नेताओं के निर्माण में विद्यालय की भूमिका को रेखांकित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिकूल मौसम के कारण वर्चुअल संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए संस्थान की 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा की सराहना की और कैडेट्स को ईमानदारी, साहस व निःस्वार्थ सेवा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 60 वर्षों की यात्रा पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गणेश वंदना, कुमाउनी नृत्य और विद्यालय की विकास यात्रा पर आधारित नाटक ने दर्शकों का मन मोहा। उप प्रधानाचार्या कमांडर अर्चना चौधरी और पीजीटी अंग्रेजी डॉ. शालिनी मिश्रा को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जीओसी-इन-सी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने लेफ्टिनेंट जनरल एमके कटियार तथा सैनिक स्कूल सोसायटी के संयुक्त सचिव एसजॉर्जपी वर्गीस को सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट जनरल एमके कटियार, जो कि स्वयं सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के पूर्व छात्र रहे हैं, ने स्टाफ एवं कैडेट्स की सराहना की और उत्कृष्ट एनडीए चयन के लिए पूरे घोड़ाखाल परिवार को बधाई दी। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से भर दिया।


डोलमार-हल्द्वानी रोड पर गिरे पेड़ को हटाती फायर टीम। ● अमृत विचार

### डोलमार-हल्द्वानी रोड पर गिरा विशाल पेड़

**नैनीताल, अमृत विचार :** डोलमार-हल्द्वानी रोड पर शनिवार को एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिरने से यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। फायर यूनिट नैनीताल और हल्द्वानी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और वुडन कटर की मदद से पेड़ को काटकर हटाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को टुकड़ों में काटकर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात को सुचारु कर दिया गया। समय रहते राहत कार्य पूरा होने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

सिटी ब्रीफ

## रानीखेत एक्सप्रेस 28 को बदले रूट से चलेगी

**हल्द्वानी :** दिल्ली-शाहदरा के बीच नए यमुना पुल के निर्माण के चलते रानीखेत एक्सप्रेस के रूट में बदलाव किया गया है। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 28 मार्च को काठगोदाम से चलने वाली रानीखेत एक्सप्रेस (काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस) अपने निर्धारित मार्ग के बजाय शकूर बस्ती-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सराय रोहिल्ला होकर चलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ठहराव पुरानी दिल्ली स्टेशन पर नहीं होगा।

## रक्षा मंत्री के आने पर लगा कालाढूंगी रोड पर जाम

**कालाढूंगी :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हल्द्वानी दौरे के दौरान भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही के कारण कालाढूंगी क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ। शनिवार को धामी सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जनसभा के लिए कोटाबाग, कालाढूंगी, रामनगर, काशीपुर, बाजपुर क्षेत्र से जनसभा के लिए सैकड़ों बसों व निजी वाहनों से जा रहे समर्थकों व कार्यकर्ताओं के चलते सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। नगर में वाहन रेंगते हुए नजर आये। जाम के कारण राहगीरों व ड्यूटी जा रहे लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# दो पहिया वाहनों के पहाड़ जाने पर आज रोक

### टांडा बैरियर, बेलबाबा, कालाढूंगी में नैनीताल तिराहा, गौलापुल, नरीमन तिराहा व भीमताल तिराहा से किए जाएंगे वापस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वीकेंड पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने 22 मार्च को पहाड़ की ओर जाने वाले दो पहिया वाहन चालकों पर पाबंदी लगा दी है। यह व्यवस्था सुबह 9 से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। इसके अलावा सुबह 7 बजे से रात 10 बजे के दरम्यान भारी वाहनों के आवागमन पर भी पूरी तरह पाबंदी रहेगी। पुलिस के मुताबिक, 22 मार्च को अन्य जनपदों और राज्यों से आकर पर्वतीय क्षेत्र नैनीताल, भीमताल, भवाली, अल्मोड़ा, मुक्तेश्वर को जाने वाले समस्त दुपहिया वाहनों को वीकेंड में चेकिंग पॉइंट टांडा बैरियर, बेलबाबा, कालाढूंगी में नैनीताल तिराहा, गौलापुल, खेड़ा चौराहा, नरीमन तिराहा और भीमताल तिराहा में रोक कर वापस किया जाएगा।



पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी की ओर आने वाले सभी भारी वाहनों को सुबह 7 से रात 10 बजे तक जिले की सीमा पर रोका जाएगा। जो भारी वाहन शहर की ओर आ जाते हैं, उन्हें नंबर 1 बैंड से पीछे रोड के बांई ओर व एचएमटी क्षेत्र में तथा पुलिस चौकी सलड़ी क्षेत्र में अमृतपुर मोड़ से अन्दर व मैगी प्वाइंट से अंदर पार्क किया जाएगा।

मैदानी क्षेत्र से पर्वतीय क्षेत्र को जानने वाले भारी वाहन गौलापार क्षेत्र में पुराना आरटीओ फिटनेस सेंटर डिवाइडर से पीछे व खेड़ा चौकी से पीछे रोका जाएगा। बरेली रोड से आकर पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलपार रोड होते हुए नारीमन तिराहा काठगोदाम से अपने गंतव्य को जायेंगे।

रूद्रपुर की ओर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन पंतनगर तिराहा (दिनेशपुर मोड़) से एनएच 109 (नया हाईवे) होते हुए पंतनगर, लालकुंआ से तीनपानी फ्लाईओवर से गौलपार रोड होते हुए नारीमन तिराहा से अपने गंतव्य को जाएंगे।

रामनगर, बाजपुर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन कालाढूंगी (नैनीताल तिराहा) से डायवर्ट होकर मंगोली होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। एलपीजी गैस वाहनों के अलावा आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों का (जैसे सब्जी, ईंधन, दूध आदि) का समय दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक यात्रा रूट पर आवागमन वर्जित रहेगा।

काठगोदाम क्षेत्र में यातायात का दबाव अत्यधिक होने पर साम 4 बजे के बाद नैनीताल और भवाली से मस्जिद तिराहा से मैदानी क्षेत्र को जाने वाले समस्त पर्यटक वाहन नंबर 1 बैड व रूसी बाईपास द्वितीय से डायवर्ट होकर रूसी बाईपास प्रथम होते हुए वाया कालाढुंगी से अपने गन्तव्य को जायेंगे।

## वीकेंड पर नैनीताल मे बढ़ने लगी पर्यटकों की आवाजाही

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड के मौके पर पर्यटकों की आवाजाही तेज हो गई है। वीकेंड और त्योहार के चलते बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल का रुख कर रहे हैं, जिससे शहर में एक बार फिर रौनक लौटती नजर आ रही है। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों के चेहरे भी खिल उठे हैं और उन्हें आने वाले दिनों में कारोबार में और तेजी की उम्मीद है।

होटल कारोबारियों के अनुसार, अभी तक नैनीताल के करीब 60 प्रतिशत होटल बुक हो चुके हैं, जबकि ऑनलाइन बुकिंग में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। ईद के बाद भी पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी और अन्य पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को सीधा लाभ मिलेगा। मॉल रोड, नैनी झील, स्नो व्यू, केव गार्डन और आसपास के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की चहल-पहल बढ़ने लगी है। खासकर उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा से आने वाले सैलानियों की संख्या में तेजी आई है। शहर के प्रमुख पार्किंग स्थलों पर भी वाहनों का दबाव बढ़ने लगा है, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सक्रिय नजर आ रहा है।

पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से कारोबार में आई सुस्ती के बाद वीकेंड ने नई उम्मीदें जगाई हैं। यदि मौसम अनुकूल रहा तो आने वाले दिनों में नैनीताल में पर्यटकों की संख्या और बढ़ सकती है। वहीं, प्रशासन की ओर से भी पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों में निगरानी बढ़ाई गई है। ईद वीकेंड ने नैनीताल के पर्यटन कारोबार में नई जान फूंक दी है और आने वाले समय में पर्यटन सीजन के और बेहतर रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

## छात्राओं ने सीखे इंटरव्यू से लेकर रिज्यूम बनाने के गुर



एमबीपीजी कॉलेज में ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान मौजूद बीएड प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज के बीएड विभाग में आयोजित छः दिवसीय एम्प्लॉयबिलिटी स्किल ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन हुआ। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम बीएड प्रथम व चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीते 16 मार्च को हुआ, जिसमें कार्यक्रम संयोजक प्रो. शुभ्रा कांडपाल ने कौशल विकास के बारे में बताते हुए कहा कि इंटरव्यू व व्यावसायिक जीवन में आत्मविश्वास के साथ स्वयं को प्रस्तुत करना इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य है।

कार्यशाला के दौरान प्रो. प्रभात दिवाकर ने बॉडी लैंग्वेज, टाइम मैनेजमेंट, क्रिटिकल थिंकिंग, ईमेल राइटिंग, समस्या समाधान, ग्रुप डिस्कशन, सेल्फ अवेयरनेस, गोल सेटिंग और रिज्यूम बनाने पर प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग दी। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए रोल प्ले, एक्सटेम्पोर और ब्रेनस्टॉर्मिंग जैसी एक्टिविटीज भी आयोजित की गई।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी वितरित कर सम्मानित किया। इस मौके पर बीएड विभाग प्रभारी डॉ. अनीता जोशी, डॉ. सविता भंडारी, डॉ. टीसी पांडे, डॉ. रेनू रावत, डॉ. पूनम रानी आदि उपस्थित रहे।

● **एमबीपीजी कॉलेज में हुई एम्प्लॉयबिलिटी स्किल ट्रेनिंग पर कार्यशाला**

## सुहावना बना रहा सरोवर नगरी का मौसम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी का मौसम शनिवार को बादलों के साथ सुहावना बना रहा। तापमान में गिरावट आने से हल्की गुलाबी ठंड का एहसास पूरे दिन हुआ।

नगर में बीती रात भी वर्षा जमकर हुई। मगर दिन में वर्षा तो नहीं हुई, लेकिन घने काले बादल पूरे दिन आसमान में डेरा डाले रहे। वर्षा की आशंका बनी हुई थी, लेकिन हुई नहीं। इस बीच कोहरा भी आता जाता रहा और तापमान गिराता रहा। हल्की ठंड पूरे दिन बनी रही। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर संभवतः सोमवार से दिखना शुरू होगा। इस बीच तापमान में गिरावट बनी रहेगी तो पर्वतीय क्षेत्रों ठंडक रहेगी। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 48 घंटों में 44 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है।



नैनीताल में शनिवार को छाए बादल। ● अमृत विचार

### बदला मौसम का मिजाज : दिन में गर्मी, शाम को ठंड

**हल्द्वानी :** शनिवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास हुआ और कई लोग हल्के कपड़ों में नजर आए। हालांकि शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए। मौसम में आए इस बदलाव के चलते लोगों को फिर से जैकेट और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वातावरण में नमी 54 प्रतिशत रही। पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एएस नैन के अनुसार, रविवार को भी हल्के बादल छाए रहेंगे और बूंदाबांदी हो सकती है।

## अचानक हिरण के आने से बाइक रपटी, युवक घायल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर-रानीखेत नेशनल हाईवे 309 पर रिंगोड़ा के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब अचानक सामने आए हिरण से बाइक अनियंत्रित होकर रपट गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान राजेश पांडे (40 वर्ष), पुत्र रमेश चंद्र पांडे, निवासी क्यारी गांव, रामनगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजेश पांडे अपनी ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रिंगोड़ा के पास एक हिरण अचानक सड़क पर आ गया।

हिरण को बचाने की कोशिश में उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलते हुए काफी दूर तक घिसटती गई। हादसा इतना गंभीर था कि राजेश पांडे सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना दी और घायल को तत्काल रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है और उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर जंगली जानवर सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर चेतावनी संकेत और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ



बैलपड़ाव में श्रीमद् देवी भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** बैलपड़ाव स्थित श्री देवी मंदिर पत्तापानी में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में दर्जनों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर भाग लिया। महिलाएं और श्रद्धालु नंगे पैर चलते हुए भगवान और मां भगवती के जयकारे लगाते तथा भजन गाते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

कथावाचक कान्तिबल्लभ पाठक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के कष्ट दूर होते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस अवसर पर भगवान रौतेला, ममता रौतेला, मीना रौतेला, कल्पना पंत, शोभा गोस्वामी, पूजा गोस्वामी, गंगा पंत, मधु रौतेला, गौरव पंत, अमित गिन्ती, अजय रौतेला, राजेन्द्र रौतेला, दीपेश पांडे, हेम पांडे, शेखर जोशी, मनोज जोशी, हर्षित छिम्वाल, मनमोहन रौतेला, प्रदीप रौतेला मौजूद रहे।

## वानिकी दिवस पर वनों के संरक्षण का संकल्प

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत रिंगोड़ा चौकी पर विश्व वानिकी दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वनों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विजरानी रेंज के रेंज अधिकारी नवीन पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस दौरान वनों के संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा, पर्यावरण संतुलन और स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिम कॉर्बेट नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बुधानी एवं वेस्ट वॉरियर टीम के साथ ही प्रमोद डोरबी, प्रमोद सत्यवाली, भवानी दत्त सती एवं कैलाश पपनै ने लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीवों की रक्षा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस अवसर पर भास्कर सती, राजेश नेगी, केशव सती, पवन बिष्ट, दीक्षा नैनवाल, प्रीति रावत, नंदन रौतेला, अशोक खुलवे, योगेश नैनवाल, विजय रावत आदि रहे।

## हादसों को दावत दे रहे सड़क किनारे कटे पेड़

**कालाढूंगी :** नगर के कालाढूंगी-हल्द्वानी मोटर मार्ग पर कटे पेड़ों के अवशेष हादसों को न्योता दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन और लोक निर्माण विभाग इस ओर लापरवाह बना हुआ है। बीते रविवार तेज आंधी-तूफान के दौरान नव दुर्गा पेट्रोल पंप के पास आम के कई विशालकाय पेड़ टूटकर गिर गए थे। इसके बाद स्वामियों और ठेकेदारों द्वारा पेड़ों की टहनियां तो काट दी गईं, लेकिन उन्हें पूरी तरह हटाया नहीं गया। नतीजतन, पेड़ों के ठूंठ सड़क की सफेद पट्टी तक बाहर निकले हुए हैं, जो राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। इन ठूंठों से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## झूलेलाल मंदिर में उत्साह से मना चेटीचंड महोत्सव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भगवान श्री झूलेलाल का 1076वां चेटीचंड महोत्सव बड़े उत्साह और भक्तिभाव से बरेली रोड स्थित पुरानी आईटीआई के पास झूलेलाल मंदिर प्रांगण में मनाया गया।

बाबू भाई एंड पार्टी ने भजन संध्या में 'दमादम मस्त कलंदर, लाल मेरी पथ रखियों सदा झूलेलाल', 'असांजा कारज करण गुरू पाड़ आयो आ', 'पेसो आ पेसो आ' जैसे भजनों में सैकड़ों श्रद्धालु खुशी से झूम उठे, नृत्य किया और खुशिया मनायी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रोग्रामों में गीतांजली मानवानी, भव्या लोहाना, पीहू असरानी, भव्य तेजवानी, नित्या, रितिशा, गरिमा, ईशिता लालवानी, गरिमा कार्तिक रजवानी, उन्नति उतमानी, हेतीका आसवानी व बच्चों ने प्रस्तुति दी। सिन्धी समाज में देश का नाम रोशन करने वाले अमन तेजवानी को उत्तराखंड पावर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता व नेशनल पावर वेटलिफ्टिंग क्वालीफाई करने पर सम्मानित किया गया। सिन्धी समाज के अध्यक्ष कन्हैया लाल मुलानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर मंदिर का उद्घाटन छह माह में हो जाएगा। यह मंदिर उत्तराखंड में अपनी अलग ही पहचान देगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष कन्हैया लाल मुलानी, महामंत्री तरुण तेजवानी व अशोक मुलानी, संरक्षक देवानंद आसवानी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल आसवानी, मुरली मुलानी, मनीष केशवानी, गौतम तेजवानी, कमल असरानी, अमित आसवानी, नरेश सहजवानी, अशोक लोहाना, विजय धामेजा, हरचन्द नारवानी, केतन तेजवानी, शैलेश तलरेजा, संजय राजपाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



हल्द्वानी में चेटीचंड उत्सव में प्रतिभाग करते सिंधी समाज के सदस्य। ● अमृत विचार

## जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त किताबें दे रहा वेंडी स्कूल

**हल्द्वानी :** गौलापार के वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौलतपुर व वेंडी पब्लिक स्कूल, खेड़ा ने क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की है। स्कूल की ओर से नन्हे कदम-उज्ज्वल भविष्य अभियान के तहत खेती-किसानी वाले क्षेत्र के बच्चों को निशुल्क किताबें बांटी जा रही हैं, ताकि हर विद्यार्थी तक शिक्षा की रोशनी पहुंच सके।

स्कूल प्रबंधन का मानना है कि शिक्षा ही समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की सबसे बड़ी ताकत है। इस पहल से क्षेत्र के बच्चों में सीखने की उत्सुकता बढ़ रही है। आयोजकों ने लोगों से अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

## मंदिर में चोरी, दुर्गा और काली की मूर्तियां ले गए चोर

**हल्द्वानी :** मंदिरों में चोरी की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ दिया और मंदिर में रखी देवियों की मूर्ति के अलावा अन्य सामान उठा ले गए। मुखानी पुलिस ने तहरीर के आदार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में पीडी कालोनी गैर वैशाली ऊंचापुल निवासी हेम चंद्र पंत पुत्र स्व. कैलाश चंद्र पंत ने लिखा, रोज की तरह बीती 19 मार्च की रात करीब 8 बजे वह अमृताश्रम मंदिर में ताला बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह वह मंदिर पहुंचे तो गेट का ताला टूटा पड़ा था और मंदिर के अंदर रखी मां काली और मां दुर्गा की मूर्तियां गायब थीं। दोनों मूर्तियां पीतल की धातु की थी। चोर तांबे के छह लोटे और पीतल की घंटियां ले गए। थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

योजना | 25 मार्च तक जॉब कार्ड सत्यापन का लक्ष्य, अप्रैल से बनेंगे नए कार्ड

# रेटिना स्कैन के जरिए जॉब कार्ड हो रहे आधार से लिंक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिले में जी राम जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन) योजना के तहत इन दिनों जॉब कार्ड धारकों को आधार कार्ड से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी गांव-गांव जाकर जॉब कार्ड धारकों का आधार से सत्यापन कर रहे हैं। इस प्रक्रिया की सबसे खास बात यह है कि लाभार्थियों का रेटिना स्कैन कर उसे आधार से लिंक किया जा रहा है, ताकि सरकारी धन का लाभ केवल पात्र और वास्तविक व्यक्तियों को ही मिल सके।

जिला प्रशासन ने इस पूरी प्रक्रिया को 25 मार्च तक शत-प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जिसके तुरंत बाद अप्रैल माह से नए जॉब कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आंकड़ों के अनुसार, नैनीताल जिले में कुल 79,471 जॉब कार्ड धारक हैं, जिनमें से अब तक 50,388 (63.4%) का सत्यापन पूरा हो चुका है। वहीं वर्तमान में जिले में 42,683 सक्रिय (एक्टिव) कार्ड धारक हैं, जिनमें से 31,086 को आधार से जोड़ा जा चुका है। सक्रिय कार्ड धारकों में जिले ने अब तक 72.83% का लक्ष्य हासिल कर लिया है। प्रशासनिक निर्देशों के बाद अधिकारी घर-घर जाकर यह प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। वहीं जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि जॉब कार्ड को आधार और रेटिना स्कैन से जोड़ने का मुख्य उद्देश्य योजना में पूरी पारदर्शिता लाना है। इससे फर्जीवाड़े और डुप्लीकेसी पर पूरी तरह रोक लगेगी और लाभार्थियों को योजना का लाभ सीधे उनके खातों तक मिल सकेगा। हमारा लक्ष्य 25 मार्च तक वर्तमान कार्डों का सत्यापन पूरा करना है, ताकि अप्रैल से नए कार्ड बनाने का काम शुरू हो सके।



गांव-गांव जाकर जॉब कार्ड धारकों का आधार से सत्यापन करते टीम के सदस्य।

### जल्द पूरा होगा मनरेगा का काम

जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि जिले के जिन गांवों में मनरेगा के अंतर्गत विकास कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि लंबित कार्यों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाए। जिन भी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांवों में सड़क, जल संरक्षण, तालाब, नाली और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े जिन स्थानों पर कार्य अधूरे हैं वह जल्द पूरे किए जाएंगे।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Pharmacy Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Relevant Field
Floor Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Hospital
Junior Accountant
Qualification:- Min. B.Com. & Good Excel Knowledge
Computer Operator
Qualification: Min. Intermediate & Good MS Office Knowledge & Good Typing Speed
Pharmacist
Qualification: Min. D. Pharma & Good Computer Knowledge
PRO
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# गैस एजेंसी में छुट्टी, बाहर लगी रही लाइन

## प्लांट से नहीं पहुंचा वाहन, आज भी उम्मीद कम, रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों में रहा आक्रोश

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** ईद पर्व को लेकर इंडेन गैस एजेंसी में छुट्टी थी और एजेंसी बंद थी, जबकि भारत गैस एजेंसी खुली थी। दोनों ही गैस एजेंसियों में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। इंडेन गैस एजेंसी में सुबह से खड़े लोगों को एजेंसी के कर्मचारियों ने अवकाश की जानकारी दी। इसके बाद कुछ लोग घर को चले गये तो कुछ लाइन लगाकर ही गैस सिलेंडर का इंतजार करते रहे। गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर लोगों में काफी आक्रोश भी दिखा।

शनिवार की सुबह से ही काशीपुर बाईपास रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी और आवास विकास स्थित भारत गैस एजेंसी में सुबह से ही उपभोक्ताओं की कतार लगनी शुरू हो गयी थी। हालांकि ईद का पर्व होने के कारण इंडेन गैस एजेंसी में ताले लगे हुए था। इसके अलावा प्लांट से कोई भी वाहन सिलेंडर नहीं पहुंचा था। लेकिन एजेंसी के बाहर सुबह से लोग गैस सिलेंडर लेकर लाइन पर खड़े हुए थे।

एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार सुबह सभी लोगों को प्लांट से गैस नहीं आने और ईद की छुट्टी होने की जानकारी दी गयी थी बावजूद लोग लाइन पर खड़े रहे। उन्होंने बताया कि शनिवार को प्लांट से गैस सिलेंडर का वाहन नहीं आया है। रविवार को प्लांट से वाहन आएगा या नहीं यह कह पाना संभव नहीं है। वहीं भारत गैस एजेंसी पर भी सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। यहां कई लोगों को रसोई गैस सिलेंडर मिले तो किसी को नहीं मिले। यहां भी लोगों में आक्रोश देखा गया।


इंडेन गैस एजेंसी के बाहर गैस सिलेंडर के लिए लगी लाइन। ● अमृत विचार

### घर पर सिलेंडर देने के बावजूद लोग पहुंच रहे एजेंसी में

**रुद्रपुर :** इंडेन गैस प्रबंधन के अनुसार लोगों को घर पर ही रसोई गैस सिलेंडर देने की बात कही जा रही है। बावजूद लोग गैस सिलेंडर लेकर एजेंसी में सुबह से लाइन पर खड़े हो रहे हैं। इससे गैस वितरण में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति का गैस सिलेंडर बुक है तो एक दिन लेट में घर पर पहुंच जाएगा। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

> प्लांट को चार गाड़ियों की डिमांड भेजी गयी थी। शनिवार को ईद की छुट्टी होने और प्लांट से सिलेंडर का वाहन नहीं आने से एजेंसी बंद दी। रविवार को प्लांट से वाहन आएगा तो गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा। लोगों से अपील है कि वे एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेकर न पहुंचें। जिन लोगों के गैस सिलेंडर बुक हैं उनके सिलेंडर घर तक पहुंच जाएंगे।
> –प्रमोद पांडे, प्रबंधक, इंडेन गैस एजेंसी रुद्रपुर


बाजपुर में गैस गोदाम के बाहर चस्पा सूचना के सामने आक्रोश जताते उपभोक्ता।

### अनाज मंडी में खाली सिलेंडर रख किया प्रदर्शन

**बाजपुर :** क्षेत्र में रसोई गैस की लचर वितरण व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया है। प्रशासन द्वारा होम डिलीवरी के दावों के बावजूद जमीनी हकीकत इसके उलट है। शनिवार को अनाज मंडी स्थित वितरण स्थल पर गैस की गाड़ी पहुंचने के बावजूद कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ा, जिससे आक्रोशित लोगों ने सिलेंडरों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। पीड़ित उपभोक्ताओं—पूजा, लवप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह और मदन लाल वर्मा सहित अन्य ने बताया कि 15 से 20 दिन पहले बुकिंग कराने के बाद भी उन्हें गैस नहीं मिल पा रही है। प्रशासन ने गोदाम के बाहर होम डिलीवरी का नोटिस तो चस्पा किया है, लेकिन उपभोक्ताओं को घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। शनिवार को भी नंबर आने से पहले ही सिलिंडर समाप्त हो गए, जिससे लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है। उन्होंने मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को जल्द दुरुस्त कर समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# एलपीजी संकट और महंगे डीजल से सिडकुल की उद्योग इकाइयां प्रभावित

**संवाददाता, शक्तिफार्म**

**अमृत विचार :** सिडकुल क्षेत्र में एलपीजी गैस की सप्लाई पूरी तरह बाधित होने से उद्योगों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। गैस आपूर्ति ठप होने के कारण कई कंपनियों के हीट ट्रीटमेंट प्रोसेस रुक गए हैं, जिससे उत्पादन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि कुछ इकाइयां तो बंद हो चुकी है कुछ बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। कंपनी में कैंटीन तक बंद है जिस कारण कर्मचारियों के सामने भोजन की भी समस्या आ चुकी है।

एलपीजी की कमी का असर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रमिकों, उद्योग और ऑटोमोबाइल सेक्टर पर भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। कंपनियों द्वारा तैयार उत्पाद खाड़ी देशों में निर्यात नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कंपनियों को आर्थिक नुकसान बढ़ता जा रहा है। सिडकुल क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग सभी कंपनियां, इस संकट से प्रभावित हैं, जबकि 10 से 12 कंपनियों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ा है, जहां उत्पादन लगभग पूरी तरह ठप हो चुका है। सिडकुल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष कृष्ण सत्यवली ने बताया कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो कंपनियों को कर्मचारियों की छंटनी करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब तक शासन की ओर से उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए कोई ठोस सहायता या आश्वासन नहीं मिला है। उन्होंने जानकारी दी कि केवल पंजाब बेवल्स कंपनी में ही एलपीजी की खपत करीब 14 टन है, जबकि पूरे सिडकुल क्षेत्र में लगभग 200 टन गैस की जरूरत होती है। उन्होंने कहा रुद्रपुर सिडकुल में स्थित कंपनियों में जहां पीएनजी की सुविधा उपलब्ध है, वहीं सितारगंज सिडकुल में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही यहां फोरलेन है और न ही रेलवे की कोई सुविधा, जिससे कंपनियों की परेशानी और बढ़ गई है। इसके अलावा डीजल की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि और बिजली पर बढ़े सरचार्ज ने भी उद्योगों की लागत बढ़ा दी है। अघोषित बिजली कटौती के कारण कंपनियों को जनरेटर चलाने पड़ रहे हैं, जिससे अकेले उनके कंपनी में ही करीब 300 लीटर प्रति घंटे डीजल की खपत हो रही है। जबकि बड़े कंपनियों में खपत कई गुना ज्यादा है। कृष्ण सत्यवली ने बताया कि एलपीजी संकट, महंगे डीजल और बिजली कटौती के चलते उद्योगों पर दोहरी मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र एक शिष्ट मंडल जिलाधिकारी से मुलाकात कर, समाधान निकालने की मांग करेंगे, ताकि उत्पादन और रोजगार दोनों को बचाया जा सके।


एलपीजी संकट के चलते कंपनियों के चिमनी से धुआं निकलना हुआ बंद।

# माता की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु


लक्ष्मी नारायण मंदिर में भजन गाते गायक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को रुद्रपुर के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप माँ चंद्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली की कामना की।

शहर के प्रसिद्ध अटरिया देवी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर और वैष्णो देवी मंदिर समेत अन्य देवालयों में भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। वहीं लक्ष्मी नारायण मंदिर में माता की चौकी का भव्य शुभारंभ हुआ। पंडित शालीग्राम और महंत राजीव ठक्कर ने ज्योति प्रज्वलित कर पूजा संपन्न कराई। इसके बाद दिल्ली से आए भजन सम्राट मास्टर बॉबी और गायक अमित अरोरा ने ''चलो बुलावा आया है'' और ''तू कितनी अच्छी है मां'' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।

इस दौरान सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा, सनातन धर्म युवा मंच के अध्यक्ष गौरव बेहड़, राजेश छाबड़ा, राकेश सुखीजा, सुमित बब्बर, विजय विरमानी, पवन गाबा पल्ली, सचिन तनेजा, मोहित बत्रा, अमित अरोरा बॉबी समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्रीमद् देवी भागवत कथा हुई शुरू

**खटीमाः** नवरात्रि के पावन अवसर पर जगदम्बा मन्दिर शीशम बाग बग्घा–54 में श्रीमद् देवी भागवत कथा यज्ञ के शुभारंभ भव्य कलश यात्रा भारमल शारदा घाट से कथा स्थल तक निकाली गई।

मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में सिर पर कलश लिए हुए थी। कलश यात्रा कथा वाचक प. गोपाल कृष्ण पन्त, सहायक सचानन्द जोशी की देखरेख में निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य यजमान की भूमिका में नन्दन सिंह धामी सपत्नीक आरती धामी रहें। उसके उपरांत श्रद्धालुओं को कथा सुनाई जिसमें उन्होंने श्री कृष्ण लीला में माता के रूपों के बारे में बताया। कथा 27 मार्च तक चलेगी उसके उपरांत 28 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वहां धर्म सिंह दसौनी, महेश चौहान, बहादुर सिंह चौहान, प्रेम सिंह पानू, लाल सिंह बोरा, किशन सिंह धामी, मनमोहन कन्याल मौजूद रहे।

# मोधू माखा होरिनाम संगे जाबे...


अतिथियों को सम्मानित करते आयोजन समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

**संवाददाता शक्तिफार्म**

**अमृत विचारः** गुरुग्राम स्थित हरि गुरुचांद धर्म मंदिर में चल रहे वारुणी महोत्सव का समापन भव्य बाउल संगीत संध्या एवं शांति सभा के साथ हुआ। महोत्सव पांचवें दिन आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेजपाल सिंह और पूर्व जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य ने संयुक्त रूप से किया।

शुक्रवार रात्रि पागला भोला बाउल संप्रदाय के गायकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। लोक कलाकार गोपाल दास, संटी दास और प्रभाती दास ने "मोधू माखा होरिनाम संगे जाबे पोरिणाम", "आमी जानबो बोले देहो तत्वों मोनेर बासोना", "आमार एई जीवोने की भूल कोरलाम रे" और "आर होवे ना मानोव जनोम माथा भांगिले पाषाने" जैसे भावपूर्ण गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि नवतेजपाल सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता को और मजबूत करने का कार्य करते हैं। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष जयंत मंडल, तापस मिस्त्री, बलवंत बोरा, भगवान पांडे, सत्येंद्र यादव, जसवंत सिंह, श्रीकांत विश्वास, सुकुमार मंडल, कालीपद मंडल, किरन बसु, मदन राय, नरेश विश्वास उपस्थित रहे।

## 23 कनेक्शन काटे 25 लाख वसूले

**बाजपुरः** बिजली चोरी रोकने और बकाया बिल वसूली के लिए ऊर्जा निगम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न गांवों में छापेमारी कर 23 घरों के बिजली कनेक्शन काट दिए और करीब 25 लाख रुपये की बकाया राशि वसूल की।

अभियान के दौरान बैंतखेड़ी, बन्नाखेड़ा, इटव्वा और जोगीपुरा समेत कई गांवों में बिजली चोरी पकड़ी गई। टीम ने अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे सुखचैन सिंह, सतनाम सिंह और कुलविंदर सिंह सहित 22 अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और मौके से केबल जब्त कर लिए हैं। अधिशासी अभियंता ने चेतावनी दी है कि बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने समय पर बिल भुगतान करने की अपील की है।


वटवृक्ष देवी मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे में उमड़ी भीड़

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर चार प्राचीन वटवृक्ष देवी मंदिर के नवनिर्माण के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं विधि–विधान से पूजा–अनुष्ठान संपन्न होने पर शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। ग्रामीण महिलाओं ने भजन–कीर्तन के माध्यम से माता का गुणगान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान उपाध्यक्ष शंकर दत्त जोशी, सचिव प्रकाश चंद जोशी, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह कोरंगा, राजेंद्र कुमार त्रिपाठी (भीमताल), पुजारी देवकीनंदन पांडे, ललित बिष्ट, टिका सिंह नेगी, तारा सिंह कोरंगा, चंचल सिंह कोरंगा, मोहन चंद्र पांडे, कैलाश उपाध्याय, जिलापंचायत सदस्य प्रेम आर्या, भाजपा नेता गंगा सिंह पपोला, दर्वान सिंह कोरंगा मौजूद रहे।

# हाथियों ने खेत में गेहूं की फसल रौंदी

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के महोली जंगल में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार रात एक बार फिर जंगल से निकलकर आए हाथियों के झुंड ने किसानों की तैयार खड़ी गेहूं की फसल को रौंद डाला, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। लगातार हो रही बारिश और वन्य जीवों के हमलों की दोहरी मार से जंगल क्षेत्र से सटे गांवों के किसान खासे परेशान हैं।

ग्रामीणों के अनुसार देर रात हाथियों का झुंड खेतों में घुस आया और कई बीघा गेहूं की फसल को तहस-नहस कर दिया। प्रभावित किसानों में राकेश राजपूत, श्याम बाबू राजपूत, रामबाबू राजपूत, सतपाल राजपूत, मुनीष राजपूत और नरेंद्र राजपूत शामिल हैं। किसानों ने बताया कि फसल पककर तैयार थी और कटाई का समय नजदीक था, लेकिन हाथियों के हमले से उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। आए दिन हाथियों के झुंड जंगल से निकलकर आबादी और खेतों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। रात होते ही किसान अपनी फसल की रखवाली के लिए खेतों में डेरा डालने को मजबूर हैं। बताया गया कि कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।


बाजपुर के ग्राम महोली मंगल में तहस–नहस हुई गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

## भूसी से पटा नाला बना मुसीबत, रोष

**बाजपुरः** क्षेत्र के बरहैनी में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। लंबे समय से नाले के भूसी और कचरे से पटे होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। नाला जाम होने से आसपास गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे उठ रही दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों के खतरे को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता और दुकानदार भूरा पाल ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थिति लगातार विकराल होती जा रही है, जिससे क्षेत्र में महामारी फैलने का डर बना हुआ है।


केंद्रीय मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल। ● अमृत विचार

### केंद्रीय मंत्री के समक्ष जाम से निजात दिलाने की उठाई मांग

**सितारगंज :** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने एनएचएआई के निर्माण कार्यों की गहनता से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने जिला सभागार में एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने विभागीय अधिकारियों के समक्ष मंत्री को सितारगंज की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने सितारगंज के लोगों को बाईपास पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की। इसके अलावा नेशनल हाईवे पर स्थित कमानी पुल के सुदृढ़ीकरण और सड़क मरम्मत करने की भी मांग की। जिस पर मंत्री अजय टम्टा ने विभागीय अधिकारियों को सभी समस्याओं पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

## सौराज का रक्षा मंत्रालय में चयन

**बाजपुरः** ग्राम महेशपुरा निवासी सौराज सिंह पासी के बेटे राहुल पासी का रक्षा मंत्रालय, लखनऊ में चयन होने पर परिवार और गांव में खुशी है। राहुल पासी ने प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 8 तक दोराहा खालसा स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने काशीपुर से आईटीआई कर तकनीकी शिक्षा हासिल की। राहुल ने बताया कि उनके पिता दोराहा क्षेत्र में फल का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि उनकी माता रसना देवी गृहिणी हैं। छह भाई-बहनों में सबसे छोटे राहुल ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी पढ़ाई जारी रखी और यह मुकाम हासिल किया।

**हलचल**

कांग्रेस पूर्व महानगर अध्यक्ष रह चुके हैं शर्मा, पार्टी नेताओं को नहीं सौंपा कोई इस्तीफा

# कांग्रेस का हाथ छोड़े बगैर सीपी ने पहन ली सपा की टोपी

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा का सपा टोपी पहने हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खूब सुर्खियां बटोर रहा है। कोई इसे नेताजी का दोहरा किरदार बता रहा है तो कोई यूपी की राजनीति में सक्रिय होने की चर्चा कर रहा है, लेकिन यह सत्य है कि कांग्रेस नेता ने अभी तक पार्टी हाईकमान को इस्तीफा नहीं सौंपा है।

यहां बता दें कि रुद्रपुर के रहने वाले कांग्रेस नेता सीपी शर्मा ने रुद्रपुर कांग्रेस पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाई और कई साल से कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष भी रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा गुट के माने जाते हैं। जब ममता रानी को महानगर अध्यक्ष का दायित्व मिला और महानगर अध्यक्ष की कुर्सी से सीपी शर्मा को मुक्ति मिली तो उनकी निष्क्रियता भी सामने आने लगी। शनिवार को ईद वाले दिन अचानक नेता जी की एक वीडियो वायरल हुई। वीडियो में नेताजी सीपी शर्मा समाजवादी पार्टी की लाल टोपी पहने नजर आ रहे हैं और यूपी मेरठ स्थित ईदगाह में मुस्लिम समुदाय पर पुष्प वर्षा करते हुए दिखाई दिए, जबकि अधिकतर कांग्रेस नेताओं का यही मानना है कि सीपी अभी भी कांग्रेस के नेता हैं। कारण अभी तक नेताजी ने कोई लिखित इस्तीफा पार्टी हाईकमान या फिर जिला एवं नगर पदाधिकारी को नहीं दिया है। जिसकी वजह से पार्टी नेता अभी भी शर्मा को पार्टी का नेता मान रहे हैं। बावजूद सीपी शर्मा की वीडियो इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है ।


सपा की टोपी पहनकर मुस्लिम समुदाय का स्वागत करते कांग्रेस नेता सीपी शर्मा।

### मैं मेरठ देहात से लड़ूंगा सपा से चुनावः शर्मा

**रुद्रपुर :** सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के सवाल पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा से पूछा तो उनका कहना था कि वह मूल रूप से मेरठ के रहने वाले हैं। समाजवादी पार्टी के टिकट से मेरठ देहात का चुनाव लड़ना उनका मकसद है। इसी कारण उनकी मुलाकात सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से हुई थी। रुद्रपुर कांग्रेस कमेटी से उनके द्वारा इस्तीफा दिया जा चुका है। साथ ही चुनाव लड़ने की इच्छा पार्टी हाईकमान को भी दी है। इसलिए वे पिछले कई दिनों से मेरठ में रह रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### सीपी शर्मा ने अब तक नहीं दिया है इस्तीफाः ममता

**रुद्रपुर :** कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने बताया कि जनवरी माह से पूर्व महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के मेरठ से सपा टिकट पर विधायकी का चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा हुई थी। पार्टी छोड़ने का कोई प्रस्ताव सामने नहीं आया था।

# ट्रक चालक को छह माह का साधारण कारावास

- सतेंद्र कौर की हुई थी मौत, सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** सड़क हादसा प्रकरण की सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश ने ट्रक चालक को छह माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपना निर्णय दिया।

बताते चलें कि 29 सितंबर 2016 को किच्छा के रहने वाले बलदेव सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था कि दोपहर ढाई बजे वह अपनी 24 वर्षीय बेटी सतेंद्र कौर के साथ अपनी भतीजी से मिलने उत्तम नगर जा रहा था। इस बीच अचानक तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूके-06 सीए-8853 ने टक्कर मार दी। जिससे बेटी ट्रक के नीचे गिरी और ट्रक रौंदता हुआ फरार हो गया। आनन-फानन में बेटी को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तफ्तीश में ट्रक चालक का नाम नरोत्तम मंडल मेला घाट रोड खटीमा का नाम सामने आया। प्रकरण की सुनवाई सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी की अदालत में हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने ट्रक चालक नरोत्तम को कुछ धाराओं में दोषी करार देते हुए छह माह का कारावास और 1500 रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

## ब्रीफ न्यूज

### नवम् सीमांत साहित्य उत्सव आज

**खटीमा :** मॉडर्न यूटोपियन सोसायटी के तत्वावधान में नवम् सीमांत साहित्य उत्सव आज हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संस्था के महासचिव पूरन बिष्ट ने बताया कि उत्सव में साहित्यकार और लोक संस्कृति से जुड़े विद्वान परिचर्चा करेंगे। इस दौरान सांस्कृतिक संस्थाओं के कलाकार और स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### जवाहर नगर में आधार व चिकित्सा कैंप आयोजित

**शांतिपुरी :** स्वतंत्रता सग्राम सेनानी जवाहरनगर में शनिवार को ग्राम प्रधान तारा मोहन पांडे व जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या के नेतृत्व में आधार संशोधन व निशुल्क चिकित्सा कैंप आयोजित किया गया। शिविर में 70 लोगों के आधार कार्ड में संशोधन व नए कार्ड बनाए गए, जबकि 35 लोगों की नि :शुल्क शुगर व बीपी जांच की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता मोहन पांडे, जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या, रश्मि कांडपाल, प्रिंस कुंवर, सुरेंद्र कोरंगा, अंजू मठपाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य पूर्णिमा दानू, कुंदन सिंह दानू, धर्मेंद्र कोरंगा, फकीर राम आदि मौजूद रहे।

### तमंचा व कारतूस लेकर घूम रहे युवक को पकड़ा

**सितारगंज :** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने तमंचा और कारतूस घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के बाबत शुक्रवार रात को वह बिज्टी–पीलीभीत सीमा के पास गश्त कर रही थी। तभी पुलिस ने बाईपास कॉलोनी, वार्ड नंबर 12 निवासी रफीक पुत्र अब्दुल नवी को एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

### एनएसएस कैंप शुरू

**खटीमा :** राजकीय इंटर कालेज श्रीपुर बिछुवा के एनएसएस के छात्रों के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चटिया फार्म के अध्यक्ष नरेश कलोनी और राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भुवन कलोनी ने फीता काटकर किया। कैंप के प्रथम दिवस पर शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रघुवर पांडे, कार्यक्रम अधिकारी अतर सिंह, योगेश जोशी, अशोक यादव, हेमंत खनका आदि मौजूद रहे।



खटीमा में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार शाम लोहियाहेड हेलीपैड पर क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं के निस्तारण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, मेयर काशीपुर दीपक बाली, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, भवानी भण्डारी, रंदीप पोखरिया, भुवन भट्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान, अधिशासी अभियंता लोनिवि एनके अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कविता को जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी

**दिनेशपुर :** सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता कविता नेगी को भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने पुनः जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी। कविता नेगी को दूसरी बार दायित्व मिलने पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। निर्वाचित भाजपा जिला मंत्री कविता नेगी ने कहा कि वह पूर्व की भांति संगठन की मजबूती करते हुए जनसेवा उनके लिए सर्वोपरि कार्य करेंगी। बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, भाजपा युवा नेता अतुल पांडेय व योगेश पानू, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, जिपंस प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू शामिल थे।



कविता नेगी।

## दिनेशपुर वार्ड- 5 में हुई 51 पीठ काली पूजा में सुख-समृद्धि के लिए दी गईं आहुतियां

# 51 पीठ काली पूजा से भक्तिमय हुआ माहौल

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 स्थित सार्वजनिक अशोक गुसाई काली मंदिर में '51 पीठ काली पूजा' का भव्य आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान को देखने और मां काली का आशीर्वाद लेने के लिए देर रात तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

विधि-विधान से हुआ पूजन शुक्रवार देर रात ठीक 12 बजे मां काली की विशेष पूजा-अर्चना शुरू हुई, जो शनिवार तड़के 5 बजे तक अनवरत चलती रही। पूजा का संचालन प्रख्यात पुरोहित बनमाली चक्रवर्ती द्वारा किया गया। उन्होंने पूरी रात वैदिक मंत्रोच्चार और तांत्रिक विधि से मां काली का आह्वान किया। सुबह के समय भव्य हवन कुंड में आहुतियां दी गईं, जिसमें वार्डवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की सामूहिक प्रार्थना की। आकर्षक सजावट और जन-भागीदारी इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और दूधिया रोशनी से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से माया बनर्जी, शिखा ढाली, राधा विश्वास, अमित बनर्जी, सुमित बनर्जी, दीपाली बैरागी, प्रभा राय, अभय बनर्जी, सुनीता मिस्त्री,कनकलता गाईन, श्रति राय,शांतना मजूमदार, स्वर्णालता गाईन आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर में सजी मां काली की प्रतिमा। ● अमृत विचार

# बेमौसम बारिश ने तराई में बर्बाद की गेहूं और सरसों की फसल

## किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, आर्थिक संकट गहराया, कई स्थानों पर पानी भरने से फसल सड़ने का खतरा भी बढ़ गया

कासिम अंसारी, सितारगंज

**अमृत विचार :** जिले में अचानक बेमौसम बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। सितारगंज में बड़े पैमाने पर गेहूं की तैयार फसल खेतों में बिछ गई। इसके अलावा सरसों की फसल भी बर्बाद हो गई। इससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने कई हजार एकड़ जमीन पर गेहूं और सरसों की फसल बोई गई थी। फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन इसी दौरान आई तेज हवा और बारिश ने खेतों में खड़ी फसल को गिरा दिया। कई स्थानों पर पानी भरने से फसल सड़ने का खतरा भी बढ़ गया है।

वहीं, किसानों ने सरसों की फसल को काटकर सूखने के लिए खेतों में रखा हुआ था। जो तेज हवा और बारिश में भींग कर काली पड़ गई। किसानों का कहना है कि इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन मौसम के अचानक बदले मिजाज ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों में गिरी फसल को काटना भी मुश्किल हो गया है, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते क्षेत्र में बारिश और तेज हवाएं चली हैं। आने वाले दिनों में भी हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। वहीं, प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। कृषि विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर किसानों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। वहीं, किसानों ने सरकार से जल्द राहत देने और उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें इस नुकसान से उबरने में मदद मिल सके।



सितारगंज में बीते दिन चली तेज हवा से बिछी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार



बाजपुर के ग्राम गजरौला क्षेत्र में गेहूं की फसल को हुए नुकसान का जायजा लेते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

### तराई में दो दिन में हुई 19.4 मिलीमीटर बारिश

**रुद्रपुर :** विगत दो दिन हुई तराई में हुई 19 .4 मिलीमीटर बारिश से लोगों को राहत तो मिली है, लेकिन किसानों को अभी गेहूं की तैयार फसल खराब होने की चिंता सता रही है। कारण गुरुवार की रात तेज हवा चलने से किसानों की गेहूं की फसल जमीन पर लेट गयी थी। जबकि पिछले दो दिन तेज हवा तो नहीं चली लेकिन बारिश हुई। यहां बता दें कि गुरुवार की रात तेज हवा चलने के कारण किसानों की फसल जमीन पर लेट गयी थी। वहीं शुक्रवार की सुबह और शनिवार की रात तराई में 19 .4 मिलीमीटर बारिश हुई। इससे कई किसानों की खेतों में तैयार गेहूं की फसल जमीन पर लेट गयी थी। इससे किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है। किसान विक्रमजीत सिंह विर्क ने बताया कि हवा चलने और दो दिन बारिश होने से खेतों में लेटी गेहूं की फसल खराब होने की 5 से 10 फीसदी की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि शनिवार को धूप खिलने से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। अभी खेतों में पानी भी जमा हुआ है। ऐसे में फसल के खराब होने का अंदेशा है।

### नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किया खेतों का निरीक्षण

**बाजपुर :** क्षेत्र में अचानक बदले मौसम, तेज आंधी और बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कई गांवों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। शनिवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित किसानों से मुलाकात की। खेतों का निरीक्षण करने के बाद आर्य ने कहा कि कुदरत की इस मार ने अन्नदाता को गहरे संकट में डाल दिया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा और राहत पैकेज दिया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के हक के लिए वह हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। वहीं, बदहाल किसानों का कहना है कि बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन अब लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का सही आकलन कर जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है ताकि वे इस बड़े वित्तीय संकट से उबर सकें।

### शक्तिफार्म में भी किसान बेहाल

**शक्तिफार्म :** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पककर तैयार खड़ी और कटाई के बाद खेतों में सुखाने के लिए रखी गई लाही (सरसों) की फसल अब बर्बादी की कगार पर है। प्रकृति के बदलते मिजाज ने किसानों की महीनों की मेहनत और पूंजी को संकट में डाल दिया है।

शक्तिफार्म और आसपास के क्षेत्रों में अधिकांश किसानों ने लाही की कटाई पूरी कर ली थी। अचानक हुई बारिश से खेतों में पड़ी फसल पूरी तरह भीग गई है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द धूप नहीं खिली, तो भीगी हुई लाही के दाने काले पड़ सकते हैं या उनमें फफूंद लगने से पूरी फसल नष्ट हो सकती है। स्थानीय किसान नारायण सरकार (देवनगर) और दीपक सरकार (गुरुग्राम) ने अपनी व्यथा साझा करते हुए बताया कि खून-पसीना एक कर तैयार की गई फसल अब खराब हो रही है। इससे न केवल पैदावार कम होगी, बल्कि बाजार में गुणवत्ता गिरने से कम दाम मिलने की भी आशंका है। किसानों के सामने अब आर्थिक संकट है।

# कार ने दो बच्चों को मारी टक्कर


- घायलों को अस्पतालों में कराया गया भर्ती
- चालक हिरासत में, किच्छा हाईवे का है मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** किच्छा हाईवे पर उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब एक अनियंत्रित कार ने साइकिल सवार दो बच्चों के बाद टेम्पो को टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग घायल हो गए और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां भीड़ ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर को किच्छा हाईवे पर यातायात सामान्य तरीके से चल रहा था। इस बीच अचानक रेशमबाड़ी–भदईपुरा हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने पहले सड़क पार कर रहे दो साइकिल सवार बच्चों को उड़ा दिया और फिर सवारी ढो रहे टेम्पो को टक्कर मार दी। गाड़ी इतनी अनियंत्रित हो चुकी थी कि साइकिल नीचे फंस गई और टेम्पो के भी परखच्चे उड़ गए।

घायल बच्चों और चालक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां बच्चों के परिवार के लोग उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले गए, जबकि चालक को भी गंभीर चोट आई है। हादसे के वक्त लोगों की भीड़ ने गाड़ी चालक को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि कार चालक नशे में था और गाड़ी पर अपना नियंत्रण खो चुका था। बावजूद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।





कार के नीचे फंसी बच्चों की साइकिल। ● अमृत विचार

# पेपर मिल में असिस्टेंट शिफ्ट इंचार्ज की मौत

संवाददाता, काशीपुर

- इ्यूटी के दौरान मशीन की चपेट में आया, परिसर में हड़कंप

**अमृत विचार:** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित एक पेपर मिल में शनिवार शाम एक हृदयविदारक हादसा हो गया।

मिल में असिस्टेंट शिफ्ट इंचार्ज के पद पर कार्यरत तमिलनाडु निवासी 24 वर्षीय असिस्टेंट शिफ्ट इंचार्ज की ड्यूटी के दौरान मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। मूल रूप से तमिलनाडु निवासी कविन राज एस (24) पुत्र सेंथिल कुमार मिल परिसर में ही बने आवास में रहता था। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम लगभग पांच बजे ड्यूटी के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह तेज रफ्तार फ्रंट रोल मशीन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। मिल प्रबंधन ने आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से उसे एलडी भट्ट उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पाकर पहुंची कुंडा कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। मिल अधिकारियों के अनुसार, मृतक के परिजनों को तमिलनाडु में सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** सितारगंज मार्ग स्थित ग्राम बरा में आयोजित ''सरदार एकता संदेश समारोह'' में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की नवनिर्मित प्रतिमा का भव्य अनावरण किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अपने संबोधन में राज्यपाल गंगवार ने सरदार पटेल को नमन करते हुए कहा कि 560 से अधिक रियासतों का विलय कर देश को एकजुट करने वाले सरदार पटेल का व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणापुंज है। उन्होंने ऊधम सिंह नगर में इस प्रतिमा की स्थापना को गौरव का विषय बताते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही सरदार पटेल की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' संकल्प का उल्लेख करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला गंगवार व ईश्वरी प्रसाद गंगवार ने राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में यूपी के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री संजय गंगवार, पूर्व जिपं अध्यक्ष रेनू गंगवार और समाजसेवी सुरेश गंगवार आदि उपस्थित रहे।



किच्छा में सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण करते राज्यपाल संतोष गंगवार।



खटीमा के अंजनियां में आयोजित विधिक शिविर में लोगों को जागरूक करते वनकर्मी।

### लोगों ने लिया पौधरोपण करने का संकल्प

**खटीमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व वन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पौधारोपण कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वनों के महत्व कानूनी अधिकार और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जनता को जागरूक किया गया। किलपुरा वन क्षेत्र अंजनिया में वन दरोगा मोहन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में पीएलबी आरबी सिंह राणा ने कहा कि वनों से हमें ऑक्सीजन, शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, औषधीय फल, फूल, लकड़ी आदि अनेक प्रकार की प्राकृतिक संसाधन प्राप्त होते हैं। अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी ने निशुल्क अधिवक्ता लीगल एड दिलाए जाने की बात कही। वन दरोगा मोहन सिंह के नेतृत्व में वन क्षेत्र प्रांगण में फलदार पौधे रोपे गए और उनकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर पिंकी राणा, माया देवी, विजय कुमार, धीरज, नरेंद्र सिंह, दीपक सिंह, मनीष जोशी आदि मौजूद रहे।

मंथन

## अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस की दिल्ली में हुई बैठक

# आदिवासियों को अपने लिए करना होगा संघर्ष

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस की दिल्ली में संपन्न दो दिवसीय बैठक में प्रतिभाग कर वापस लौटे प्रदेश अध्यक्ष नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि बैठक में बल दिया गया कि आदिवासियों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर सहमति जताई गई, जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकार से आदिवासियों को अपने अधिकार लेने होंगे। सरकार स्वेच्छा से कभी इन अधिकारों को बहाल नहीं करेंगी।

उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस विक्रांत भूरिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में के राजू एससी-एसटी एवं ओबीसी कोऑर्डिनेटर के समक्ष देश के विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारियों ने आदिवासियों के मामले उठाए। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक राणा ने आदिवासियों को जंगलों से मिलने वाली हक–हकूक एवं जलौनी, जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में विकास के मद में खर्च होने वाले टाईपल सब प्लांन का बजट निर्गत नहीं होने, वर्षों से लंबित सरकारी विभागों की नौकरियों में बैकलाक न भरे जाने, 1967 से चल रहे जनजातियों की शिक्षा के लिए खोले गए आश्रम पद्धति विद्यालयों का उच्चारण न होने, भाजपा द्वारा संचालित जनजाति वनवासी कल्याण आश्रम के नाम पर आदिवासी पिढ़ी को भ्रमित करने संबंधित मुद्दे उठाए गए। बैठक में देश के विभिन्न प्रदेशों के आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारीयों के साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश राणा सितारगंज उत्तराखंड ने प्रतिभाग किया।



दिल्ली में आदिवासी कांग्रेस की बैठक में शिरकत करने वाले नेता।

# हाईवे कट खोलने को लेकर आज प्रदर्शन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर के बरेली मार्ग स्थित दरऊ चौक पर हाईवे कट खोलने की मांग को लेकर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा अपने समर्थकों के साथ दरऊ चौक पर रविवार को सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञात हो कि दरऊ चौक पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा कट को बंद करने के साथ ही अन्य दो स्थानों पर हाईवे कट खोले गए हैं लेकिन दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया।



तिलक राज बेहड़।

विधायक बेहड़ ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में कई बार जिला प्रशासन एवं एनएच प्रशासन को पत्र लिखकर दरऊ चौक का सौंदर्यीकरण कर चौक को विशाल स्वरूप देने सहित चौक पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था करने की मांग की गई, परंतु प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा रिलायंस पंप के सामने एवं होटल सिटी पैलेस के सामने खोले गए हाईवे कट पर लगातार हादसे हो रहे हैं, जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। इसके लिए प्रशासन को स्थाई समाधान करना होगा।

## सिटी ब्रीफ

### डॉ. महीपाल के शोध पत्र का हुआ चयन

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. महीपाल सिंह के शोध पत्र का चयन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन योजना के लिए किया गया है। डॉ. महीपाल सिंह ने बताया कि शोध पत्र मशीन लर्निंग मॉडल्स टू प्रेडिक्ट द स्ट्रेस-स्ट्रेन बिहेवियर ऑफ सिल्वर नैनो वायर्स का चयन किया गया है। यह शोध पत्र उनकी शोधार्थी रिया गोला और डॉ. संतोष जोशी के साथ इंटरनेशनल जनरल ऑफ कंप्यूटेशनल मैटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है। यह वर्ल्ड साइंटिफिक सिंगापुर से प्रकाशित किया गया है।

### यूकेडी ने चलाया सदस्यता अभियान

**काशीपुर :** उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से एकता सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। शनिवार को ढकिया रोड कुंडेश्वरी स्थित एक गार्डन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को दीं ईद की शुभकामनाएं, व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए पुलिस व नगर निगम प्रशासन का आभार जताया

# काशीपुर और जसपुर में हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाया ईद का पर्व

संवाददाता, काशीपुर/जसपुर

**अमृत विचार:** 30 रोजे पूरे होने के बाद काशीपुर व आसपास के क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया।

मुख्य ईदगाह में शनिवार को नए शहर इमाम मुफ्ती फैजुल हसन ने दो रकअत नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि रमजान के बाद ईद खुशियां और मुहब्बत का पैगाम लेकर आती है। इस मौके पर मुल्क में अमन, चैन और तरक्की के लिए विशेष दुआएं की गई। ईदगाह कमेटी के सदर हसीन खान ने ईद की व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए पुलिस व नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुलिस फोर्स तैनात रही। वहां पूर्व चेयरमैन शमशुद्दीन, अनुपम शर्मा, अलका पाल, अख्तर माहीगीर, आरडी खान, अजमत खान, मेहराज खान, राजा शब्बीर, माजिद अली, मोहम्मद रफी, आरिफ खान, हसन नूरी, अशरफ एडवोकेट, हाजी सलीम खान, तालिब अली खान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर की सभी मस्जिदों में नमाज़ियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।



काशीपुर में ईद पर नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

उधर जसपुर में ईद-उल-फितर का त्योहार जसपुर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय जामा मस्जिद और ईदगाह पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की और देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

शनिवार की सुबह से ही नगर व क्षेत्र में खुशी के साथ पर्व मनाया। मुख्य नमाज जामा मस्जिद और ईदगाह में अदा की गई। जामा मस्जिद में शहर इमाम ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद सामूहिक रूप से हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, खुशहाली और कौमी एकता के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं पर्व के मौके पर घरों में सुबह से ही सेवइयां और विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार किए गए थे। दोपहर बाद से मेहमानों के आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान बाजार में भी खूब रौनक दिखाई दी। इस दौरान विधायक आदेश चौहान ने क्षेत्र में लोगों से गले मिले ईद की बधाई दी। उधर व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने पदाधिकारियों समेत मिलकर ईदगाह पर ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं। यहां पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, नगर पालिका अध्यक्ष नौसाद सम्राट, राशिद सिद्दीकी, विमल अग्रवाल, तरुण पधान, जाकिर हुसैन, आबिद नूरी, रौबी पधान, जाकिर, सनी पधान, मोहसिन आदि मौजूद रहे।

### सब मिलकर मुल्क की भलाई की कोशिश करें

**खटीमा :** नगर और ग्रामीण क्षेत्र में मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में ईद की नमाज़ अता करके मुल्क में अमन व शांति और आपसी भाईचारा की दुआएं की। नूरी मस्जिद इस्लामनगर में मौलाना इरफान उल हक़ क़ादरी ने लोगों से अपील की कि वह एक दूसरे से मोहब्बत करें, गले लगा करके एक दूसरे की मदद करें और हमेशा इसी तरह इकट्ठे होकर अल्लाह की इबादत किया करें। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर मुल्क और कौम़ की भलाई की कोशिश करें। इस दौरान मौलाना इरशाद अहमद तहसीनी, मुफ्ती मोहफ़िज़ रज़ा, हाफ़िज़ ज़रूद्दीन खां, शम्सुल हसन, रियाज़ मंसूरी, गुड्डू प्रधान, पप्पू अली आढ़ती आदि मौजूद रहे।

# मुस्लिम समाज ने काले फीते बांधकर पढ़ी नमाज

### सरकारी भूमि पर नमाज की अनुमति नहीं मिलने से आक्रोश, खेड़ा स्थित ईदगाह स्थल पर लगाए काले झंडे, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

संवाददाता, रुद्रपुर


**अमृत विचार:** पिछले कई दिनों से जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह करने के बाद आखिरकार गुस्साए मुस्लिम समुदाय ने काले झंडे और काले फीते बांधकर गमजदा माहौल में ईद की नमाज अता की और दुआ कि देश-प्रदेश की एकता और अखंडता कायम रहे। वहीं नमाज के दौरान ईदगाह स्थल पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहा और अधिकारी पल-पल की स्थिति की जानकारी जुटाते रहे।

यहां बता दें कि दिसंबर 2025 में प्रशासन और नगर निगम ने खेड़ा स्थित ईदगाह की आठ एकड़ भूमि को सरकारी बताते हुए कब्जा कर लिया था, जबकि ढाई एकड़ की भूमि को ईदगाह कमेटी के हवाले कर दिया था। इसको लेकर पिछले कई दिनों से मुस्लिम नेता हर जनप्रतिनिधि और प्रशासन को खत लिखकर ईदगाह स्थल पर महज दो घंटे की अनुमति प्रदान करने की गुहार लगाते रहे, लेकिन आखिर तक प्रशासन इंकार करता रहा। शनिवार की सुबह साढ़े सात बजे से मुस्लिम समुदाय काबिज भूमि पर एकत्रित होने लगा।

मुख्य गेट पर मुस्लिम समुदाय को रोककर बाजू पर काले फीते बंधवाते रहे। इतना ही नहीं ईदगाह स्थल को भी काले झंडे से पाटा गया था। कारण मुस्लिम समुदाय शुक्रवार को ऐलान कर चुका था कि इतिहास में पहली बार मुस्लिम समाज ईद की खुशियां नहीं, बल्कि गमजदा माहौल और दुखित मन से ईद की नमाज पढ़ेगा। जिसको लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन भी अपनी तैयारी कर चुका था। ईदगाह स्थल का ऐसा कोई हिस्सा नहीं था, जहां पर भारी पुलिस फोर्स तैनात नहीं था। देखते ही देखते सवा 8 बजे जामा मस्जिद के शाही इमाम दानिश रजा मिस्बाही ने समाज को नमाज अता करवाई और कहा कि मौकापरस्त नेता जितनी भी कोशिश कर लें कौमी एकता को तोड़ नहीं सकते।



बांह में काली पट्टी बांधकर नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार



ईदगाह में लगा काला झंडा।

### इमाम ने दिया शिक्षा और इंसानियत का संदेश

**रुद्रपुर :** जामा मस्जिद के शाही इमाम दानिश रजा मिस्बाही ने नमाजियों को संदेश दिया कि इस्लाम कभी नफरत नहीं सिखाता। इंसानियत का पैगाम देना ही इस्लाम को उद्देश्य है। इसके लिए समाज को नफरत छोड़कर उच्च शिक्षा के प्रति ध्यान देना चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ी समाज में सिर उठाकर हक-हकूक का मुद्दा उठा सके। साथ ही अभिभावकों को भी तालीम के लिए आगे आना होगा। नफरत फैलाने वाले सिर्फ मौकापरस्त होते हैं। सभी धर्मों को एकजुट होना पड़ेगा। जिस प्रकार अमेरिका जैसा अहंकारी देश को ईरान ने सबक सिखाया है। कारण अहंकार पतन का कारण होता है। उन्होंने नमाजियों को शिक्षा और इंसानियत के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

### आरएएफ-पीएसी ने आवाजाही पर लगाई रोक

**रुद्रपुर :** खेड़ा स्थित ईदगाह की आठ एकड़ भूमि की निगरानी का जिम्मा जहां आरएएफ और पीएसी के जवानों के हवाले थी। वहीं बाहरी सुरक्षा का जिम्मा पुलिस फोर्स कर रहा था। शुक्रवार की देर शाम को ही आरएएफ की एक प्लाटून और एक कंपनी पीएसी ने काबिज भूमि के अंदर प्रवेश कर लिया था और चारदीवारी का मुख्य गेट बंद कर आवाजाही बंद कर दी थी। शनिवार की सुबह होते ही जैसे ही मुस्लिम समुदाय की आवाजाही शुरू हुई और कुछ मुस्लिम काबिज भूमि की ओर जाने लगे। जिसे देखकर हथियारबंद पुलिस फोर्स ने रोक दिया। हिदायत दी कि प्रतिबंधित भूमि पर कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा।

### ड्रोन-दूरबीन से हो रही थी निगेहबानी

**रुद्रपुर :** शनिवार की सुबह होते ही प्रभारी एसडीएम गौरव बिष्ट, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, सीओ सदर प्रशांत कुमार, सीओ किच्छा भूपेंद्र धोनी, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय पुलिस फोर्स के साथ ईदगाह स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले चुके थे। वहीं भीड़भाड़ होते ही ड्रोन कैमरा पूरे इलाके की निगरानी व वीडियोग्राफी करने लगा। वहीं ऊंचे-ऊंचे मीनार पर चढ़े पुलिस के जवान दूरबीन से निगाहेबाजी कर रहे थे। अचूक सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार था।

### दो बार पढ़ी गई ईद की नमाज

**रुद्रपुर :** पिछले कई वर्षों से ईदगाह स्थित भूखंड पर मुस्लिम समुदाय करीब 11 एकड़ भूमि पर नमाज पढ़ता था। कारण ईद के वक्त 20 से 25 हजार नमाजी नमाज पढ़ते थे, लेकिन प्रशासन द्वारा भूमि पर कब्जा करने के बाद ईदगाह के काबिज वाली ढाई एकड़ की भूमि ही बची थी। जिसको लेकर मुस्लिम नेता बार-बार यही कह रहे थे एक साथ नमाज पढ़ना संभव नहीं है। बावजूद प्रशासन की हठधर्मिता के कारण ज्यादातर मुस्लिम समुदाय ने वार्ड स्थित मस्जिदों में ही नमाज पढ़ी और ईदगाह पर एक नहीं, बल्कि दो बार नमाज पढ़ी गई। कारण काबिज भूमि पर एक साथ नमाज नहीं पढ़ी जा सकती थी।



ईदगाह मैदान में सुरक्षा का जायजा लेते आरएएफ के जवान। ● अमृत विचार



रुद्रपुर में बांह पर काली पट्टी बांधते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार



सितारगंज में ईद के मौके पर एक दूसरे को बधाई देते बच्चे। ● अमृत विचार

### खुदा के सजदे में झुके हजारों सिर

**सितारगंज :** ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद मुकीम रजा कादरी ने शनिवार को ईदुल फितर की नमाज अदा कराई। इसके अलावा रम्पुरा मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, मदीना मस्जिद, बाईपास कालोनी, उस्मानी मस्जिद, बलीनगर मस्जिद के साथ ही पंडरी, गोरीखेड़ा, नकुलिया, चीकाघाट, नयागांव, सिसैया, कठंगरी, नकपुरा, बिथा अकबर व नानकमत्ता के डियूढ़ी खेमपुर आदि गांवों की मस्जिदों में नमाज अता की गई। कोतवाल सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स तैनात था। उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार जुवाठा, जिलानी अंसारी, मोहम्मद आरिफ, बिलाल रजा, शकील अहमद, फरीद रंगरेज, फरियाद हुसैन, शमी खान, असलम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# मेधावियों को छात्रवृत्ति मिलने की संभावना बढ़ी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** स्नातक और स्नातकोत्तर के मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलने की संभावना बढ़ गई है। इसके लिए शासन ने बजट जारी कर दिया है। सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों के खाते में धनराशि भेज दी जाएगी।

राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रशासन ने स्नातक और स्नातकोत्तर में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले करीब 134 छात्र-छात्राओं की सत्र 2025-26 के लिए सूची तैयार की गई थी। इनमें से करीब 115 विद्यार्थियों ने सितंबर-अक्टूबर में पोर्टल पर आवेदन किया था। दिसंबर में इसकी अंतिम तिथि रखी गई थी।

सत्यापन प्रक्रिया के बाद 83 विद्यार्थियों का चयन किया गया। शेष छात्रों ने आवेदन नहीं किए, दस्तावेज अपूर्ण पाए गए। बीते सत्र 2024-25 में करीब 73 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिली थी। बता दें कि सत्र 2023-24 से राज्य के सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता देने के लिए उत्तराखंड उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। इसके तहत स्नातक/स्नातकोत्तर की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है।

# प्रेम के साथ आगे बढ़ने का आह्वान

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर में ईद-उल-फितर का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे के संदेश के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह नगर की जामा मस्जिद, बड़ी मस्जिद और सुनेहरी मस्जिद समेत सभी प्रमुख इबादतगाहों में नमाजियों का सैलाब उमड़ा। नमाज के दौरान हजारों हाथों ने मुल्क की तरक्की, खुशहाली और आपसी सौहार्द के लिए अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगी।

नमाज के बाद युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान पूर्व सभासद नजाकत खान के कार्यालय और सेंट मैरी स्कूल में भव्य ''ईद मिलन'' कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने शिरकत कर कहा कि ईद का पर्व हमें सभी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में हाजी सरवर यार खान, गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी सरदार अवतार सिंह, हाजी सरवर यार खान, पंडित ब्रह्मानंद शर्मा, राजेश प्रताप सिंह, छोटे लाल कोली, फिरासत खान, इस्लाम कुरैशी, शानू मलिक, वीरू बाटला, गुलशन सिंधी, निर्मल सिंह हंसपाल, नितिन फुटेला, मेजर सिंह, विजय अरोड़ा, बॉबी अंसारी, एन यू खान आदि मौजूद रहे।



किच्छा में आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में विधायक तिलक राज बेहड़ एवं लोग।

# बाजपुर में भाईचारे का दिया संदेश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व अकीदत और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की ईदगाहों व मस्जिदों में नमाजियों का तांता लगा रहा। मुख्य नमाज मुड़िया पिस्तौर स्थित ईदगाह में सुबह 9:30 बजे अदा की गई, जहां हजारों हाथ मुल्क की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ में उठे।

नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, नपाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते और पूर्व विधायक संजीव आर्य सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। सुल्तानपुर पट्टी, केलाखेड़ा, बरहैनी और जामा मस्जिद समेत दर्जनों स्थानों पर भी नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

सुरक्षा के मद्देनजर सीओ विभव सैनी और कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। उत्सव के दौरान बाजारों और मिठाई की दुकानों पर भी खासी रौनक देखी गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद शफी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हामिद अली, अकरम पठान, नक्शे अली, इमामी अंसारी, आजाद, सरफराज, मोहम्मद सदीक, नाजिम आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में ईद की बधाई देते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते। ● अमृत विचार



जसपुर में एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मदन कौशिक के मंत्री बनने पर बांटी मिठाई

**जसपुर :** प्रदेश सरकार के मत्रिमंडल विस्तार में वरिष्ठ भाजपा नेता मदन कौशिक को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद स्थानीय भाजपाइयों में खुशी है। शनिवार को सुभाष चौक पर एकत्र हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मदन कौशिक को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उत्साहित होकर जमकर आतिशबाजी की और स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान चौधरी ब्रजवीर सिंह ने कहा कि मदन कौशिक एक कर्मठ नेता हैं, उनके अनुभव का लाभ संगठन के साथ पूरे प्रदेश के विकास को मिलेगा उनके मंत्री बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, तरुण पधान, विमल नम्बरदार, सुधीर विश्नोई, मदन प्रजापति, ब्रजेश चौहान, अभिषेक चौहान, रामपाल सिंह, मनोहर सिंह, बृजेश गिरी आदि मौजूद रहे।

# ईद की खुशियां मातम में बदलीं, मजदूर की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मजदूरी कर घर लौट रहे एक व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

कुंडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरवरखेड़ा निवासी शकील (42) पुत्र शफीक खान मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बीते शुक्रवार की शाम को मजदूरी करके वह घर लौटे और फिर ईद व इफ्तारी का सामान लेने पैदल जा रहे थे। शाम लगभग साढ़े सात बजे सड़क क्रॉस करते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने उनको अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तब आसपास मौजूद लोग उन्हें पास में ही स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं बताया जा रहा है कि हादसे में बाइक सवार भी घायल हो गया। जिसका मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बेटे समीर ने बताया कि पिता ईद और इफ्तारी का सामान लेने पास ही स्थित दुकान पर जा रहे थे। तब तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी।

### ट्रैक्टर चालक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**काशीपुर :** एक साइकिल सवार ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम करनपुर कॉलोनी निवासी राजेश सिंह ने तहरीर देकर बताया कि 19 मार्च को उसका भाई संजय साइकिल से कुंडा चौराहा से अपने घर आ रहा था। जब वह कुंडा-करनपुर मार्ग के बीच में एक पेट्रोल पंप से कुछ आगे पहुंचा। तभी करीब 6 :30 बजे करनपुर की ओर से सामने से आ रहे नीले रंग के ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने बिना कोई संकेत के ट्रैक्टर को गलत साइड में लाकर संजय की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे संजय ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया। जिससे उसके गुप्तांग में गंभीर चोटें लगी और बायें कूल्हे में मल्टीपल फ्रेक्चर हुए। बताया कि चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। बताया कि संजय का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसने ट्रैक्टर ट्रॉली चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### स्कूटी सवार की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** रामनगर रोड पर बीते दिनों स्कूटी सवार युवती की मृत्यु हो गई थी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। न्यू आवास विकास निवासी खूबी राम ने बताया कि 16 मार्च को उसकी पुत्री नेहा चौहान अपनी बुआ नीलम चौहान पत्नी विवेक कुमार निवासी ग्राम चन्दूपुरा, थाना टांडा जिला रामपुर के साथ स्कूटी से प्रतापपुर से काशीपुर आ रही थी।

# अवैध रूप से पशु काटने वाले तीन भाई गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पैगा पुलिस ने धीमरखेड़ा में नहर किनारे अवैध रूप से पशु काट रहे तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से करीब दो कुंतल मीट, तीन खालें और काटने के उपकरण बरामद किए हैं।

शुक्रवार को पैगा चौकी प्रभारी जसविंदर सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि धीमरखेड़ा नया इंटर कॉलेज के पीछे नहर किनारे एक दुकान में अवैध रूप से पशु काटकर मांस बेचा जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची दुकान के अंदर का नजारा देखकर पुलिस दंग रह गई। वहां दो कुंतल कटा हुआ मांस, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और धारदार हथियार दो कुल्हाड़ी व चार छुरियां रखे हुए थे। फर्श पर पशुओं के आठ खुर और खून से सनी तीने खालें भी बरामद हुईं। पुलिस ने मौके से तीन युवकों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान नदीम, अजीम और शाने अली निवासी चक लाहौरा, जिला मुरादाबाद, यूपी के रूप में हुई है। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि उनके पास लाइसेंस नहीं है और आगामी ईद के त्योहार के चलते उन्होंने तीन भैंसे काटी थीं। मौके पर बुलाए गए पशु चिकित्सक डॉ. प्रकाश वैष्णव ने प्राथमिक जांच में इसे भैंस का मांस बताया।

## ब्रीफ न्यूज

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**टनकपुर** : शुक्रवार की रात्रि सूखीढांग क्षेत्र निवासी एक महिला ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूखीढांग के ग्राम पचनई निवासी ममता देवी (39) पत्नी रोशन राम ने रात में जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय टनकपुर ले गए। हालत नाजुक देख डाक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्वजन खटीमा ले जा रहे थे कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। टनकपुर कोतवाली के एसएसआई पूरन सिंह तोमर ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने शव कब्जे मे लिया और शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजन को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने के कारण पता नहीं चल पाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### थानाध्यक्ष ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**बनबसा** : मेला क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने कैनाल क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों में खाद्य पदार्थों की रेट लिस्ट, कर्मचारियों के सत्यापन और अग्निशमन यंत्रों की जांच की। थानाध्यक्ष ने दुकानदारों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शारदा चौकी बैराज इंचार्ज देवेंद्र बिष्ट भी मौजूद रहे।

### मदिरा की दुकान खोलने पर होगा आंदोलन

**चम्पावत** : जनपद के सीमांत क्षेत्र मंच में देशी शराब की दुकान खोलने का विरोध शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने डीएम मनीष कुमार को ज्ञापन भेजकर दुकान खोलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। आबकारी विभाग की ओर से जिले के चार स्थानों पर नई देशी शराब की दुकान खोलने के लिए टेंडर प्रकिया शुरू की गई थी। मंच में दुकान खुलने की भनक लगते ही ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि मंच क्षेत्र में पड़ने वाला गुरु गोरखनाथ धाम एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। जहां पर देश-विदेश से श्रद्धालु अखंड धूनी के दर्शन करने आते हैं। कहा कि मंच क्षेत्र देवी-देवताओं की भूमि है। शराब की दुकान खोली गयी तो इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। उन्होंने हर हाल में दुकान खोलने की अनुमति न देने की मांग की है। ज्ञापन में केदार सिंह, दिनेश सिंह, कमल सिंह, गोपाल महर, राम महर, विनोद महर, कृष्ण सिंह महर, प्रहलाद सिंह महर, महेश सिंह, डूंगर सिंह, सरस्वती देवी, कमला देवी, गीता देवी सहित अन्य के हस्ताक्षर हैं।

# दर्शन उत्सव में हुए रंगारंग कार्यक्रम

- अल्मोड़ा में दर्शन उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में दर्शन उत्सव कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देतीं युवतियां।

**अमृत विचारः** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित दर्शन उत्सव कार्यक्रम का आगाज हो गया है। शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने प्रस्तुति से समा बांध दिया।

मां अंबे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल की ओर से सरकार की आली में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारीणी सदस्य रवि रौतेला, त्रिभुवन गिरी महाराज, विनीत बिष्ट और रंगकर्मी प्रकाश बिष्ट ने दीप जलाकार किया। इसके बाद लोक कलाकार महिपाल मेहता ने अपने मधुर और सुरमयी गीतों से समा बांध दिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और पूरा वातावरण लोकसंगीत की मिठास से भर गया। वहीं, लोक कलाकार गोकुल बिष्ट ने छपेली नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा उत्तर-प्रदेश की टीम ने कत्थक और भरतनाट्यम के सुंदर समन्वय में प्रस्तुत ''सीता हरण'' की नाटिका ने मंच पर एक जीवंत कथा का सृजन किया। जबकि पंजाब के कलाकारों ने पारंपरिक जिंदवा, गिद्दा और भांगड़ा, मध्य प्रदेश की टीम ने बधाई और नौरता नृत्य के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया। उत्तराखंड की टीम ने कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों में शानदान नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर यहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शंख और घंटियों की ध्वनि से गुंजायमान रहे मंदिर, भजन कीर्तन का भी आयोजन

# मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में पूजा अर्चना को पहुंची महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र पर शनिवार को अल्मोड़ा में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना के लिए नगर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान सुबह से ही शंख घंटियों की ध्वनि से पूरा माहौल भक्ति मय बना रहा।

नवरात्र में नगर के लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मां के भजनों से माहौल भक्तिमय हो रहा है। वहीं, मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मां के भक्तों ने उपवास रख कर मंदिरों और घरों में सुंदरकांड, दुर्गा देवी पाठ व भजन कीर्तन किए। त्रिपुरा सुंदरी, नंदादेवी, जाखनदेवी, पातालदेवी, बानड़ीदेवी, कसारदेवी, उल्का देवी, स्याहीदेवी, मनसा देवी, दूनागिरी मंदिर, चितई, रघुनाथ मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, वन देवी मंदिर आदि मंदिरों में लोगों का तांता लगा रहा है। उधर, चौखुटिया, द्वाराहाट, भिकियासैंण समेत धौलछीना के विमल कोट मंदिर में माता के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं, स्याही देवी मंदिर में कथा व्यास ने वेद और व्यास की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने नन्दिनी गाय, वरिष्ठ और शांतनु से जूड़े वृतांत भी श्रद्धालुओं को सुनाए। मौके पर भजन कीर्तनों का भी आयोजन हुआ।

### नवरात्र पर शारदा बैराज के गेट दिनभर खुले, राहत

**बनबसा** : शारदा बैराज के गेट अब नवरात्र तक सुबह से शाम तक खुले रहेंगे। नवरात्रि के चलते हजारों श्रद्धालु मां पूर्णागिरी मंदिर के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। माता पूर्णागिरि के दर्शन के बाद श्रद्धालु सिद्धनाथ बाबा के दर्शन के लिए नेपाल के महेंद्रनगर भी जाते हैं। पहले बैराज का गेट करीब सात घंटे के लिए खुलता था, जिससे श्रद्धालुओं और वाहनों की भीड़ एक साथ जमा हो जाती थी और जामलग जाता था। यूपी सिंचाई विभाग के जेई रोहित चौधरी ने बताया कि भीड़ को देखते हुए गेट सुबह से शाम तक खोला जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# चम्पावत में डीएम ने लिया रसोई गैस वितरण व्यवस्था का जायजा

## उपभोक्ताओं से संवाद कर समस्याएं सुनीं, पारदर्शी और समयबद्ध आपूर्ति के दिए निर्देश

- एजेंसी के साथ ही वितरण स्थलों का भी किया निरीक्षण

संवाददाता, चम्पावत


चम्पावत में महिलाओं से बातचीत करते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रसोई गैस के संकट के बीच जनपद में गैस आपूर्ति को सुचारु और सुलभ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार ने गैस वितरण व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चम्पावत स्थित गैस एजेंसी और छतार डिलीवरी प्वाइंट का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गैस वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और जनसुलभ बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के प्रतिनिधि हर्षित पंत, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पंजीकरण अनिवार्य, एजेंसी से भी मिलेगी सुविधा

उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही निर्धारित तिथि और समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पंजीकरण में दिक्कत हो, उनका पंजीकरण गैस एजेंसी के माध्यम से भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

**वार्डवार रोस्टर बनाने के निर्देशः** डीएम ने कहा कि चम्पावत में गैस वितरण के लिए वार्डवार तिथियां तय कर एक सुव्यवस्थित रोस्टर तैयार किया जाए। इससे उपभोक्ताओं को उनके नजदीकी डिलीवरी प्वाइंट पर गैस उपलब्ध हो सकेगी और एजेंसियों पर भीड़ कम होगी।

**छतार में वाहन से होगी गैस आपूर्तिः** डीएम ने छतार वार्ड में गैस वाहन के जरिए सभी उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचाने के निर्देश दिए, जिससे वितरण प्रक्रिया और अधिक सुगम हो सके।

### पालतू कुत्ते ने बालक को किया लहूलुहान मां ने दी तहरीर

**बाजपुर, अमृत विचारः** गिल चौकी क्षेत्र के वार्ड नंबर-11 (भौना कालोनी) में एक पालतू कुत्ते के हमले में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद से क्षेत्र के निवासियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित बालक की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कुत्ते के मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कॉलोनी निवासी उषा ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे उनका पुत्र पवन अपनी भतीजी को बुलाने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक सफेद रंग के पालतू कुत्ते ने उस पर पीछे से हमला कर दिया और बाएं पैर में बुरी तरह काट लिया। बालक के शोर मचाने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

पीड़िता का आरोप है कि उक्त कुत्ता पहले भी कई लोगों को काट चुका है, लेकिन मालिक द्वारा लापरवाही बरतते हुए उसे खुला छोड़ दिया जाता है। इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत और आक्रोश है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि बालक के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कुत्ता मालिक की होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दायित्वों को पूरे मनोयोग से पूरा करें सीएलएफ कार्मिक


अल्मोड़ा में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद सीएलएफ कार्मिक।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा में दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न
- आजीविका सुदृढ़ करने, परियोजना के विभिन्न की दी जानकारी

**अमृत विचारः** ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के तहत दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का समापन हो गया है। कार्यक्रम में हवालबाग, लमगड़ा, धौलादेवी, भैंसियाछाना और द्वाराहाट के सीएलएफ नवनियुक्त कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना निदेशक केएन तिवारी ने किया। इस दौरान प्रशिक्षण में नवनियुक्त कार्मिकों को परियोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सहकारिता स्तर पर दस्तावेजीकरण एवं रिपोर्टिंग को व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। सहायक प्रबंधक सुनील जोशी नेपीपीटी के माध्यम से समूह सदस्यों की आजीविका सुदृढ़ करने के लिए परियोजना के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, प्रशिक्षणार्थियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण एवं मनोयोग के साथ करने पर जोर दिया तथा अर्जित ज्ञान का उपयोग करते हुए समूह की महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान देने का आह्वान किया। यहां परियोजना निदेशक एवं जिला परियोजना प्रबंधक राजेश मठपाल, सहायक प्रबंधक संदीप सिंह, दीपक चंद रमोला, यंग प्रोफेशनल उत्कर्ष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को बताया योग का महत्व


योग शिविर में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- सरस्वती विद्यालय रानीखेत में योग कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** सरस्वती विद्यालय रानीखेत में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पतंजलि कमला रिखारी ने योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लाभ बताए।

कार्यक्रम में योग सेवा में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। पतंजलि जिला संगठन मंत्री विमला रावत ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए महिलाओं को योग का महत्व बताया। कार्यक्रम में तहसील प्रभारी सुनीता डाबर ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से योग सेवा में जुड़ने का आग्रह किया।

इस मौके पर संगठन की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमला रिखारी, जिला संगठन मंत्री विमला रावत, तहसील प्रभारी सुनीता डाबर, मीना वर्मा, बबीता देवी, ललित बिष्ट,गरिमा साह, माया नैनवाल, शोभा पंत,भारती जलाल, कल्पना जोशी, रंजना खरे वीरांगना आदि मौजूद रहे।


जरूरतमंदों को राशन किट बांटते जामा मस्जिद मुतावल्ली कमेटी के लोग।

### जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया राशन किट

**अल्मोड़ा** : जामा मस्जिद मुतावल्ली कमेटी अल्मोड़ा जरूतरमंदों की मदद को आगे आया है। कमेटी के सदस्यों ने नगर में ईद पर्व के अवसर पर गरीब मुस्लिम परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर जामा मस्जिद मुतावल्ली रजा अली अंसारी ने बताया कि उत्तराखंड वक्फ बोर्ड निर्देश पर नगर में जरूरतमंदों की मदद को अभियान चलाया गया। बताया कि अभियान का उद्देश्य कही भी कोई असहाय गरीब परिवार ईद की खुशियां मनाने से महरूम न रह पाए। बताया कि राशन किट में आटा, चावल, सिवाई, तेल, ड्राई फ्रूट, चीनी, दूध समेत आदि सामग्री दी गई है। यहां शहर इमाम कारी बहादुर अली, हाजी नूर खान, हाजी इस्लाम, मेहराजुल इस्लाम, अकबर खान, रोनी अंसारी, तारिक हुसैन, अनवर खान, शाहनवाज हुसैन अंसारी, बाबर अंसारी, हाजी सफीक नसीम अहमद रहे।

# वनों की सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

संवाददाता, टनकपुर



छीनी अनुभाग कार्यालय में वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को किया जागरूक।

**अमृत विचारः** दो गाड़ी वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी धीरज कुमार जोशी के नेतृत्व व निर्देशन में छीनी चौकी परिसर में पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व ग्रामीणजनों के साथ विश्व वानिकी दिवस 2026 थीम फॉरेस्ट और इकॉनमी आयोजित किया गया।


कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर वनों के महत्व, उपयोग,संरक्षण व संवर्द्धन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। वन क्षेत्राधिकारी जोशी ने ग्रामीणों को क्षणिक लाभ के लिए वनों में आग न लगाने, वन व वन्य जीवों को आग लगने से होने वाले नुकसान व दुष्प्रभावों संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही वनाग्नि सुरक्षा में बढ़ चढ़ कर सहयोग भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपील की गई। उन्होंने ग्रामीणों को अनावश्यक वनों में न जाने, हिंसक वन्य जीवों से बचाव में सावधानियां बरतने व मानव वन्य जीव संघर्ष रोकथाम पर जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि हम सभी पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए काम करेंगे। कार्यक्रम में उप वन क्षेत्र अधिकारी चंद्रशेखर सकलानी, वन रक्षक बसंती देवी, वन बीट अधिकारी सुमन चौहान, रवि कुमार, अजय अधिकारी, जीवन कुमार, पीएलवी अजय गुरुरानी,सोनी थापा, सोनी जहां, किरन गहतोड़ी, हेमलता गड़कोटी, राधिका अधिकारी, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद उमर, बिशन सिंह, हरीश राम, कुलवंत सिंह, किशन चन्द, बसंती देवी, बिसना देवी आदि मौजूद रहे।

## पर्व

### अल्मोड़ा में भाईचारे के साथ मनाई गई मीठी ईद, कैंट स्थित ईदगाह में रोजेदारों ने अता की नमाज

# ईद उल फितर पर रोजेदारों ने अमन-चैन की मांगी दुआ

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में शनिवार को कैंट स्थित ईदगाह में नमाज अता करते रोजेदार।

**अमृत विचारः** जिलेभर में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। रोजेदारों ने ईद की नमाज अदा कर देश-प्रदेश की तस्करी, अमन चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। रोजेदारों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद पर्व को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह देखा गया।

शनिवार को आर्मी कैंट स्थित ईदगाह में जामा मस्जिद के शहरी इमाम बहादुर अली नायक इमाम हारुण खान ने ईद की नमाज अता करवाई। इसके बाद देश में अमन चैन आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द की दुआ की गई। इससें बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे। बच्चों में भी ईद को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान रोजेदारों को बधाई देने के लिए कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। रोजेदारों को गले लगाकर ईद की बधाई दी गई। वहीं, बड़े बुजुर्गों ने बच्चों को ईदी और उपहार दिए। घरों में सिवई समेत विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए थे। देर शाम तक लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर ईद की बधाई दी। इसके अलावा नगर के जामा मस्जिद, नियाजगंज, धार की तूनी मजार, करबला में भी नमाज अदा की गई।

### रानीखेत में उल्लास से मनाया ईद-उल-फितर का पर्व

**रानीखेत** : यहां ईद-उल-फितर पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह करीब 9 बजे जामा मस्जिद रानीखेत में सैकड़ों लोगों ने एक साथ नमाज़ अदा की। इस दौरान पेश इमाम लईक अहमद तहसीनी ने ईद की नमाज़ पढ़ाई, जबकि जामा मस्जिद सदर मो. इरफान ने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए शासन-प्रशासन और पुलिस का आभार जताया। नमाज़ के बाद जब दुआ के लिए हाथ उठे, तो हर दिल में देश की सलामती, अमन-चैन और भाईचारे की भावना झलक रही थी। पेश इमाम ने दुआ में देश की तरक्की, खुशहाली और हर घर में सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोगों से आपसी प्रेम, एकता और इंसानियत बनाए रखने की अपील की। ईद मिलन कार्यक्रम में करण माहरा भी शामिल हुए। उन्होंने सभी को ईद की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मोहन नेगी, उमेश भट्ट, कुलदीप कुमार, प्रमोद पाल आदि मौजूद रहे।

**ये लोग रहे मौजूदः** इस मौके पर मुतावली जमा मस्जिद रजा अली अंसारी, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पार्षद वैभव पांडे, नूर अकरन खान, शेखर लखचौरा, जंग बहादुर थापा, डॉ जीसी दुर्गापाल, दीपक कुमार, पूरन रौतेला, संजय साह, ताराचंद जोशी, आजाद खान,राजा खान, बाबर अंसारी, शानू अंसारी, निजाम कुरैशी, हाजी सफीक, अहमद अनस अंसारी, अकबर खान, मुस्तकीम मलिक, लियाकत खान आदि रहे।

# लोगों ने दी एक दूसरे को ईद की बधाई

संवाददाता, टनकपुर


टनकपुर नई जामा मस्जिद में नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

**अमृत विचारः** ईद-उल-फितर का पर्व उत्साह से मनाया गया। शनिवार की सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में पहुंचने शुरू हो गए। टनकपुर की पुरानी जामा मस्जिद, नई जामा मस्जिद, मनिहारगोठ व बनबसा मस्जिद में नमाज अदा कर मुल्क और कौम की तरक्की की दुआ मांगी।

पुरानी जामा मस्जिद-में मोहम्मद एजाज, नई मस्जिद में अब्दुल करीम, पुरानी मस्जिद मनिहारगोठ में इमाम मजीदुर्रहमान और बनबसा में तोहिर व जाकिर हुसैन ने नमाज अता कराई। नमाज सम्पन्न होने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। जिलाधिकारी मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य,तहसीलदार डॉ ललित मोहन तिवारी, तहसीलदार जगदीश नेगी, सीओ वंदना वर्मा, कोतवाल चेतन रावत, अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर पालिका की ओर से नमाजियों के लिए मस्जिद के समीप पेयजल के स्टाल लगाए गए। पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, आनंद सिंह मेहरा, हेमा वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, महामंत्री संजय पांडेय, सभासद दिनेश कुमार, हसीब अहमद, सविता बिष्ट, सब्या बाल्मीकि, दिलदार अली, वकील अंसारी, शैलेंद्र सिंह, वर्षा शर्मा, योगेश पांडे आदि ने लोगों को ईद की बधाई दी।



बड़े बड़ाई ना करैं, बड़ो न बोलैं बोल।
रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मेरो मोल॥

रहीम कहते हैं कि जिन लोगों में बड़प्पन होता है, वो अपनी बड़ाई कभी नहीं करते। जिस तरह से हीरा कितना भी अमूल्य क्यों न हो, लेकिन कभी अपने मुंह से अपना मोल नहीं बताता।



# प्रकृति की शक्तियों को आदर देने की प्राचीन परंपरा

सत्य प्रत्येक परिस्थिति में उपयोगी होता है, लेकिन जीवन संघर्ष में सत्य के साथ शक्ति भी चाहिए। श्रीराम और रावण के बीच हुआ युद्ध काफी लंबा चला था, लेकिन प्रारंभिक चरण में श्रीराम की विजय सुनिश्चित नहीं थी। इसको लेकर काफी चिंता थी। प्रख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने 'राम की शक्ति पूजा' में युद्ध का भावुक वर्णन किया है। एक सायं सभी योद्धा शिविर में लौटे। निराला जी लिखते हैं, "आए तब शिविर, सुग्रीव, विभीषण जामवंत, अंगद/हनुमान बैठे रघुकुल मणि श्वेत शिला पर।" निराला जी ने श्रीराम के संशय का उल्लेख किया है,"बोले रघुमन विजय न होगी न समर ये नहीं रहा नर वानर का राक्षस से रण। उतरी पा महाशक्ति रावण से आमंत्रण।" श्रीराम बेचैन हैं। अन्याय जिधर है उधर शक्ति। श्रीराम को आश्चर्य था कि महाशक्ति रावण के पक्ष में क्यों हैं? जामवंत ने कहा, "रघुवर विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण। हे पुरुष सिंह तुम भी यह शक्ति करो धारण। आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर। शक्ति की करो मौलिक कल्पना। करो पूजन।"

रावण ने अपने तप बल से तमाम शक्तियां अर्जित की थीं। शक्ति उपासना का उत्तर शक्ति उपासना में ही संभव है। राम ने भी शक्ति पूजा का आश्रय लिया। राम आसन जमाकर बैठे। आठवें दिन ध्यान ऊर्ध्व शिखर पर पहुंचा। वे प्रत्येक पुरश्चरण के बाद देवी के चरणों में नीलकमल चढ़ाते थे। अंतिम आराधन में श्रीराम ने जैसे ही नीलकमल के लिए अपना हाथ बढ़ाया, नीलकमल गायब था। श्रीराम चिंतित हो गए। हमारा लाया हुआ नीलकमल कहां गया। उन्होंने तत्काल विकल्प बनाया। माताजी मुझको राजीव नयन कहती थीं। मैं वहीं अपने नयन अर्पित करूंगा। निराला जी कहते हैं ब्रह्मांड कांपा। देवी का उदय हुआ। देवी ने राम का हाथ पकड़ा, "देखा राम ने सामने श्री दुर्गा भास्वर।" निराला ने लिखा है,"होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन कहे महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन।"

शक्ति का अर्जन, उपासन पुरश्चरण और जागरण लोक को प्रकाश और आनंद से भर देता है। दुर्गा सप्तशती देवी उपासना के पांचवें अध्याय में देवी को प्रत्येक रूप और भाव में भरा पूरा बताया गया है।


देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलूचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है। देवी उपासना की शुरुआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है। ऋ ग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अंबिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं।


यहां देवी लज्जा हैं। विद्या हैं। माता हैं। कण-कण में व्याप्त हैं। 11 वें अध्याय के अंतिम श्लोक में देवी सबको आश्वासन देती हैं कि जब-जब बाधाएं आएंगी। दानवी शक्तियां कष्ट देंगी। तब-तब मैं प्रकट होऊंगी और दानवी शक्तियों का नाश करूंगी। यहां गीता की ध्वनि है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि "जब-जब धर्म का पराभव होगा, तब-तब सज्जनों की रक्षा और धर्म के अभ्युदय के लिए मैं आऊंगा।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलूचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है। देवी उपासना की शुरुआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अंबिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं। ईसा पूर्व (छठी शताब्दी) यूनानी दार्शनिक थेल्स ने सृष्टि का उद्भव जल से बताया। इसके पहले ऋग्वेद में जल को जल माताएं 'आपः मातरम्' कहा गया है। इडा, सरस्वती और मही नाम की तीन देवियों का उल्लेख ऋग्वेद (5.5.8) में है। यहां रात्रि भी मां है। ऋ ग्वेद (10.127) में रात्रि भी उपास्य देवी हैं। कहते हैं, "रात्रि मां के आंचल में पैरों से चलने वाले, पंखों से उड़ने वाले कीट पतिंग और पथिक सुखपूर्वक सोते हैं।" अथर्ववेद में रात्रि देवी को संवत्सर की प्रतिमा कहा गया है। भारतीय देवतंत्र में देवी माँ की अनुभूति गहरी है।

ऋग्वेद में वाणी देवी हैं। वे कहती हैं, "मैं रूद्र, वसु, आदित्य और विश्व देवों के रूप में विचरण करती हूं। मैं मित्र वरुण इंद्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मैं सृष्टि के सभी प्रपंचों रूपों भावों में स्थित हूं। मेरी सहायता से ही प्राणी अन्न खाते हैं। देखते हैं। सांस लेते हैं। सुनते हैं। मैं जिसे चाहती हूं, उसे शक्तिशाली स्तोता, ऋषि और बुद्धिमान बनती हूं। मेरा निवास जल में है। वहीं से मैं सारे संसार में विस्तृत होती हूं।" सही बात है। जल सृष्टि का आदि तत्व है। दिव्यता का आदिकेन्द्र है। देवी वहीं हैं। वे अव्यक्त से व्यक्त होकर सृष्टि बनती हैं और बनाती हैं। ऋग्वेद का यही पूरा सूक्त अथर्ववेद में भी है। अथर्ववेद में अमावस्या और पूर्णिमा भी देवी हैं।

देवी दिव्यता हैं। दिव्यता अनंत रूपों आयामों में प्रकट होती है। दिव्यता के रूप नाम अनेक हैं। कहीं दुर्गा हैं, तो कहीं वाराही। खड्गधारिणी, शूलधारिणी और वैष्णवी। शाश्वत सत्य एक है। उसका कथन और आस्वश्ति एक है। हड़प्पा की खोदाई में देवी पूजा के तमाम साक्ष्य मिले थे। पत्थर की मोहरों पर देवी का अंकन अनुमानित किया गया। मौर्य काल के पुरातात्विक साक्ष्यों में देवी अभयदान की मुद्रा में हैं। महाभारत के भीष्म पर्व में अर्जुन की दुर्गा स्तुति का उल्लेख है। विराट पर्व में युधिष्ठिर भी देवी की पूजा करते हैं।

दुर्गा सप्तशती सर्वाधिक लोकप्रिय है। नवरात्र उत्सवों में इसका पाठ होता है। इसकी कथा मजेदार है। यहां एक राजा हैं सुरथ। वे मेधा ऋषि के आश्रम में पहुंचे। समाधि नाम का वैश्य है। उसने परिश्रमपूर्वक धन जुटाया था। घर वालों ने उसे घर से निकाल दिया। वह भी ऋषि आश्रम पहुंचा। सुरथ नाम में रथ गति का प्रतीक है और सु सुंदरता का, लेकिन सुरथ सुगति नहीं पा सके। समाधि का अर्थ मन से मुक्ति होता है, लेकिन यहां समाधि नाम के वैश्य धन की चिंता में पीड़ित और परेशान हैं। मेधा ऋषि हैं। मेधा ऋषि ही बनाती है। मेघा दोनों को देवी रहस्य बताते हैं। ऋषि के प्रबोधन से सुरथ सुरथी बनते हैं और समाधि नाम के वैश्य समाधि का वास्तविक अर्थ जान जाते हैं। सप्तशती के पाठ की परंपरा है। पाठ अध्ययन नहीं होता। अध्ययन में बुद्धि साझी होती है। सोच विचार भी चलता है, लेकिन पाठ में हृदय लगता है। तब शब्द अपना मूल अर्थ खो देते हैं। शब्दों के गर्भ में छिपी अक्षर शक्ति प्रकट होती है। यही बात देवी मंदिरों के दर्शन में भी है। देव प्रतीति प्राचीन परंपरा है। इस अनुभूति को दुर्गा, लक्ष्मी, वाराही, काली सहित कोई नाम दीजिए। नाम से फर्क नहीं पड़ता। सर्वत्र एक ही ऊर्जा है। भीतर, बाहर। ऊपर, नीचे, आगे, पीछे।

# कांग्रेसी विधायकों के बाजार में एक विधायक ऐसा भी

अभी हाल ही हुए राज्यसभा सदस्यों के चुनाव में लगभग सभी चुनावी प्रदेशों में कांग्रेस विधायकों के खरीद फरोख्त का पर्दाफाश हुआ है। कांग्रेस ने कुछ को पार्टी से निकाला है, तो कुछ को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। ऐसे चुनावों में कांग्रेस को अपने विधायक छुपाने पड़ते हैं और अंततः दो-चार दस बिक ही जाते हैं। साफ है कि यह कांग्रेस नेतृत्व के चाहे केंद्र का हो या प्रदेश का कहीं न कहीं उसके कमजोर होने का संदेश है। हालांकि हम इसे नैतिकता, सिद्धांत और ईमानदार होने के ढोंग से भी जोड़कर आत्मसंतुष्ट हो सकते हैं। थोक के भाव कांग्रेस विधायकों के खरीद-फरोख्त के बीच कुछ साल पहले यूपी में हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस के विधायक विरेंद्र चौधरी की चर्चा होना स्वाभाविक है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। यहां राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार भी नहीं था, सपा ने पूर्व आईएएस आलोक रंजन को मैदान में उतार रखा था। आलोक रंजन के लिए यह चुनाव अंतर आत्मा की आवाज पर ही निर्भर था। चुनाव के ठीक पहले 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन हो चुका था। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में सपा को कांग्रेस के दोनों विधायकों के वोट की दरकार थी। इन विधायकों के लिए कांग्रेस का कोई ह्विप भी नहीं था। विधायकों की खरीद-फरोख्त जोरों पर थी। करोड़ों करोड़ की बोली लग रही थी, साथ में लखनऊ में एक वेलफर्निस्ड फ्लैट भी। अब जब ऑफर इतना आकर्षक हो,तो किसका मन नहीं लपलपा जाएगा। इस पर कंट्रोल तो कोई कलेजे वाला, वाकई ईमानदार व सिद्धांतवादी विधायक ही कर सकता है।


यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। यहां राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार भी नहीं था, सपा ने पूर्व आईएएस आलोक रंजन को मैदान में उतार रखा था। आलोक रंजन के लिए यह चुनाव अंतर आत्मा की आवाज पर ही निर्भर था।


निःसंदेह यूपी के महराजगंज जिले के फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने ऐसा कर दिखाया। बिना किसी लोभ-लालच में उन्होंने सपा के उम्मीदवार को वोट दिया। इस बात का खुलासा किसी और ने नहीं, स्वयं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने महराजगंज में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे वीरेंद्र चौधरी के प्रचार हेतु आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। विरेंद्र चौधरी अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव सिंहपुर के निवासी हैं। बेशक वे एक जमींदार परिवार के सदस्य हैं, लेकिन धन-दौलत की लालच किसको नहीं डिगा दी है। विरेंद्र चौधरी पांच चुनाव हारने के बाद पांचवी बार जीतने में कामयाब हुए हैं। हार वाली इन पांच चुनावों में अच्छे-अच्छे लोग आर्थिक रूप से टूट जाते हैं, जाहिर वीरेंद्र चौधरी के साथ भी ऐसा हुआ हो, बावजूद इसके सिर्फ एक वोट की खातिर करोड़ों रुपये का आफर ठुकरा देना विरेंद्र चौधरी की न केवल पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा का सबूत है, आज की काजल की कोठरी की राजनीति में ईमानदार और सिद्धांतवादी होने का जीता-जागता उदाहरण भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नवरात्रः आत्मबल, संयम और सकारात्मकता

सनातन संस्कृति में विभिन्न पर्वों के पीछे सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा छिपी है। वासंतिक नवरात्र के अवसर पर भी यही भाव है कि मां दुर्गा की आराधना कर उनसे शक्ति प्राप्त करने की कामना की जाए। मां दुर्गा का जब विविध रूपों में दर्शन करते हैं, तो 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' की प्रार्थना करते है। दरअसल मानव जीवन में मनुष्य पर नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव पड़ता है। इसलिए नकारात्मकता से लड़ने के लिए पूजा-पाठ, व्रत-उपवास किए जाते हैं। साथ ही धर्मग्रंथों के अध्ययन भी इस अवधि में किए जाते हैं। ज्यादातर आस्थावान लोग श्रीदुर्गासप्तशती तो बहुत से लोग रामचरितमानस का नवाह्न विधि से पाठ करते हैं। श्रीदुर्गासप्तशती की शुरुआत ही 'मधु' और 'कैटभ' नामक राक्षसों के वध से है। मधु का एक अर्थ शराब है। यानी नशा। नशा किसी प्रकार का हो वह कोलाविध्वंस है और कैटभ का अर्थ नकारात्मकता से है। यानी जब इन प्रवृत्तियों का प्रभाव जीवन पर पड़ने लगे, तो मां दुर्गा की शरण में जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भी कोई शिशु संकट में पड़ता है और उसे कष्ट या दुःख होता है, तो अपनी मां के आंचल में जाकर सुख पाता है।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

सांसारिक जगत में कब कौन सी विपत्ति आ जाएगी कहा नहीं जा सकता। श्रीदुर्गासप्तशती में ही 'सुरथ' नाम के राजा पर कोलाविध्वंस नामक के राक्षस ने आक्रमण कर पराजित कर दिया। सुरथ का अर्थ ही 'सु-रथ' यानी शरीर रूपी रथ को सुचारू रूप से संचालित करने वाला तथा कोलाविध्वंस का अर्थ कुल का विध्वंश करने से निकलता है। राजा सुरथ पर तो राक्षस ने प्रहार किया, जबकि समाधि नामक वैश्य को उसके ही परिवार ने घर से निकाल दिया।

'सुरथ' और 'समाधि' दोनों मेधा ऋ षि के आश्रम पर गए और 'मेधा' ऋषि की सेवा करने लगे। निहितार्थ यही है कि अपना मन ही जब नकारात्मक हो जाए या अपनी पंच ज्ञानेंद्रिय रूपी परिवार साथ न दे, तो मेधा-शक्ति यानी सुचिंतन और विवेक का सहारा लेना चाहिए। इसके लिए ऋषियों ने वसंत ऋतु के मादक मौसम में मां दुर्गा की शक्ति पाने के लिए नवरात्र-अनुष्ठान का रास्ता बताया है। नौ द्वार वाला शरीर स्वस्थ रहेगा तभी मेधा शक्ति भी काम आती है। वरना अस्वस्थ शरीर में मन भी कमजोर हो जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# जल की उपलब्धता और शुद्धता का संकट

भारत में जल का वितरण सर्वत्र एक समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, तो अन्य क्षेत्रों में इसकी कमी है। आज जरूरत इस बात की है कि जल संबंधी ऐसी वितरण व्यवस्था हो ताकि जल हानि न हो और जल प्रदूषित होने से भी बच जाए। इसे बचाने की कोशिश नहीं हुई, तो मानव जीवन का संकट में पड़ना तय है। ध्यान देना होगा कि भूजल जल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसका उचित संरक्षण और उपयोग बेहद आवश्यक है। भारत के जल संसाधन पर नजर दौड़ाएं, तो भारत में विश्व के जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग पाया जाता है। इसका लगभग एक तिहाई भाग वाष्पीकृत हो जाता है तथा 45 प्रतिशत भाग ढाल के अनुरूप बहकर तालाबों, झीलों और नदियों में चला जाता है। वर्षा से जल की जो थोड़ी-सी मात्रा यानी तकरीबन 22 प्रतिशत मृदा में प्रवेश कर भूमिगत हो जाती है, उसे भौम जल या भू-जल कहा जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप में भूजल का व्यवहार अत्यधिक जटिल है।


राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरूरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदूषण से बचाने के लिए व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है।


जीईसी 1997 के दिशा-निर्देशों एवं संस्तुतियों के आधार पर देश में स्वच्छ जल के लिए भूजल संसाधनों का आकलन किया गया, जिसके मुताबिक देश में कुल वार्षिक पुनः पूर्णयोग्य भूजल संसाधनों का मान 433 घन किमी है। प्राकृतिक निस्सरण के लिए 34 बीसीएम जल स्वीकार करते हुए नेट वार्षिक भूजल उपलब्धता का मान संपूर्ण देश के लिए 399 बीसीएम है। वार्षिक भूजल का मान 231 बीसीएम है, जिसमें सिंचाई उपयोग के लिए 213 बीसीएम तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल का मान 18 बीसीएम है। धरातलीय जल तथा पुनर्भरण योग्य भूमिगत जल से 1,869 घन किमी जल उपलब्ध है और इनमें से केवल 60 प्रतिशत यानी 1,121 घन किमी जल का लाभदायक उपयोग किया जाता है। भूजल पीने के पानी के अलावा पृथ्वी में नमी बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पति तथा फसलों का पोषण भी इसी जल से होता है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में सालाना मीठे व स्वच्छ पानी की खपत अधिक होती है। विश्व बैंक के विगत चार साल के आंकड़ों के अनुसार घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए प्रतिवर्ष 761 बिलियन घन मीटर जल का इस्तेमाल होता है। विडंबना यह है कि भूजल के स्तर में लगातार गिरावट भी हो रही है।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

भौगोलिक परिदृश्य पर नजर दौड़ाएं, तो भारत के पठारी भाग भूजल की उपलब्धता के मामले में कमजोर हैं। यहां भूजल कुछ खास भूगर्भिक संरचनाओं में पाया जाता है जैसे भ्रंश घाटियों और दरारों के सहारे। वहीं दूसरी ओर उत्तरी भारत के जलोढ़ मैदान हमेशा से भूजल में संपन्न रहे हैं, लेकिन अब उत्तरी और पश्चिमी भागों में भूजल के तेजी से दोहन से अभूतपूर्व कमी देखने को मिल रही है। गिरता भूजल सिर्फ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड या बिहार के सीतामढ़ी तक ही सीमित नहीं है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में भूजल स्तर 70 प्रतिशत तक नीचे पहुंच चुका है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय में भारत के 29 प्रतिशत विकास खंड भूजल के दयनीय स्तर पर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत विकास खंड चिंतनीय स्थिति में आ जाएंगे। हालांकि देश में जल संरक्षण तथा प्रबंधन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर अनेक उपाय किए गए हैं। मसलन 1945 में केंद्रीय जल आयोग का गठन किया गया, जो राज्यों के सहयोग से देश भर में जल संसाधनों के विकास, नियंत्रण, संरक्षण तथा समन्वय को आगे बढ़ाता है। 1970 में केंद्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड का मुख्य कार्य भू-जल संसाधनों के प्रबंधन, स्थायी एवं वैज्ञानिक विकास के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा राष्ट्रीय नीति की निगरानी में उन्हें वितरित करना है। घटते भूजल संसाधनों के संवर्धन के लिए समुद्र में प्रवाहित होने वाले अतिरिक्त वर्षा अपवाह का संरक्षण करे और फिर उसकी सहायता से पुनः पूर्ण द्वारा भूजल संसाधनों में वृद्धि करें। जलाशयों के जल का समय-समय पर परीक्षण करा नियमित सफाई सुनिश्चित करें। जनसाधारण में जल प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाएं। तटवर्ती भागों में समुद्री जल का निर्लवणीकरण करके जल का विभिन्न कार्यों में प्रयोग करें। राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरूरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदूषण से बचाने के लिए व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है। सिर्फ कागजों पर योजनाओं को उकेरने मात्र से नतीजे अनुकूल नहीं होंगे। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अनियोजित विकासः शहरों की बढ़ती बेबसी

विकास देश के एक कोने से दूसरे कोने में घूम-घूम कर इसे सजाने और स्मार्ट बनने की जिद में है, पर जहां भी यह पहुंच रहा है, उस जगह का बाजा बज रहा है। कहां से शुरू किया जाए? हर शहर-गांव की एक ही कहानी है। जहां गांव खाली हो रहे हैं, वहीं शहरों की आफत आ रही है।

कुमाऊं का द्वारा कहलाने वाला हल्द्वानी शहर, जिसकी काठगोदाम को शामिल कर अनुमानित जनसंख्या लगभग चार लाख होने को है। यह शहर इंसानों और वाहनों के भार से दबता चला जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सुविधा की तलाश में पहाड़ के गावों से यहां पर लोगों का आना लगातार जारी है। इसे उनकी मजबूरी भी कहा जा सकता है, क्योंकि बेहतर जीवन की चाहत और तलाश का अधिकार हर किसी को है। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों से भी लोग जीवन स्तर के सुधार की चाह में और अन्य कई सुविधाओं के कारण उत्तराखंड के इस सबसे बड़े दूसरे शहर में बसना चाहते हैं। महानगर की शक्ल लेता हुआ यह शहर अन्य अनेक शहरों की ही तरह अनियंत्रित विकास की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। शहरों को नियोजित ढंग से बसाने के मास्टर प्लान हमारे नक्शे से गायब हैं। तंग गलियों नुमा सड़कें हैं, बड़े-बड़े घर हैं, बड़ी गाड़ियां भी हैं, पर अंदर पार्किंग की व्यवस्था नहीं।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

ऐसे में वाहन आ जाते हैं सड़कों पर, जो आने-जाने वालों के लिए बड़ी ही मुसीबत पैदा करते हैं। 14-15 फीट की सड़क जहां पर पहले से ही सैकड़ों जीआई पाइप उलझे हुए टेढ़े-मेढ़े जंक लगी अवस्था में दफन है, वहां पर कभी ट्यूबवेल का पाइप, कभी नई पेय जल योजना, सीवर, सड़क के दोनों तरफ गैस के पाइप एक दूसरे से टकराते-उलझते टूटे पड़ रहे हैं। घरों से चैंबर तक पहुंचने वाला सीवर पाइप कहीं-कहीं पर एक डेढ़ फीट ही जमीन से नीचे है। कोई इंसान अगर काम करने वाले मजदूरों के साथ खड़ा होकर उसे गहरा करा लेता है, तो थोड़ा गहरा हो जाता है अन्यथा सब कुछ बड़ा हॉच-पॉच है। काम करने वाले मजदूरों को नहीं इतनी जानकारी होती है और न ही इतनी जरूरत। निर्माण कार्य और गुणवत्ता पर बात करना एक अलग मुद्दा हो जाएगा। यूं भी हमारी आधी व्यवस्था अर्थव्यवस्था तो जुगाड़ पर ही टिकी हुई है। पाइपलाइन बिछाने वाली विभिन्न संस्थानों में आपस में ही सामंजस्य नहीं होने की कीमत जनता को चुकानी पड़ रही है। नगर निगम की तरफ से कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर हर क्षेत्र में आती है, लेकिन गलियां खुदी होने के कारण लोगों को कूड़े की बाल्टियां उठाकर मुख्य मार्ग तक जाना पड़ता है। ऐसे में स्मार्ट सिटी का सपना कभी-कभी कोरी कल्पना लगता है। एक सुनियोजित प्लानिंग हो, भले ही दो-चार साल और लग जाएं। अनियोजित विकास कार्य कई बार परेशानी का सबब बन जाता है। यहां पूरा खुदा हुआ शहर स्मार्ट सिटी की ओर कदम बढ़ा रहा है, लेकिन मेरे विचार में इस तरह की व्यवस्था गली-मोहल्ले की छोटी-छोटी गलीनुमा सड़कों के लिए उपयोगी नहीं है। मात्र जनता के पैसों की बर्बादी है। 30-35 लाख की आबादी वाला एक मेट्रोपॉलिटन सिटी इंदौर जो अपनी स्वच्छता के लिए हमेशा चर्चा में बना रहता था, लेकिन अचानक दूसरी वजह से चर्चा में आ गया। पानी और सीवर के पाइपों का आपस में एक-दूसरे से लिपटते देखकर मुझे डर लगता है कि कहीं हल्द्वानी भी इंदौर तो नहीं बन जाएगा आने वाले समय में?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# वैश्विक संघर्ष एवं वसुधैव कुटुंबकम्

पूरी पृथ्वी ही परिवार के समान है। यह भावना वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में समसामयिक तथा और अधिक आवश्यकीय प्रतीत होती है। वैदिक ऋषि ने यजुर्वेद में द्युलोक, अंतरिक्ष लोक, पृथ्वीलोक, जल, औषधियों, वनस्पतियों सहित समस्त चराचर जगत की शांति की कामना की है, लेकिन वैदिक कालीन मूल्यपरक शिक्षा पद्धति के अभाव में एवं भौतिकवादी शिक्षा के प्रभाव तथा समाज/राष्ट्रों के मध्य विस्तारवादी नीतियों के कारण वैदिक शिक्षा के विपरीत वैश्विक अशांति की ओर चराचर जगत पहुंच रहा है, जो मानव जगत के लिए दुःखद एवं चिंताजनक है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। जहां एक ओर कुछ दिन पूर्व भारत में परिवर्तित यूजीसी नियमों के कारण समाज में आंतरिक जातिगत असंतोष एवं असमानता फैली है। भविष्य में जिसके जातिगत विभाजक घातक दुष्परिणामों की ओर संकेत हो रहे हैं। वही दूसरी ओर इरान, इजरायल, संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हो रहे संघर्ष युद्ध से भी देश में अशांति बढ़ी है, जिसकी निवृत्ति के लिए वर्तमान सरकारें प्रयासरत हैं।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

वैश्विक संदर्भ में विश्व के मध्य-पूर्व का क्षेत्र लंबे समय से विश्व राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां के राजनैतिक संघर्ष, धार्मिक मतभेद और रणनैतिक हित अक्सर वैश्विक तनाव का कारण बनते रहे हैं। वर्तमान समय में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ता तनाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस तनाव में कई बार अमेरिका भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल दिखाई देता है। इजरायल की स्थापना और प्रारंभिक स्थिति 1948 में इजरायल की स्थापना के साथ ही मध्य-पूर्व की राजनीति में बड़ा बदलाव आया। कई अरब और मुस्लिम देशों ने इजरायल के गठन का विरोध किया। हालांकि उस समय ईरान में शाह का शासन था और ईरान ने इजरायल के साथ पूर्ण विरोध की नीति नहीं अपनाई थी। दोनों देशों के बीच कुछ सीमित आर्थिक और कूटनीतिक संबंध भी बने रहे। मध्य-पूर्व में प्रभाव की प्रतिस्पर्धा ईरान और इजरायल दोनों ही मध्य-पूर्व में अपना राजनीतिक और सामरिक प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इस कारण कई बार दोनों देशों के बीच सीधे युद्ध की बजाय परोक्ष संघर्ष देखने को मिलता है। सीरिया और लेबनान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के हित टकराते रहे हैं। कई बार इजरायल ने सीरिया में उन ठिकानों पर हमले किए हैं, जिन्हें ईरान समर्थित मानता है।

मध्य-पूर्व की राजनीति में अमेरिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। अमेरिका लंबे समय से इजरायल का प्रमुख सहयोगी रहा है और कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसका समर्थन करता रहा है। दूसरी ओर ईरान और अमेरिका के बीच भी कई राजनीतिक और आर्थिक विवाद रहे हैं। इस कारण जब भी ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ता है, तब अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की भूमिका भी चर्चा में आ जाती है। ईरान-इजरायल संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि यह ऐतिहासिक, राजनीतिक, धार्मिक और रणनीतिक कारणों से जुड़ा हुआ एक जटिल अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। फिलिस्तीन का प्रश्न, ईरान का परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव की प्रतिस्पर्धा और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन इस संघर्ष को और अधिक जटिल बनाते हैं। यही कारण है कि मध्य-पूर्व में उत्पन्न होने वाला कोई भी तनाव केवल स्थानीय नहीं रहता, बल्कि उसका प्रभाव विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है, क्योंकि प्राकृतिक तेल, गैस आदि दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं से युक्त देश के संकट में आने से पूरे विश्व में अशांति एवं संकट बढ़ा सकती है। आज के परिप्रेक्ष्य में परिवार-समाज से लेकर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक वसुधैव कुटुंबकम् की भावना ही शांति-सुकून प्रदान कर सकती है, जिसको राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के साथ ही वैश्विक मंचों में प्रमुखता से स्थान मिलना चाहिए। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## ब्रीफ न्यूज

### पौड़ी में 30 रसोई गैस प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**पौड़ी :** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशों के क्रम में शनिवार को प्रशासन एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि गैस आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कुल 30 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिनमें 12 गैस गोदाम एवं 18 व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल रहे। कोटद्वार क्षेत्र में दो गैस गोदामों का निरीक्षण किया गया, जबकि दुगड्डा, कोट-खोलाचौरी, पाबौ और सतपुली में एक-एक गोदाम की जांच की गई। नौगांवखाल में एक गैस गोदाम सहित 10 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, वहीं लक्ष्मणझूला क्षेत्र में आठ प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त चेलूसैंण, लैंसडाउन, थलीसैंण और धुमाकोट-नैनीडांडा क्षेत्रों में भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रणाली और निर्धारित मानकों के अनुपालन की बारीकी से जांच की।

# आफत बन रही बारिश-बर्फबारी

## गढ़वाल मंडल में कई जगह पहाड़ दरकने से मार्ग बाधित, खोलने में जुटे संबंधित विभाग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश के उच्च पर्वतीय इलाकों में लगातार बर्फबारी, निचले और मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण परेशानी बढ़ने लगी है। राज्य के गढ़वाल मंडल के अनेक स्थानों पर बारिश के कारण पहाड़ दरकने से मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं, जिनके सुचारू करने के लिए संबंधित विभाग युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं।

मौसम विभाग ने 26 मार्च तक लगातार ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी और हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। जानकारी के अनुसार चमोली जिले के ज्योर्तिमठ क्षेत्र में भारी बारिश के बाद पहाड़ दरकने लगे हैं। बदरीनाथ राजमार्ग गोविंद घाट के पास पिनोला में बड़े-बड़े पत्थर आने से पूरी तरह बंद है। नीति-मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग भी सालधर के पास भूस्खलन के कारण बाधित हो गया है। बर्फबारी के कारण बंद गंगोत्री राजमार्ग को खोलने के लिए बीआरओ की ओर से प्रयास किया जा रहा है। यमुनोत्री हाईवे जंगलचट्टी में बंद है। यहां भी राष्ट्रीय राजमार्ग की टीम मार्ग खोलने का प्रयास कर रहा है। आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बर्फबारी से बदरीनाथ राजमार्ग कंचन नाले के पास बाधित हो गया। राजमार्ग बंद होने से मजदूर आधे रास्ते से बदरीनाथ लौट गए। धाम में मास्टर प्लान के लिए इस समय 100 से अधिक श्रमिक एवं पीआईयू के अभियंता पहुंचे हुए हैं। धाम में लगातार हो रही बर्फबारी और मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन टेंट और टिन शेड में रहने वाले श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है।



### तीन दिन से जारी बारिश-बर्फबारी

तीन दिनों से जिले में रुक-रुककर हो रही बारिश-बर्फबारी शनिवार को जारी रही। बदरीनाथ में लगभग दो फीट और हेमकुंड साहिब में तीन फीट ताजी बर्फ जम गई है। इसके अलावा नीति और माणा घाटी के गांवों में भी बर्फ जम गई है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में भी कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा, गर्जन के साथ बिजली गिरने तथा 3300 मीटर एवं उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी रही जबकि देहरादून, टिहरी एवं नैनीताल जनपदों में कहीं-कहीं हल्की से हल्की वर्षा गर्जन के साथ हुई।

### पर्वतीय जिलों में 26 तक बारिश का अलर्ट

मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अनुमान के अनुसार, 22 से 26 मार्च को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा, गर्जन के साथ बिजली चमकने तथा 3300 मीटर एवं उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होने का अनुमान है।

## सुदाड़ा में शादी-ब्याह में शराब पीने पर रोक

**टिहरी :** टिहरी में विकासखंड चंबा की ग्राम पंचायत सुदाड़ा में शनिवार को आयोजित ग्राम सभा की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गांव में शादी-विवाह सहित सभी सामाजिक आयोजनों में शराब के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बिजेंद्र सकलानी ने की, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में शराब नहीं संस्कार मुहिम के प्रणेता सुशील बहुगुणा का संदेश भी साझा किया गया। ग्राम सभा में सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए ग्राम सुधार समिति का गठन किया गया, जिसमें अरविंद सिंह को अध्यक्ष, सरिता सकलानी को उपाध्यक्ष, खेमराज बिजल्वाण को सचिव, सुशीला देवी को सह सचिव और दिनेश प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार गांव में किसी भी आयोजन में शराब पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। विवाह समारोहों में डीजे रात 11 बजे तक ही चल सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

# टिहरी में पेयजल बिल अधिक आने से आक्रोश

- ग्रामीणों ने विधायक से की समस्या के निराकरण की मांग
- जल संस्थान पर लगाया बिलों में कई गुना वृद्धि करने का आरोप

संवाददाता, टिहरी

**अमृत विचार:** टिहरी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल बिलों में हुई भारी बढ़ोतरी को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल संस्थान द्वारा बिना पूर्व सूचना और सहमति के बिलों में कई गुना वृद्धि कर दी गई है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक संकट गहरा गया है।

स्थानीय ग्रामीण राजेंद्र सिंह ने समस्या के निराकरण को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने बताया कि पहले जहां ग्रामीण उपभोक्ता मात्र 45 रुपये मासिक शुल्क देकर पेयजल सुविधा का लाभ उठा रहे थे, वहीं 'हर घर नल' योजना के तहत कनेक्शन मिलने के बाद यह शुल्क बढ़कर करीब 216 रुपये प्रतिमाह हो गया है। अचानक हुई इस वृद्धि ने विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके क्षेत्रों में अधिकांश पेयजल स्थानीय प्राकृतिक स्रोतों-धारों और गदेरों-से ही उपलब्ध कराया जाता है, ऐसे में इतनी अधिक शुल्क वृद्धि उचित नहीं है। कई लोगों ने बताया कि अब उनका पानी का बिल बिजली बिल से भी ज्यादा आने लगा है, जो उनके लिए चिंता का विषय बन गया है।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शुल्क बढ़ाने से पहले न तो उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी दी गई और न ही उनकी सहमति ली गई।

उन्होंने मांग की है कि यदि कहीं सहमति ली गई है तो उसे सार्वजनिक किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले से ही पलायन की समस्या से जूझ रहे पहाड़ी क्षेत्रों में इस तरह का अतिरिक्त आर्थिक बोझ लोगों को और अधिक पलायन के लिए मजबूर कर सकता है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग की है कि पेयजल बिलों की दरों की पुनः समीक्षा कर उन्हें कम किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# रसोई गैस सिलेंडरों की जांच करने पर दिया जोर

- लोगों ने घटतौली का आरोप लगाकर की शिकायत

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचार:** जनपद हरिद्वार में रसोई गैस आपूर्ति को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। रोशनाबाद स्थित एक गैस एजेंसी से जुड़ी सप्लाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि डिलीवरी के दौरान प्रत्येक सिलेंडर से 1 से 2 किलो गैस निकालकर उपभोक्ताओं को कम गैस वाले सिलेंडर दिए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पहले से ही गैस की किल्लत के बीच इस तरह की धांधली से आम लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने सिलेंडर जल्दी खत्म होने की शिकायत करते हुए इसकी जांच की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पूर्ति विभाग की टीम शनिवार को मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में कुछ सिलेंडरों में गैस निर्धारित मात्रा से कम पाई गई है, जिससे अनियमितता की आशंका और गहरा गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है। संबंधित एजेंसी और डिलीवरी स्टाफ की भूमिका की भी जांच होगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर गैस आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए।

# पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण करना जरूरी: यादव

- अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया संबोधन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में दो दिवसीय 'वन-आधारित सतत जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना: मुद्दे और चुनौतियां' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि, वन संरक्षण का अर्थ केवल पेड़ लगाना नहीं है, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण करना भी है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रकृति सर्वोपरि है और मानव अस्तित्व के लिए उसके साथ सह-अस्तित्व में रहना अनिवार्य है। उन्होंने वानिकी के प्रति समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने वन संसाधनों को बनाए रखने में सांस्कृतिक मूल्यों, ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी), और कार्बन क्रेडिट के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि वन केवल अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि शांति के लिए भी आवश्यक हैं।



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को राज्य पक्षी मोनाल का चित्र भेंट करतीं डीजी कंचन देवी।

कार्यशाला में वन-आधारित जैव-उत्पाद और उनका व्यावसायीकरण, सतत वन प्रबंधन, नीतिगत ढांचे, उद्यमिता, और जैव-अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में नवाचार की भूमिका जैसे मुख्य विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह वन संसाधनों के सतत उपयोग को रेखांकित करता है, जिसका उद्देश्य मूल्य-वर्धित उत्पादों का निर्माण करना, स्थानीय आजीविका को सहारा देना और प्राकृतिक वनों पर पड़ने वाले दबाव को कम करना है। तकनीकी सत्रों में कृषि-वानिकी, गैर-काष्ठ वन उत्पाद, इंजीनियर्ड काष्ठ उत्पाद, वन उद्योग, कार्बन बाज़ार, वन्यजीव संरक्षण, इको-टूरिज़्म और डिजिटल निगरानी जैसे विषय शामिल हैं। इस अवसर पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार, महानिदेशक वन एवं विशेष सचिव सुशील कुमार अवस्थी, आईसीएफआरई की महानिदेशक कंचन देवी और महानिदेशक, वन्य जीव रमेश कुमार पांडे उपस्थित रहे।



मेडल और ट्रॉफी के साथ नैनीताल जिले की टीम। ● अमृत विचार

## ग्रेट मिशन की छात्राओं ने जीता गोल्ड, तीन छात्राएं नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**रामनगर :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, हिम्मतपुर ब्लॉक, रामनगर की छात्राओं ने हरिद्वार स्थित शिवडेल स्कूल में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय नेटबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में नैनीताल ने देहरादून को 15–13 के स्कोर से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि में विद्यालय की छात्राएं मीनाक्षी, आरती, हर्षिता, प्रतिभा, कौशिकी और वंदना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम को कोच हिमांशु के मार्गदर्शन में यह सफलता मिली। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की छात्राएं प्रतिभा, कौशिकी और वंदना का चयन राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एलायंस क्लब के अध्यक्ष पारूथी हापुड़ में सम्मानित



हापुड़ में सम्मानित हुए एलायंस क्लब खटीमा अध्यक्ष पारूथी और अन्य।

**खटीमाः** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में आयोजित एलायंस क्लब का मल्टीपल कन्वेंशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस आयोजन में क्लबों की समीक्षा की गई और लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें एलायंस क्लब खटीमा के अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी को ग्लोरी आफ मल्टीपल एवं मल्टीपल इंस्पिरेशन अवार्ड से नवाजा गया।

# ड्राइविंग सीट बदलते ही हो गया हादसा, सड़क सुरक्षा पर फिर उठे सवाल

- गेठिया सड़क हादसे में दो पर्यटकों की मौत का मामला
- वाहन अनियंत्रित होना माना जा रहा है कारण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** गेठिया में सड़क हादसे में उन्नाव के दो पर्यटकों की मौत के मामले में प्राथमिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होने को कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है, वहीं पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

सड़क हादसे की सूचना मिलने पर तल्लीताल थाना पुलिस, दमकल विभाग और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू टीम को खाई में गिरे वाहन तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। तल्लीताल थाना के एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि हादसे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। उधर, गेठिया क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक बार फिर पहाड़ी मार्गों पर सतर्कता की जरूरत को उजागर कर दिया। जानकारी के अनुसार, सभी पर्यटक जागेश्वर धाम की ओर जा रहे थे। घटना से ठीक पहले कार अतुल चला रहा था, लेकिन लंबा सफर तय करने के चलते अभिराज ने ड्राइविंग सीट संभाल ली। बताया जा रहा है कि अभिराज को गाड़ी चलाते हुए कुछ ही समय हुआ था कि गेठिया के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में चालक अभिराज और अंकित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया।



खाई में गिरे पर्यटकों को रेस्क्यू करते एसडीआरएफ पुलिस दमकल कर्मी और स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

### सेना के जवान के साहस को सलाम

इस दौरान एक सराहनीय पहल भारतीय सेना के जवान आशीष बिष्ट ने दिखाई। आशीष इन दिनों छुट्टी पर नैनीताल आए हुए थे। जैसे ही उन्हें हादसे की जानकारी मिली, उन्होंने अपने परिवार को छोड़कर तुरंत घटनास्थल की ओर रुख किया और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान में जवान आशीष बिष्ट ने पुलिस और एसडीआरएफ टीम के साथ मिलकर खाई में उतरकर घायलों को बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। उनकी मदद से घायलों को सकुशल खाई से बाहर निकाला गया, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने जवान की बहादुरी और तत्परता की सराहना की है। वहीं प्रशासन ने भी रेस्क्यू में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी तत्काल घटना के बाद मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया और घायल लोगों को खाई से बाहर निकलने में मदद की। इस दौरान एसडीआरएफ के एसआई मनीष भंडारी, भावना, नितेश खेतवाल, सतीश, राजेंद्र, जीवन, अनूप, पंकज समेत स्थानीय निवासी प्रेम प्रकाश, प्रदीप त्यागी, रक्षित कुमार, भरत, यश, मोहन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीएम ने योजनाओं को दी स्वीकृति

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत डिटेल्ड एस्टीमेट फॉर कन्सट्रक्शन ऑफ प्रपोज्ड कमान्ड एंड कंट्रोल सेंटर-2 बिल्डिग एट हरिद्वार कार्य की संस्तुत लागत 50.27 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम किश्त में 20.11 करोड़ रुपए स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा में किच्छा कम्युनिटी हॉल का निर्माण करने के लिए 05 करोड़ रुपए स्वीकृत करते हुए प्रथम चरण में 50.00 लाख स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है। सीएम ने पिथौरागढ़ में ग्राम चुल्कोट हरदौल मंदिर, महाकाली मंदिर माणीटुंडी, देवी मंदिर मदकोट, रामलीला मंच मवानी का सौन्दर्यकरण व मेला स्थल का निर्माण करने हेतु 98.64 लाख स्वीकृत करते हुए प्रथम चरण में 59 लाख, ग्राम पंचायत दाखिम, क्वीटी, समकोट में आंतरिक सीसी मार्ग निर्माण करने हेतु 1 करोड़ स्वीकृत करते हुए प्रथम चरण में 59 लाख, क्वीरिजिमिया से साईपोला, बुई पातों में आंतरिक सीसी मार्ग का निर्माण करने हेतु 79.64 लाख स्वीकृत करते हुए प्रथम चरण में 47.86 लाख, ग्राम सभा खेला स्यांकुरी, गर्गवा में छिपला केदार हेतु ट्रैक रूट, ग्राम पांगला में ब्रहमदेव मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं सीसी मार्ग निर्माण करने हेतु 01 करोड़ स्वीकृत करते हुए प्रथम चरण में 60 लाख स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### चम्पावत में बाढ़ सुरक्षा कार्य को दी धनराशि

मुख्यमंत्री ने आपदा न्यूनीकरण मद में विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत बूम से टनकपुर तक शारदा नदी के दांये पार्श्व पर (तटबंध) बाढ़ सुरक्षा कार्य (शारदा नदी के दांये पार्श्व पर 28 हैक्टेयर व चिलियाघोल की बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु 11.59 करोड के सापेक्ष प्रथम किश्त में 4.64 करोड, नगर निगम, रुद्रपुर के मुख्य कार्यालय भवन के पुनर्निर्माण कार्य हेतु 15.74 करोड स्वीकृत करने का अनुमोदन दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने देहरादून में विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक अरब रुपए से ज्यादा की योजनाएं स्वीकृत करते हुए अनुमोदन प्रदान किया है।

# खाई में गिरा थार वाहन युवक की दर्दनाक मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राजपुर थाना क्षेत्र के शिखरफाल के पास एक थार वाहन गहरी खाई में गिर गया। पुलिस और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाकर वाहन में सवार भार्गव शर्मा और दिशा रावल को सुरक्षित बाहर निकाला।

दोनों को हल्की चोटें आईं और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। एक अन्य युवक, पिथौरागढ़ निवासी मोहित को वाहन और चट्टान के बीच फंस गया। वाहन खाई में अस्थिर स्थिति में लटका था। जिला प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्रेन मंगाई और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान जारी रखा। लेकिन मोहित को वाहन के नीचे से निकालने के प्रयास के दौरान ही उसकी मौत हो चुकी थी। शव निकालने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना राजपुर प्रभारी प्रदीप रावत ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान युवक और युवती सुरक्षित बचाए गए, लेकिन मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस हादसे की विस्तृत जांच में जुट गई है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा के महत्व और तेज रफ्तार व लापरवाही के खतरों को उजागर कर दिया है।

## उत्तर प्रदेश

# गर्मी में फाल्ट और लो-वोल्टेज की समस्या नहीं होगी बर्दाश्त : सांसद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी की आहट के साथ ही बरेली की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन और प्रशासन सक्रिय हो गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के निर्देशों पर शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के बीच समन्वय बैठक हुई। बैठक का मुख्य केंद्र आगामी ग्रीष्म ऋतु में उपभोक्ताओं को अघोषित बिजली कटौती से निजात दिलाना रहा।

बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार ने जोर देकर कहा कि गर्मी के मौसम में फाल्ट और लो-वोल्टेज की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ''''लेफ्ट आउट हाउस होल्ड'''' योजना के तहत छूटे हुए घरों तक जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने और जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने विभाग की सक्रियता को सराहा, लेकिन भविष्य की चुनौतियों के लिए सतर्क रहने की सलाह दी। मुख्य अभियंता ने आश्वस्त किया कि विभाग के सभी अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी फील्ड में रहकर शिकायतों की निगरानी करेंगे। एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने कहा कि विकास कार्यों की प्रगति के साथ-साथ उपभोक्ता संतुष्टि प्राथमिकता होनी चाहिए। मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा और डॉ. एमपी आर्या ने सुझाव दिया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल-फ्री नंबर और स्थानीय स्तर पर रिस्पांस टाइम को न्यूनतम किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहित जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें ग्रीष्मकालीन तैयारियों को समय से पूरा करने की अंतिम समय-सीमा दी गई।

### टाटा.ईवी ने पेश किया हैरियर.ईवी का नया मॉडल

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली इकाई टाटा.ईवी ने शनिवार को हैरियर.ईवी का नया मॉडल फीयरलेस प्लस क्वॉड75 पेश करने की घोषणा की। इसकी एक्स शोरूम कीमत 26.49 लाख रुपये है। इसमें चार्जर की लागत शामिल नहीं है। एसी फास्ट चार्जर के लिए 49 हजार रुपये अलग से देने होंगे।


अमृत विचार

हल्द्वानी, रविवार, 22 मार्च 2026

www.amritvichar.com




## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**– तुलसी 2565, राज श्री 2020, फ़ॉर्चून कि. 2600, रविन्द्रा 2575, फॉर्चुन 13kg 2300, जय जवान 2155, सचिन 2300, सूरज 2155, अवसर 2080, उजाला 2190, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2360, चक्र टिन 2535, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2520
**किराना**– निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल–(प्रति कु0)**– डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200
**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना– पक्के जेवर 148500, सोना (गिन्नी) 144500, चांदी (पक्की) 2300 (अनुमानित)

### स्कोडा ने जारी की नयी कुशक की कीमत

**नयी दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने नये लुक में अपग्रेड के साथ नयी कुशक की कीमतों और ग्राहकों को डिलिवरी की घोषणा की है। कंपनी ने इस साल जनवरी में नयी कुशक लॉन्च की थी। स्कोडा ऑटो इंडिया ने शनिवार को बताया कि इसकी कीमत 10.69 लाख रुपये से 18.99 लाख रुपये तक है।

## अवलोकन




मुंबई के लोक भवन स्थित स्वर्गीय जयंत सहस्रबुद्धे हॉल में आयोजित एक प्रदर्शनी में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ। ● फाटो–एजेंसी

# महंगी होगी हवाई यात्रा! किराया बढ़ा सकती हैं एयरलाइंस

## सीट के खेल पर छिड़ी जंग: सरकार के 60% फ्री सीट नियम के खिलाफ खोला मोर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में हवाई यात्रा को सस्ता और सुविधाजनक बनाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नए निर्देशों ने एविएशन सेक्टर में हलचल मचा दी है। इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी दिग्गज एयरलाइंस ने सरकार के उस फैसले का कड़ा विरोध किया है, जिसमें हर फ्लाइट की 60% सीटों को अतिरिक्त शुल्क से मुक्त रखने का आदेश दिया गया है। इस आदेश से सरकार यात्रियों को 'वेब चेक-इन' के नाम पर होने वाली वसूली से बचाना चाहती है, वहीं एयरलाइंस इसे अपने बिजनेस मॉडल पर हमला मान रही हैं।



तीनों प्रमुख एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस' ने मंत्रालय को पत्र लिखकर इस फैसले को वापस लेने की गुहार लगाई है। एयरलाइंस का तर्क है कि सीट चयन से होने वाली कमाई उनके राजस्व का एक बड़ा हिस्सा है। अगर इस पर अंकुश लगाया गया, तो उन्हें अपने घाटे की भरपाई के लिए बेस फेयर (मूल किराए) में बढ़ोतरी करनी पड़ेगी। इसका सीधा असर उन यात्रियों की जेब पर भी पड़ेगा जो सीट का चुनाव नहीं करते।

### एफआईए ने उठाए चार सवाल:

**राजस्व का वैध स्रोत:** एयरलाइंस का कहना है कि वे बहुत कम मुनाफे पर काम करती हैं। सीट सिलेक्शन जैसे आय के स्रोत उनके अस्तित्व के लिए जरूरी हैं।

**लागत में वृद्धि:** ईंधन (ATF), रखरखाव और एयरपोर्ट शुल्क लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में कमाई के रास्ते बंद करना तर्कसंगत नहीं है।

**बाजार की आजादी:** इस फैसले से एयरलाइंस की अपनी सेवाओं की कीमत तय करने की व्यावसायिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी।

**संवाद की कमी:** मंत्रालय ने इतना बड़ा फैसला लेने से पहले एयरलाइंस या अन्य हितधारकों से कोई मशविरा नहीं किया।

**विवाद की मुख्य वजह:** वर्तमान नियमों के तहत एयरलाइंस केवल 20% सीटें ही बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराती हैं। बाकी 80% सीटों को 'प्रेफर्ड सीट' के नाम पर अतिरिक्त 500 से 3000 रुपये तक वसूले जाते हैं। सरकार ने अब बिना अतिरिक्त शुल्क वाली सीटों के कोटे को बढ़ाकर 60% करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय और डीजीसीए के नए नियमों का उद्देश्य यात्रियों को 'हिडन चार्जेस' से बचाना है। यहाँ कुछ प्रमुख बदलाव दिए गए हैं जैसे-साथ बैठने की सुविधा, पारदर्शिता, सामान और पेट्स तथा देरी पर राहत।

# पेट्रोलियम मंत्रालय ने 50 फीसदी तक बढ़ाया वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन

## 23 मार्च से नई व्यवस्था लागू होगी, पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- ढाबों और होटलों को दें प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को बड़ी राहत दी है। मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर एलपीजी सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। 23 मार्च 2026 से राज्यों को अब पहले के मुकाबले 20% ज्यादा गैस दी जाएगी। इस आदेश के बाद राज्यों को मिलने वाली कुल सप्लाई संकट (प्री-क्राइसिस लेवल) से पहले के स्तर के 50% तक पहुंच जाएगी।

यह नई व्यवस्था 23 मार्च से शुरू होकर अगली अधिसूचना तक लागू रहेगी। फिलहाल देश एलपीजी की कमी से जूझ रहा है, ऐसे में 50% तक की बहाली को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है ताकि आने वाले समय में इसे संकट से पहले वाले सामान्य स्तर (100%) तक ले जाया जा सके।



**क्या है प्री-क्राइसिस लेवल:** 'प्री-क्राइसिस लेवल' का अर्थ है कि जब देश में एलपीजी संकट शुरू नहीं हुआ था। फिलहाल राज्यों को बहुत कम यानी पुरानी मांग का 30 फीसदी ही सप्लाई मिल रही है। इसे अब बढ़ाकर पुरानी डिमांड का आधा यानी 50% किया गया है। बता दें कि अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग मिडिल ईस्ट से कच्चे तेल और गैस सप्लाई लगभग रुक गई है।

**क्यों पैदा हुआ एलपीजी संकट:** अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त रूप से 28 फरवरी 2026 को ईरान पर हमला कर दिया था। अमेरिका और इजराइल ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों, मिसाइल साइटों, परमाणु सुविधाओं और नेतृत्व पर सैकड़ों हवाई हमले किए। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई समेत कई उच्च अधिकारी मारे गए। अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया। इस युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव बढ़ गया और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बाधित हुई। बता दें कि भारत का 80-85% एलपीजी आयात इसी रास्ते से होता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है।

### ढाबों, होटलों और कैंटीन को प्राथमिकता

डॉ. नीरज मित्तल के पत्र के अनुसार, यह जो अतिरिक्त 20% गैस दी जाएगी, उसका उपयोग चुनिंदा सेक्टरों के लिए प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुख्य रूप से रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों और इंडस्ट्रियल कैंटीन को यह आपूर्ति की जाएगी। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य खान-पान की सेवाओं और फूड इंडस्ट्री पर संकट के असर को न्यूनतम करना है।

### इन्हें भी मिलेगा फायदा

कामर्शियल गैस की इस अतिरिक्त खेप का फायदा फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डेयरी सेक्टर को भी मिलेगा। इसके अलावा राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा चलाई जा रही सब्सिडी वाली कैंटीन और आउटलेट्स को भी इसमें शामिल किया गया है। सामुदायिक रसोई को भी प्राथमिकता सूची में रखा गया है ताकि आम लोगों तक भोजन की पहुंच बनी रहे।

### प्रवासी मजदूरों को करें 5 किलो वाला सिलेंडर

मंत्रालय ने पत्र में प्रवासी मजदूरों की जरूरतों का भी ख्याल रखा है। कहा गया है कि 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर प्रवासी मजदूरों को उपलब्ध कराया जाए। सचिव ने राज्यों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस अतिरिक्त आवंटन की कालाबाजारी या डायवर्जन (गलत इस्तेमाल) न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# पश्चिम एशिया संकट से चावल निर्यात प्रभावित निर्यातकों ने जताई चिंता

भोपाल, एजेंसी

पश्चिम एशिया में लगातार बिगड़ते हालात का मध्यप्रदेश से विदेशों में बासमती और उष्ण गैर-बासमती जैसे उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात पर गंभीर असर दिख रहा है। इस पर राज्य के प्रमुख चावल निर्यातकों और उद्योग संचालकों ने चिंता जताई है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के बासमती चावल और बालाघाट जिले के उष्ण गैर-बासमती चावल की विशेष पहचान है और इनका खाड़ी देशों सहित कई विदेशी मुल्कों में निर्यात होता है।

ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर एसोसिएशन के महामंत्री अजय भालोटिया ने बातचीत में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण रायसेन जिले से विदेश में भेजे जाने वाला बासमती चावल बंदरगाहों, फैक्टरियों एवं वेयरहाउस में अटका हुआ है। माल भाड़ा भी 30 प्रतिशत महंगा हो गया है जबकि कंटेनर की किल्लत भी हो गई है।

भालोटिया ने कहा कि इन सबके चलते निर्यातकों को न केवल ज्यादा भाड़ा चुकाना पड़ रहा है बल्कि



बंदरगाहों पर माल लटकने से आर्डर समय पर पूरा करना भी मुश्किल हो गया है।

रायसेन जिले के मंडीदीप, सतलापुर, औबेदुल्लागंज, रायसेन, बरेली, उदयपुरा, उमरावगंज क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक चावल फैक्टरियां संचालित हैं, जिसमें उच्च कोटि का बासमती चावल निकालकर खाड़ी के देशों को निर्यात किया जाता है।

भालोटिया ने कहा कि इन चावलों का ईरान, इराक, सऊदी अरब, जॉर्डन और दुबई सहित खाड़ी के कई अन्य देशों में बड़ी मात्रा में निर्यात होता है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल के युद्ध के कारण निर्यात पूरी तरह बंद होने से जिले की धान मिल बंद पड़ी हैं, जिसने उत्पादकों एवं निर्यातकों की चिंता बढ़ा दी है।

## बात काम की

**31 मार्च तक निपटा लें ये 5 काम**


# PPF, सुकन्या में जमा कर दें मिनिमम अमाउंट: ऑफिस में इन्वेस्टमेंट प्रूफ

वित्तीय वर्ष 2025-26 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। टैक्सपेयर्स के पास टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट और जरूरी कामों को पूरा करने के लिए 31 मार्च 2026 तक का ही समय है। अगर आप पुरानी टैक्स रिजीम में हैं और टैक्स बचाना चाहते हैं, तो समय रहते PPF, सुकन्या समृद्धि और NPS जैसी स्कीम्स में निवेश करना होगा।

### 31 मार्च से पहले ये 5 जरूरी काम निपटा लें

1. **PPF–सुकन्या में जमा कर दें मिनिमम अमाउंट:** अगर आपका पब्लिक प्रॉविडेंट फंड और सुकन्या समृद्धि योजना अकाउंट है, लेकिन इस वित्त वर्ष में इनमें पैसे नहीं डाल पाए तो अकाउंट एक्टिव रखने के लिए 31 मार्च 2026 तक कुछ रुपए जरूर डाल दें। पैसे नहीं डाले जाने पर ये अकाउंट्स बंद हो सकते हैं।
2. **टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट:** अगर आपने अब तक टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट नहीं किया है तो 31 मार्च तक कर सकते हैं। पीपीएफ, टाइम डिपॉजिट और सुकन्या सहित ऐसी कई योजनाएं हैं जिनमें निवेश करके आप टैक्स बचा सकते हैं...

- सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम
- सुकन्या समृद्धि योजना
- पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ)
- नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट
- टाइम डिपॉजिट स्कीम
- इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम




3. **ऑफिस में जमा करने होंगे इन्वेस्टमेंट प्रूफ:** अगर आपने वित्त वर्ष की शुरुआत में अपने ऑफिस को टैक्स बचाने वाले निवेश की घोषणा की थी, तो अब उनके सबूत या दस्तावेज जमा करने का समय है। ज्यादातर कंपनियां फरवरी या मार्च के महीने में निवेश के प्रूफ मांगती हैं।

अगर आप समय पर रसीदें या सर्टिफिकेट जमा नहीं करते हैं, तो कंपनी आपकी सैलरी से ज्यादा टीडीएस (टीडीएस) काट सकती है। इससे मार्च महीने की आपकी इन-हैंड सैलरी काफी कम हो सकती है।

4. **हेल्थ इंश्योरेंस** प्रीमियम पर 75 हजार तक की छूट धारा 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर भी टैक्स बेनिफिट मिलता है। खुद के, पत्नी और बच्चों के इंश्योरेंस पर आप 25,000 रुपए तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। अगर आपकी उम्र 60 साल से ज्यादा है तो यह लिमिट 50,000 रुपए है।

इसके अलावा, माता-पिता के लिए प्रीमियम भरने पर अलग से 50,000 रुपए तक की छूट मिलती है। यानी कुल मिलाकर आप 75,000 रुपए तक का टैक्स बचा सकते हैं। इसका फायदा लेने के लिए प्रीमियम का भुगतान 31 मार्च 2026 से पहले करना होगा।

5. **अपडेटेड रिटर्न** फाइल करने की आखिरी तारीख 31 मार्च जो टैक्सपेयर्स अपने पिछले दो साल के इनकम टैक्स रिटर्न को अपडेट करना चाहते हैं, वे 31 मार्च से पहले अपडेटेड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

# सोना इस हफ्ते 11 हजार रुपये सस्ता, चांदी 28 हजार गिरी

नई दिल्ली, एजेंसी

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में भारी गिरावट रही। सोना हफ्तेभर में 11 हजार रुपए गिरकर 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 13 मार्च को 1.58 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.60 लाख प्रति किलो से गिरकर 2.32 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 28 हजार रुपए कम हुई।

अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से निवेशक अपनी 'गोल्ड होल्डिंग्स' बेचकर कैश (डॉलर) इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि बाजार की अस्थिरता से निपट सकें। इससे डॉलर मांग बढ़ रही है



और सोने-चांदी के दाम गिर रहे हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

तब से अब तक सोना 28,903 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंची। तब से 50 दिन में चांदी 1.53 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

# एमएसएमई के लिए साझा ऋण गारंटी योजना में संशोधन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि एमएसएमई के लिए साझा ऋण गारंटी योजना (एमसीजीएस- एमएसएमई) में विनिर्माताओं और निर्यातकों को सहायता देने के लिए बदलाव किए गए हैं। इसके तहत चौथे साल के बाद किस्तों में पांच प्रतिशत अग्रिम योगदान की अनुमति दी गई है।

संशोधित योजना के अनुसार, अब इसमें सेवा क्षेत्र को भी शामिल कर लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उपकरण/मशीनरी की लागत को परियोजना लागत के पिछले 75 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है।

# भारतीय कंपनियों ने सेमाग्लूटाइड दवाओं के जेनेरिक संस्करण पेश किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, ग्लेनमार्क, टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स, एल्केम लैबोरेटरीज और यूएसवी लिमिटेड ने शनिवार को सेमाग्लूटाइड आधारित मधुमेह उपचार की जेनेरिक दवाएं और इंजेक्शन बाजार में उतारने की घोषणा की। यह कदम ओजेम्पिक और वेगोवी जैसी दवाओं के मूल घटक के भारत में पेटेंट समाप्त होने के बाद उठाया गया है। कंपनियों ने कहा कि इन दवाओं की कीमतें मूल दवा बनाने वाली कंपनी नोवो नॉर्डिस्क की तुलना में काफी कम हैं।

सन फार्मा ने अपने सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन को 'नोवेलट्रीट' और

- **ओजेम्पिक और वेगोवी जैसी दवाओं के मूल घटक का पेटेंट समाप्त होने के बाद उठाया कदम**

'सेमाट्रिनिटी' नाम से सभी मात्रा में पेश किया है। नोवेलट्रीट का उपयोग वयस्कों में लंबे समय तक वजन नियंत्रण के लिए कम कैलोरी वाले आहार और शारीरिक गतिविधि के साथ किया जाता है। सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य अधिक से अधिक मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती उपचार उपलब्ध कराना है।

डॉ. रेड्डीज ने 'ओबेडा' नाम से सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन पेश किया है, जो सप्ताह में एक बार लगाया जाता है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एरेज इजराइली ने कहा कि कंपनी इसे अन्य देशों में भी उपलब्ध कराने की योजना बना रही है।

ग्लेनमार्क ने 'ग्लिपिक' नाम से अपना जेनेरिक सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन पेश किया है। ग्लेनमार्क के अधिकारी आलोक मलिक ने कहा कि भारत में उन्नत मधुमेह उपचार की शुरुआत में अधिक लागत एक बड़ी बाधा है, जिसे यह दवा कम करने में मदद करेगी। जायडस लाइफसाइंसेज ने भी 'सेमाग्लिन', 'मैशेमा' और 'अल्टरमेट' नाम से सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन के अपने जेनेरिक संस्करण पेश करने की घोषणा की है।

**सर्वे रिपोर्ट** | लोकलसर्किल्स का दावा–68% घरों में समय पर नहीं पहुंच रही गैस

# ब्लैक में सिलेंडर खरीद रहे 20% लोग, देने पड़ रहे 4,000 तक रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

एलपीजी संकट के चलते देश में सिलेंडर की कालाबाजारी बढ़ गई है। गैस की कमी और डिलीवरी में देरी के कारण करीब 20% परिवारों को सिलेंडर ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है। कई मामलों में लोगों को एक घरेलू सिलेंडर के लिए 500 से 4000 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। इंडियन सर्वे और रिसर्च फर्म लोकलसर्किल्स की ओर से जारी सर्वे रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, ब्लैक में सिलेंडर लेने वालों की संख्या पिछले हफ्ते के मुकाबले 6% बढ़ गई है। इस हफ्ते 68% भारतीय घरों को गैस डिलीवरी में देरी का सामना करना पड़ा, जबकि पिछले हफ्ते यह आंकड़ा 57% था।

बता दें कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अब पैनिक बुकिंग में कमी आई है, लेकिन हालात चिंता वाले बने हुए हैं।

**देने पड़ रहे 4,000 रुपये तक ज्यादा:** सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि गैस की कमी के कारण बीते सप्ताह की अपेक्षा इस सप्ताह ब्लैक में सिलेंडर खरीदने वालों की संख्या 14% से बढ़कर 20% हो गयी है। लोग तय रेट से आवश्यकता के अनुसार 300 से 4,000 रुपये तक ज्यादा दे रहे हैं।

**केवल 28% परिवारों को ही समय पर सिलेंडर:** देश के 328 जिलों के 57,000 लोगों पर हुए सर्वे में सामने आया कि केवल 28% परिवारों को ही समय पर गैस मिल पा रही है। इस सर्वे में शहर और गांव के 61% पुरुष और 39% महिलाएं शामिल थीं, जिनमें



से अधिकतर लोगों ने गैस आपूर्ति में परेशानी की बात कही। पेट्रोलियम मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में करीब 11,300 टन कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को दी गई है। इसका आवंटन 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है।

### सख्त कार्रवाई करे सरकार

लोकलसर्किल्स अब इस सर्वे की रिपोर्ट केंद्र सरकार और संबंधित मंत्रालयों को सौंपने की तैयारी में है। संस्था ने मांग की है कि गैस की जमाखोरी करने वाले डीलरों और धोखाधड़ी करने वाली एजेंसियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, डिजिटल सिस्टम में आ रही खामियों को दूर करने की भी अपील की गई है।

### शहरों में पीएनजी पर शिफ्ट हो रहे लोग

गैस आपूर्ति में कमी को देखते हुए शहरी उपभोक्ता अब पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। सर्वे के अनुसार, ग्रामीण भारत के हालात और भी खराब हैं। गांवों में गैस सप्लाई न होने के कारण 40% से ज्यादा ग्रामीण आबादी अब भी पारंपरिक बायोमास (लकड़ी और उपले) पर निर्भर हो गयी है।

### सिलेंडर नहीं, आ रहा डिलीवरी मैसेज

सर्वे के अनुसार करीब 12% उपभोक्ताओं ने धोखाधड़ी वाले SMS मिलने की शिकायत की है। इन मैसेज में दावा किया जा रहा है कि उनका सिलेंडर डिलीवर हो गया है, जबकि उनके घर गैस पहुंची ही नहीं। इस 'फैंटम डिलीवरी' यानी कागजी डिलीवरी ने ऑफिशियल बुकिंग प्लेटफॉर्म्स पर लोगों का भरोसा कम कर दिया है।

### कालाबाजारी रोकने को मारे 4500 छापे

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने निगरानी बढ़ाने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में 4500 छापे मारे गए। इनमें से 1100 छापे उत्तर प्रदेश में हुए। वहीं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1800 औचक निरीक्षण भी किए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### प्रतिक्रिया जानने को सड़कों पर लगाए क्यूआर कोड बोर्ड

**नई दिल्ली।** नागरिकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पीडब्ल्यूडी ने सुदृढ़ीकरण के दौर से गुजर रही सड़कों पर क्यूआर कोड-सक्षम डिस्प्ले बोर्ड लगाए हैं। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महत्वपूर्ण जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करके और प्रतिक्रिया के लिए एक सीधा माध्यम बनाकर सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं के साथ लोगों के जुड़ने के तरीके को बदलना है। पीडब्ल्यूडी के मंत्री ने कहा, पारदर्शिता का अर्थ केवल सूचना साझा करना नहीं है; इसका अर्थ है लोगों की बात सुनना। इस पहल से नागरिकों को न केवल सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी मिलेगी, बल्कि वे सीधे अपनी प्रतिक्रिया भी दे सकेंगे।

### कर्नाटक में दरियाई घोड़े के हमले में पशु चिकित्सक की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शिवमोगा स्थित त्यावरेकोप्पा चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े के हमले में पशु चिकित्सक डॉ. समीक्षा रेड्डी की दर्दनाक मौत के बाद राज्य में वन्यजीव संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस बीच सरकार ने उनके परिवार के लिए 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार हाल ही में पशु चिकित्सा अधिकारी नियुक्त हुई 27 वर्षीय डॉ. समीक्षा रेड्डी प्रशिक्षण पर थीं। वह गुरुवार देर रात नियमित ड्यूटी के दौरान हमले का शिकार हो गईं। बताया गया कि रात करीब 10:30 बजे एक पक्षी का इलाज करने के बाद वह एक गर्भवती दरियाई घोड़ी के बाड़े में उसकी शारीरिक स्थिति की निगरानी के लिए थर्मल कैमरा लेकर गईं। इसी दौरान जानवर आक्रामक हो गया और उसने उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर आंतरिक चोटें आईं।

### अभिनेता निकोलस ब्रेंडन का निधन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी टीवी सीरीज 'बफी द वैम्पायर स्लेयर' में 'जैंडर हैरिस' की भूमिका निभाकर दुनिया भर में लोकप्रियता बटोरने वाले अभिनेता निकोलस ब्रेंडन (54) का कई गंभीर बीमारियों के कारण निधन हो गया है। उनके परिवार ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए इस दुखद खबर की पुष्टि की। परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया, हमें अपने भाई और बेटे निकोलस ब्रेंडन के निधन की खबर साझा करते हुए गहरा दुख हो रहा है।

# अमेरिका ने पश्चिम एशिया भेजीं बड़ी संख्या में पैट्रियट

● रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा की उत्पन्न हुई चिंता

लंदन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ युद्ध पर ध्यान केंद्रित करते हुए अमेरिका ने बड़ी संख्या में 'पैट्रियट' मिसाइलों को यूरोप से हटाकर पश्चिम एशिया की ओर भेज दिया है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन मिसाइलों को पश्चिम एशिया में भेजे जाने के कारण यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा कमजोर होने को लेकर चिंता पैदा हो गई है।

संवेदनशील सैन्य मामलों पर गोपनीयता के कारण अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। एक अधिकारी ने बताया कि ईरान युद्ध के कारण यूरोप और अन्य क्षेत्रों में पैट्रियट मिसाइलों का भंडार निश्चित रूप से कम हो रहा है और स्थिति काफी चिंताजनक है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधकारिक आवास व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तय किए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हथियार, गोला-बारूद और सैन्य भंडार मौजूद हैं। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ शुरू किए सैन्य अभियान को 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम दिया है।

## अंधेरे की आहट समाधान की राह

वर्तमान में पूरी दुनिया एक अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना कर रही है, जो न केवल आर्थिक विकास को बाधित कर रहा है बल्कि वैश्विक सुरक्षा के लिए भी खतरा बना हुआ है। पिछले कुछ समय में, ऊर्जा की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे विकसित और विकासशील दोनों तरह की अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। संकट की जड़ें केवल संसाधनों की कमी में नहीं, बल्कि जटिल भू-राजनीतिक समीकरणों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान में निहित हैं। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद स्थितियां बेहद खराब हुई हैं। तेल अवसंरचनाओं पर हमलों के चलते कच्चे तेल की निकासी और परिवहन प्रभावित हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर टैंकरों की आवाजाही पर ईरान की रोक ने संकट को और बढ़ा दिया है। वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल ही इसका बेहतर समाधान हो सकता है।

## वैश्विक ऊर्जा संकट



### संकट का कारण

● भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष: मार्च 2026 में मध्य पूर्व विशेष रूप से ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध और तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किया है।

● हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य की बंदी: यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग है। इसके बंद होने या असुरक्षित होने से वैश्विक तेल और एलएनजी आपूर्ति का लगभग 20% हिस्सा रुक गया है। भारत अपनी एलएनजी जरूरतों का लगभग 60% इसी मार्ग से आयात करता है, जिससे आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा है।

● आपूर्ति श्रृंखला में बाधा: कतर जैसे प्रमुख उत्पादकों से एलएनजी और एलपीजी के शिपमेंट में देरी हुई है। इसके कारण वैश्विक बाजार में स्पॉट कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं।

● भारी आयात निर्भरता: भारत एलपीजी जरूरतों का 85-90% और कच्चे तेल का लगभग 85% आयात करता है। आपूर्ति कम होने और कीमतें बढ़ने का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ा है।

### प्रमुख देशों में मांग और आपूर्ति

● अमेरिका: यहां कच्चे तेल की मांग लगभग 20.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन है, जबकि आपूर्ति लगभग 13 मिलियन है। प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 880-900 बिलियन क्यूबिक मीटर है। ● चीन: कच्चे तेल की चीन में मांग लगभग 15-16 मिलियन प्रतिदिन है, लेकिन इसका घरेलू उत्पादन केवल 4 मिलियन के करीब है। चीन अपनी 70% से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। यहां प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 400 बीसीएम है। चीन तेजी से कोयले से गैस की ओर बढ़ रहा है, जिससे इसकी मांग और आयात दोनों बढ़ रहे हैं। ● रूस: कच्चे तेल की रूस की घरेलू मांग लगभग 3.5 मिलियन बैरल रोज है, जबकि इसका उत्पादन 9-10 मिलियन है। रूस की घरेलू गैस मांग लगभग 470 बीसीएम है। ● भारत: कच्चे तेल की भारत की मांग लगभग 5.2 - 5.5 मिलियन रोजाना है। भारत अपनी जरूरत का 85% तेल आयात करता है क्योंकि घरेलू उत्पादन काफी कम है। प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 65-70 बीसीएम है। भारत लगभग 50% एलएनजी आयात करता है।

### भारत के पास विकल्प

● नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य: 2030 तक 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करना।

● इथेनॉल सम्मिश्रण: पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिलाकर आयात बिल को कम किया जा सकता है। सौर ऊर्जा का भी इस्तेमाल

ईवी का इस्तेमाल: इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम की जा सकती है।

● सामरिक तेल भंडार: आपात स्थिति के लिए देश के भीतर तेल का बड़ा स्टॉक जमा करना (जैसे विशाखापत्तनम और पादुर में)।

# छीनने नहीं देंगे मताधिकार, अंत तक लड़ेंगे

## मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बहाने मताधिकार छीनने का आरोप

● ईद पर रैली में बोलीं, विधानसभा चुनाव बंगाल की रक्षा की लड़ाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के माध्यम से लोगों के मतदान अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबसे बड़ा घुसपैठ करने वाला करार दिया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता ने कोलकाता के प्रतिष्ठित रेड रोड पर ईद की नमाज के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लोकतांत्रिक अधिकारों और बंगाल के बहुल सामाजिक ताने-बाने की रक्षा की लड़ाई करार दिया।

ममता ने कहा कि हम मोदी जी और भाजपा को आपके मतदान के अधिकार छीनने नहीं देंगे। हम अंत तक लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने के लिए उन्होंने कोलकाता से लेकर दिल्ली तक की अदालतों का रुख किया है। उनकी ये टिप्पणी निर्वाचन आयोग द्वारा कराई जा रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आई है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि एसआईआर के कारण वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, खासकर अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों से। उन्होंने कहा कि जब आप विदेश जाते हैं, तो नेताओं से हाथ मिलाते हैं और मित्रता की बातें करते हैं। यह आपकी पसंद है, और मैं सभी देशों का सम्मान करती हूं। लेकिन जब आप भारत लौटते हैं, तो अचानक हिंदू-मुस्लिम विवाद शुरू हो जाता है, और लोगों को घुसपैठिया कहा जाने लगता है। ममता ने मोदी और भाजपा द्वारा सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ के बार-बार लगाए जा रहे आरोपों को लेकर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, आप फिर नाम हटाने और लोगों को घुसपैठिया करार देने की बात करते हैं। मैं कहूंगी कि आप और आपकी सरकार सबसे बड़ी घुसपैठ करने वाले हैं। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। ममता बनर्जी ने इस मौके का उपयोग पार्टी के उस चुनावी विमर्श को मजबूत करने के लिए किया कि भाजपा संस्थागत तंत्र और ध्रुवीकरण करने वाली बयानबाजी के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।



### असम में भाजपा ने की दो और उम्मीदवारों की घोषणा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने असम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए शनिवार को दो और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें कृष्णा साहा को दलगांव से और जीवन गोगोई को सिसीबरगांव से मैदान में उतारा गया है। इसके साथ ही भाजपा असम विधानसभा की 126 सदस्यीय विधानसभा में 90 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि लखीमपुर से भाजपा के सांसद प्रधान बरुआ की पत्नी को विधानसभा चुनाव में सिसीबरगांव से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। सिसीबरगांव सीट लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। हालांकि, पार्टी ने स्थानीय नेता जीवन गोगोई को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा राज्य चुनावों में असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। अगप को 26 सीटें मिलीं, जबकि बीपीएफ को चुनाव पूर्व समझौते के तहत 11 सीटें मिलीं। शेष सीटें भाजपा के हिस्से में हैं। भाजपा और अगप दोनों ने चमारिया सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। भाजपा ने बृहस्पतिवार को असम के लिए 88 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

### केरल में भाजपा ने जारी की अपने 11 उम्मीदवारों की नई सूची

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 11 उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष करमना जयन को तिरुवनंतपुरम से मैदान में उतारा है। नवीनतम सूची के साथ, भाजपा ने नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अब तक 97 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जयन का मुकाबला एलडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे अभिनेता सुधीर करमना और कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी एवं संयुक्त लोकतांत्रिक मार्चा नेता सी पी जॉन से होगा। भाजपा की नई सूची में एक और महत्वपूर्ण नाम व्यवसायी एस राजशेखरन नायर का है, जो नेय्याट्टिनकारा से चुनाव लड़ेंगे। उनका मुकाबला मौजूदा विधायक अनसलान और कांग्रेस उम्मीदवार एन सक्तन से होगा। भाजपा ने एससी आरक्षित चिरायिनकीझू निर्वाचन क्षेत्र से बीएस अनूप और चदयामंगलम से आरएस अरुण राज को भी उतारा है, जो कांग्रेस द्वारा टिकट न दिए जाने के बाद पार्टी में शामिल हुए थे। राजद छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हुए टीएन सुरेश कोवलम से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेता विवेक गोपन अरुविक्कारा से चुनाव लड़ेंगे। रवींद्रनाथ वकत्थानम पुथुप्पल्ली से चुनाव लड़ेंगे। पीरुमाडे में वी रथीश, एससी-आरक्षित मवेलिककारा में अजिमोन, एससी-आरक्षित अडूर में पंडालम प्रतापन और चवारा में केआर राजेश को मैदान में उतारा है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 23 मार्च है।

# भाजपा की बी टीम हैं कांग्रेस और राहुल गांधी: विजयन

● केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस को घेरा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर शनिवार को निशाना साधते हुए उन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी टीम होने का आरोप लगाया। विजयन ने यह आरोप एक साक्षात्कार के दौरान लगाया। राहुल गांधी ने हाल में टिप्पणी की थी कि देश में केंद्रीय एजेंसियों ने केरल के मुख्यमंत्री को छोड़कर अन्य विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया है या पूछताछ के लिए बुलाया है।

गांधी की इस टिप्पणी के बारे में सवाल किए जाने पर विजयन ने कांग्रेस नेता एवं उनकी पार्टी पर भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अनुभवों से नहीं सीखते। वे सामान्य लोग नहीं होते। वे एक दुर्लभ उदाहरण हैं। ऐसा उन लोगों के साथ होता है जो आमतौर पर चीजों को समझने में असमर्थ होते हैं। राहुल गांधी इसी श्रेणी में आते हैं। विजयन ने कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन अदालत ने उन सभी आरोपों को खारिज कर दिया और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को क्लीन चिट दे दी। वाम नेता ने कहा



कि यह राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेतृत्व के लिए एक करारा झटका था। इसके बावजूद, यह दुखद है कि वह वही गलती दोहरा रहे हैं। इसीलिए मैंने कहा था कि वे अपने अनुभवों से सबक नहीं सीखते। विजयन ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के मामलों का विश्लेषण करने पर हमें यह ज्ञात होता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस, भाजपा की वास्तविक 'बी-टीम' बन गई है। लेकिन मैं अभी इसके विवरण में नहीं जाऊंगा।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस-भाजपा का गठबंधन राज्य में अतीत में कई बार देखा गया है, लेकिन आगामी चुनावों में क्या परिणाम निकलेंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। विजयन ने कहा कि दोनों दल एक ही तरीके से एलडीएफ (सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा) का विरोध करती हैं।

# डॉ. वंदना दास हत्या मामले में दोषी शिक्षक को उम्रकैद

● अभियोजन ने कहा-आरोपी के लिए मृत्युदंड की करेंगे अपील

कोल्लम (केरल), एजेंसी

केरल में कोल्लम के एक अस्पताल में डॉ. वंदना दास की सनसनीखेज हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए शिक्षक को शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई। अभियोजन पक्ष ने कहा कि वह आरोपी के लिए मृत्युदंड दिए जाने का अनुरोध करते हुए अपील दायर करेगा। चिकित्सक के परिवार ने भी फांसी देने की मांग की है। डॉ. दास की मई 2023 में एक तालुक अस्पताल के अंदर जी संदीप ने बेरहमी से हत्या कर दी थी।

विशेष लोक अभियोजक प्रताप जी पडिकल ने बताया कि कोल्लम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने संदीप को भादंसं के तहत विभिन्न अपराधों के लिए कुल 30 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई और कहा कि इस सजा को पूरा करने के बाद चिकित्सक की हत्या के लिए उसकी आजीवन कारावास की सजा शुरू हो जाएगी। विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष को यह सिफारिश करेंगे कि आजीवन कारावास की सजा को मृत्युदंड में बदलने के लिए अपील दायर की जाए। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष ने संदीप के लिए अधिकतम सजा की मांग की थी, लेकिन अदालत ने शायद इसे दुर्लभतम मामला नहीं माना और इसीलिए मृत्युदंड नहीं दिया गया। डॉ. दास के पिता ने कहा कि यह फैसला परिवार के लिए राहत की बात है, लेकिन वह निश्चित रूप से यह नहीं कह सकते कि उनकी बेटी को न्याय मिला है या नहीं। उन्होंने सजा पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सजा बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# ब्रिटेन में दिमागी बुखार का प्रकोप हाई अलर्ट जारी

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य सुरक्षा निकाय ने देश के कई हिस्सों में मेनिंजाइटिस (मस्तिष्क ज्वर) के मामलों में अचानक हुई वृद्धि के बाद हाई अलर्ट जारी किया है। पिछले दो हफ्तों में लंदन और दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के कुछ इलाकों में संक्रमण के मामलों में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ गयी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रकोप विशेष रूप से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं को प्रभावित कर रहा है। यूकेएचएसए के मुख्य चिकित्सा सलाहकार ने चेतावनी दी है कि मेनिंजाइटिस बी और डब्ल्यू स्ट्रेन के मामले अधिक देखे जा रहे हैं। अधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे टीकाकरण की स्थिति की तुरंत जांच करें। ब्रिटिश सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है।

# कर्नाटक: सामाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

● मोबाइल पर बनाया वीडियो वरिष्ठों को दोषी ठहराया

तुमकुर, एजेंसी

तुमकुर जिले में सामाजिक कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने अपने वरिष्ठ सहकर्मी पर उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद अपने कार्यालय में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सहायक निदेशक मल्लिकार्जुन का शव शुक्रवार को पावागड़ा कस्बे में समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में पंखे से लटका मिला। विभाग के तालुक-स्तरीय अधिकारी ने आत्महत्या करने से पहले अपने मोबाइल फोन पर एक सेल्फी वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त निदेशक कृष्णप्पा द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने बताया कि मल्लिकार्जुन पावागड़ा के गुंडरलाहल्ली का मूल निवासी था। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मां, पत्नी और बच्चों ने उसका अच्छे से ख्याल रखा है। पीड़ित ने दावा किया कि ईश्वर और कानून वरिष्ठ सहयोगी को उनके कृत्यों के लिए दंडित करेंगे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मल्लिकार्जुन के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत और सेल्फी वीडियो के आधार पर संयुक्त निदेशक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि संयुक्त निदेशक ने हाल में मल्लिकार्जुन के खिलाफ जांच शुरू की थी।

# नौका पर अमेरिका के हमले में दो नशा तस्करों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा लातिन अमेरिका में कथित तस्करों के खिलाफ अभियान के बीच पूर्वी प्रशांत महासागर में एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करी नौका पर सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गयी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने शुक्रवार को 'एक्स' पर बताया कि हमले के तुरंत बाद अमेरिकी तटरक्षक को हमले में जीवित बचे तीन लोगों की तलाश के लिए सक्रिय किया गया है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने एक बयान में कहा कि उसके एक जहाज ने दो शव और एक जीवित व्यक्ति को बरामद कर उन्हें कोस्टा रिका के तटरक्षक बल को सौंप दिया। इस ताजा हमले के साथ सितंबर की शुरुआत से ट्रंप प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ आतंकवादियों के खिलाफ अभियान शुरू होने के बाद नावों पर हमलों में मारे गए लोगों की संख्या कम से कम 159 हो गई है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**तुला** — आज व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। आपको बड़ा पद सौंपा जा सकता है। कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं।

**वृष** — आज व्यापार से धन लाभ के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ आइडियाज आएंगे।

**मिथुन** — आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सफल होंगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**धनु** — आज विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे।

**कर्क** — आज का दिन नए कार्य की योजना बनाने के लिए शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में साझेदारी करने के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — आज पुरानी उलझनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आप समाज में लोकप्रिय रहेंगे। विद्वान लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।


**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी का विचार बनाएंगे। बच्चों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**कन्या** — आज नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। इसके कारण आपको अपने खर्चों में कटौती भी करनी पड़ेगी।

**मीन** — आज धन से जुड़े मामलों में देरी हो सकती है। लोन संबंधी मामले उलझने की आशंका है। अपने मन की बातें साझा करने से बचें।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति:** 22 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 21.16 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- भरणी 20.42 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

### सुडोकू - 95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

### सुडोकू -96

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

# पंजाब में तस्करी के 6.5 किलो हेरोइन बरामद

**फिरोजपुर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) फिरोजपुर ने शनिवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय करते हुए तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर 6.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पाकिस्तान स्थित तस्करों ने जीरो लाइन पार की और सीमा बाड़ के बहुत करीब आ गए। वे अंधेरे का फायदा उठाकर नशीले पदार्थों की खेप को भारतीय सीमा के भीतर धकेलने की कोशिश कर रहे थे।

संगोष्ठी

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने किया आह्वान

# लंबित मुकदमों के निस्तारण को बने न्यायिक सुधार आयोग

बेंगलुरु, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने शनिवार को अदालतों में बढ़ते लंबित मामलों को कम करने के लिए एक न्यायिक सुधार आयोग के गठन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों में प्रणालीगत खामी की वजह से न्याय वितरण में देरी हो रही है।

वह यहां सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायिक शासन की पुनर्कल्पना: लोकतांत्रिक न्याय के लिए संस्थानों को मजबूत करना विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। यहां 'लंबित मामलों से त्वरित न्याय की ओर: भारतीय न्यायालयों में न्याय वितरण पर पुनर्विचार' विषय पर आयोजित परिसंवाद का हिस्सा रहीं न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इस सुधार आयोग में न केवल उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका के सदस्य होने चाहिए, बल्कि बार एसोसिएशन, अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर



जनरल और संस्थागत स्तर पर बार का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ सदस्य, जैसे कि बार अध्यक्ष, और सरकार की ओर से भी सदस्य होने चाहिए ताकि लंबित मामलों को कम करने पर अंतर-संस्थागत संवाद स्थापित किया जा सके।

### सरकार की भूमिका मुकदमेबाजी का बड़ा स्रोत

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने सरकार की भूमिका को मुकदमेबाजी का सबसे बड़ा स्रोत बताते हुए कहा कि अधिकारी जांच से बचने के लिए अपील दायर करते हैं, यहां तक कि उन मामलों में भी जहां विवादों का निपटारा पहले किया जा सकता था। इसके परिणामस्वरूप मामले अनावश्यक रूप से कई न्यायिक स्तरों से गुजरते हैं। सरकार सार्वजनिक रूप से लंबित मामलों के बारे में चिंता जताती है।

उन्होंने रेखांकित किया कि विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण, मुकदमे की यथास्थिति से पक्षकार के लाभ जैसे कारणों से कार्यवाही को लंबा खींचने की कोशिश होती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि एक वकील या अधिवक्ता को स्थगन और सुनवाई में देरी पसंद होती है क्योंकि इससे उसे प्रति उपस्थिति और विस्तारित समयसीमा का लाभ मिलता है। सरकारी विभाग हार स्वीकार करने के बजाय अपील करके नौकरशाही संबंधी जोखिम को कम करता है।



"हमने पिछले दो से तीन सीजन में जो हासिल किया, उसे हासिल करने के लिए हमने बहुत मेहनत की है, और यह और भी मुश्किल होने वाला है क्योंकि दूसरी टीमें हमें कड़ी टक्कर देंगी। हम एक मिनट भी बर्बाद न करें और अपना 120 परसेंट देना होगा।
–विराट कोहली


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 22 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट



पोलैंड के टोरून में वर्ल्ड एथलेटिक्स इनडोर चैंपियनशिप की हेप्टाथलॉन 60 मीटर हर्डल्स में हिस्सा लेते जमैका के जेरोम कैंपबेल। एजेंसी

### आयरलैंड के खिलाफ 26 और 28 जून को टी-20 खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** मौजूदा विश्व चैम्पियन भारत 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगा। बीसीसीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों मैच बेलफास्ट में होंगे जहां भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने एक बयान में कहा टीम इंडिया दो मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये जून 2026 में आयरलैंड जायेगी। उन्होंने कहा पिछले आठ साल में भारतीय टीम ने तीन बार ( 2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। बेलफास्ट में भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी । इससे दो दिन पहले आयरलैंड के हाई परफार्मेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इसकी पुष्टि की थी। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के बाद इंग्लैंड में एक से 19 जुलाई तक पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी।

### कैमरन ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**शेनजेन (चीन)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन तैराक कैमरन मैकएवॉय ने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 17 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया के 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को शेन्ज़ेन में चाइना ओपन में 20 .88 सेकंड का समय दर्ज किया, जो ब्राजील के खिलाड़ी सेसार सिएलो के पिछले रिकॉर्ड से 0 .03 सेकंड कम है। सिएलो ने 2009 में तैराकी के तथाकथित 'सुपर सूट' युग के दौरान 20 .91 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। बाद में इस तरह की प्रतियोगिताओं को बंद कर दिया गया था। इन प्रतियोगिता में खिलाड़ी की क्षमता बढ़ाई जाती थी जिसके कारण 2009 में लगभग 150 विश्व रिकॉर्ड टूट गए थे। इस तरह की प्रतियोगिताओं पर 2010 में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### ओलंपिक में पदार्पण को सौरव घोषाल ने ऐतिहासिक बताया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सौरव घोषाल ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में स्क्वाश को शामिल किए जाने को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि खेल के विकास के लिए बेहतर कोचिंग और 'इकोसिस्टम' को मजबूत बनाने की जरूरत है। हाल ही में विश्व प्रीमियर स्क्वाश के खेल कमिश्नर नियुक्त किये गए घोषाल ने कहा मैं खुशकिस्मत रहा हूं कि मैने भारत के लिये 20 साल से ज्यादा पेशेवर स्क्वाश खेला है। यह उस सारे अनुभव को साथ लाने का दौर है और मुझे खुशी है कि वैश्विक स्तर पर योगदान दे पा रहा हूं।

# केकेआर को बड़ा झटका, चोटिल आकाशदीप आईपीएल सत्र से बाहर

## पीठ के निचले हिस्से में फिर उभरा दर्द, स्वस्थ्य होने में लग सकते 12 हफ्ते

**कोलकाता, एजेंसी**

चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को शनिवार को तब एक और झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज आकाशदीप पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए। आकाशदीप कम से कम आठ सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे जिससे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का जून की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया आकाशदीप की पीठ के निचले हिस्से में दर्द फिर से उभर गया है और उन्हें ठीक होने में आठ से 12 सप्ताह तक लग सकते हैं। वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे और उनका अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है। इस 29 वर्षीय गेंदबाज ने अपना आखिरी मैच जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के रूप में खेला था। तब वह पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे थे। उन्होंने पहली पारी में केवल 13 ओवर और दूसरी पारी में सात से कम ओवर फेंके थे। तब से वह बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उन्होंने बुधवार से यहां शुरू हुए केकेआर के अभ्यास शिविर में हिस्सा नहीं लिया।

सूत्र ने कहा पूरी तरह से फिट होकर वापसी करने में काफी समय लगेगा। इस तरह की चोट में फिट होने के लिए लगभग 10 सप्ताह का समय लगता है। लेकिन इस मामले में इससे भी अधिक समय लग सकता है। आकाशदीप तीन बार के चैंपियन केकेआर की चोटिल खिलाड़ियों की सूची में नया नाम हैं। इस सूची में भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा और 18 करोड़ रुपये में खरीदे गए श्रीलंकाई खिलाड़ी मथीशा पथिराना भी शामिल हैं, जिससे टीम का तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर पड़ गया है। आकाशदीप और राणा की अनुपस्थिति में केकेआर को वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और फिट होकर वापसी करने वाले उमरान मलिक पर निर्भर रहना पड़ेगा। राणा पहले ही आईपीएल से बाहर हो गए थे। बीसीसीआई के निर्देश के बाद इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करना पड़ा, जिसके बाद केकेआर ने उनके स्थान पर जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को टीम में शामिल किया।



### कोलकाता नाइट राइडर्स की गेंदबाजी में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा : अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी आक्रमण में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा और उनके 'मिस्ट्री' स्पिनरों में 'नवीनता का तत्व' भी फीका पड़ गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले केकेआर की ताकत और कमजोरी का विश्लेषण करते हुए अश्विन ने कहा कि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अब काफी जिम्मेदारी होगी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा मुझे नहीं लगता कि केकेआर की गेंदबाजी देखकर विरोधी टीम डरेंगी। 'मिस्ट्री फैक्टर', 'नवीनता' और खौफ, ये सब अब खत्म हो चुके हैं। पहले बल्लेबाज विश्लेषक के कमरे में जाकर गेंदबाज के हाथ को देखते थे या फिर एक रन लेने की बात सोचते थे। उन्होंने कहा वरुण अपने करियर के ऐसे दौर में हैं जहां उन्हें जवाब ढूंढने होंगे। यह हर क्रिकेटर के विकास का हिस्सा होता है। मुझे लगता है कि नवीनता का तत्व अब खत्म हो गया है। अश्विन ने यह भी कहा कि अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण की प्रभावशीलता भी कम हो गई है। उन्होंने कहा सुनील नारायण अब अपने एक्शन की वजह से अपनी तेज गेंद नहीं डाल सकते। ईडन गार्डन्स छोटा मैदान है इसलिए विरोधी टीमों के लिए आक्रामक होना आसान हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केकेआर के गेंदबाजों के लिए आक्रामक बल्लेबाजी लाइन–अप को रोकना मुश्किल हो सकता है, खासकर छोटे मैदानों पर। उन्होंने यह भी कहा कि चोटों और खिलाड़ियों में बदलाव के कारण गेंदबाजी इकाई कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा नीलामी के बाद मैंने कहा था कि केकेआर की गेंदबाजी मजबूत है। लेकिन अब मुस्तफिजुर रहमान टीम में नहीं हैं। माथिशा पाथिराना चोटिल हैं और हर्षित राणा भी बाहर हो चुके हैं। अश्विन ने कहा केकेआर के पास ब्लेसिंग मुजारबानी हैं जिन्होंने मेहनत की है और मैं उन्हें देखने के लिए उत्साहित हूं। लेकिन इतनी चोटों के बीच किसी को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी और वो कौन होगा, मुझे नहीं दिखता। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप भी केकेआर के पूरे सत्र के लिए बाहर हो गए हैं। अश्विन ने श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया जिन्होंने 2024 में केकेआर को तीसरा खिताब जिताया था लेकिन टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। उन्होंने कहाकोरबो है, लोरबो है, लेकिन जीतबो नहीं है। केकेआर ने तीन बार खिताब जीता, दो बार गौतम गंभीर के नेतृत्व में और एक बार श्रेयस अय्यर की अगुआई में। अश्विन ने कहा श्रेयस अय्यर की कप्तानी प्रभावशाली रही है। केकेआर का नुकसान पंजाब किंग्स का फायदा बन गया। अय्यर पंजाब किंग्स में शामिल हुए और पिछले साल टीम को एक दशक में पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया।



अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में छात्र–छात्राओं के साथ सेल्फी लेते गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ी कुमार कुशाग्र, मानव सुथार व अरशद खान।

## किसी सत्र का एक भी मिनट बर्बाद नहीं करना : कोहली

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के करिश्माई बल्लेबाज विराट ने साथी खिलाड़ियों को दी सलाह

**बेंगलुरु, एजेंसी**

करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अपने साथी खिलाड़ियों से 'स्विच आन' करने का आग्रह किया और कहा कि आईपीएल खिताब बरकरार रखने की तैयारी में अब उन्हें अभ्यास सत्र का एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोहली ने कहा कि उसी जज्बे को बरकरार रखना है जिसके दम पर उन्होंने पिछले साल खिताब जीता था। कोहली ने कहा हमने पिछले दो तीन सत्र में काफी मेहनत की है जिसके दम पर पिछले साल यह उपलब्धि हासिल कर सके। अब रास्ता और कठिन होगा क्योंकि बाकी टीमें भी पूरी चुनौती देंगी। आरसीबी को 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। कोहली ने कहा हमें समय बर्बाद नहीं करना है। हमें आगे रहना है तो स्विच आन कर लीजिए। किसी भी सत्र का एक मिनट भी व्यर्थ नहीं करना है। हमें अगले ढाई महीने में अपना 120 प्रतिशत देना होगा। आरसीबी ने टीम में वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, जोर्डन कॉक्स, विकी ओस्तवाल और सात्विक देसवाल को शामिल किया है।

मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा नीलामी काफी रोचक थी और हमारी टीम बेहतर हुई है। हमने कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों को लिया है। विराट और रजत की अगुवाई में स्थापित खिलाड़ियों के साथ उन्हें आरसीबी का हिस्सा बनाना रोमांचक होगा। उन्होंने यह भी कहा इस साल बात अलग होगी क्योंकि अब हम खिताब जीत चुके हैं।

## तन्वी का शानदार अभियान सेमीफाइनल में हार के साथ समाप्त

**ओरलियंस।** भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा को शनिवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में अपनी गलतियों पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

भारत की सत्रह वर्षीय खिलाड़ी पूरे मैच के दौरान अपनी लेंथ और नियंत्रण को लेकर जूझती रहीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता को 35 मिनट में 31 वर्षीय ओकुहारा (2016 की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2017 की विश्व चैंपियन) के हाथों 9-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

तन्वी ने पिछले साल सैयद मोदी इंटरनेशनल में ओकुहारा के खिलाफ तीन गेम के एक रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की थी। लंबी रैलियों के लिए मशहूर ओकुहारा ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त बना ली और फिर तन्वी की गलतियों के कारण 6-3 पर पहुंच गईं। तन्वी लगातार लाइन से चूकती रहीं और ब्रेक तक जापानी खिलाड़ी से 6-11 से पिछड़ रही थीं।


## महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं फैनी

- नाइजीरिया इनविटेशनल के एक मुकाबले में 65 गेंदों पर खेली 111 रनों की नाबाद पारी

**अबुजा, एजेंसी**

रवांडा की फैनी उतागुशीमानिंदे महिला टी20 डेब्यू में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज़ बनीं। उन्होंने घाना के खिलाफ नाइजीरिया इनविटेशनल महिला टी20 टूर्नामेंट के एक मुकाबले में 65 गेंदों में 111 रनों की नाबाद पारी खेली।

15 साल और 223 दिन की उम्र में उतागुशीमानिंदे महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बनीं। इससे पहले महिला टी20 डेब्यू में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की कैरेन रॉल्टन के नाम था जिन्होंने 2005 में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टांटन में 96 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह मैच महिला टी20 इतिहास का सिर्फ दूसरा ही अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबला था। दूसरी तरफ इससे पहले महिला टी 20I में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड यूगांडा की प्रोस्कोविया अलाको के नाम था जिन्होंने 16 साल और 233 दिन की उम्र में माली के ख़िलाफ़ किगाली में 2019 में 116 रनों की पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में अभी तक चार बल्लेबाज़ों ने टी20 डेब्यू में शतक लगाया है, लेकिन उसमें से



एक भी पूर्ण सदस्य देश से नहीं हैं। कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स ने 2022 में फ़िलीपींस के ख़िलाफ़ 108 रनों की नाबाद पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में फ्रांस के गुस्ताव मैकियोन टी20 में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने यह रिकॉर्ड 18 साल और 280 दिन की उम्र में बनाया था। उतागुशीमानिंदे के शतक की मदद से रवांडा ने 210 पर 3 का बड़ा स्कोर बनाया और उनके बाद दूसरी सर्वश्रेष्ठ स्कोरर मेर्विल उवासे रहीं जिन्होंने 19 गेंदों में 32 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा 28 रन अतिरिक्त से आए जिसमें 25 वाइड थे। घाना की टीम 20 ओवर में 88 पर 8 का स्कोर ही बना सकी और उन्हें 122 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

## मानव व यशस्विनी ने जीता राष्ट्रीय टेबल टेनिस का खिताब

**इंदौर।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के मानव ठक्कर और यशस्विनी घोरपड़े ने शनिवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एकल खिताब जीता। पुरुषों के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मानव ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन करते हुए रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के जीत चंद्र पर 4-1 (11-2 11-4 6-11 11-9 11-3) की शानदार जीत हासिल की।

इसके विपरीत महिला एकल के फाइनल में काफी कड़ा मुकाबला देखने को मिला तथा आखिर तक रोमांच बन रहा। आखिर में यशस्विनी ने अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। उन्होंने फाइनल में पीएसपीबी की युवा खिलाड़ी सिंड्रेला दास पर 4-3 (11-6 12-14 11-5 9-11 13-11 6-11 11-8) से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी और सुहाना सैनी ने अनिकेत बोस और सम्प्रीति रॉय की पश्चिम बंगाल की जोड़ी को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9 11-7 9-11 13-15 12-10) से हराया।

## जापान ने जीता महिला एशियाई कप



जापान की माइका हमानो के खिलाफ फुटबॉल पर नियंत्रण करने की कोशिश करतीं ऑस्ट्रेलिया की एली कारपेंटर। एजेंसी

- मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया, माइका हमानो ने किया एकमात्र गोल

**सिडनी, एजेंसी**

माइका हमानो के पहले हॉफ में किए गए गोल की बदौलत जापान ने शनिवार को यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर महिला एशियाई कप का खिताब जीत लिया।

हमानो चेल्सी से 'लोन' पर टोटेनहम के लिए खेलती हैं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 17वें मिनट में बाएं ओर से मिले पास पर पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से जोरदार शॉट लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 मिनट में बराबरी के लिए पूरा दबाव बनाया, लेकिन जापान की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें लगातार रोके रखा। जापान ने 2014 और 2018 में भी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार महिला एशियाई कप जीते थे। इस तरह उसने पिछले चार महाद्वीपीय टूर्नामेंटों में तीसरी बार खिताब जीता है। एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए छह मैचों में सिर्फ एक गोल खाया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2010 के बाद से यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप नहीं जीती है, जब सैम केर (तब 16 वर्ष की थीं) ने फाइनल में गोल किया था। एशियाई कप से छह टीमें अगले साल ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। मध्य पूर्व युद्ध से प्रभावित ईरानी टीम की भागीदारी के कारण 12 टीमों के इस टूर्नामेंट ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया।

**मियामी ओपन**

**एरीना सबालेंका ने एन ली और एलेना रिबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को हराया**

# सबालेंका और रिबाकिना तीसरे दौर में पहुंचीं

**मियामी, एजेंसी**

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका और वर्ल्ड नंबर दो एलेना रिबाकिना ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में अपने मियामी ओपन अभियान की विजयी शुरुआत की। सबालेंका ने अमेरिकन एन ली पर 7-6(5), 6-4 से दूसरे राउंड में 1 घंटे, 42 मिनट की जीत हासिल की जबकि रिबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को एक घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया।

सबालेंका ने अपनी जीत के बाद माना कि हालांकि वह अपने ओवरऑल खेल के लेवल से खुश नहीं थीं, लेकिन वह मुश्किल हालात में अपने रिस्पॉन्स से खुश थीं। शुरुआत में वह 4-1 से आगे थीं, लेकिन ली ने लगातार तीन गेम जीतकर बराबरी कर ली। जिसमें 4-4 के लिए



एक होल्ड भी शामिल था जिसमें उन्होंने सात ब्रेक पॉइंट बचाए। सेट में बने रहने के लिए दो बार सर्व बचाने के बाद, ली ने बाद में टाईब्रेक के बीच में सबालेंका को लीड किया, लेकिन टॉप सीड ने आखिरी पांच में से चार पॉइंट जीतकर अपनी लीड वापस पा ली। दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार तीन ब्रेक के बाद, सबालेंका ने ली को चौथे सेट के दो मौके देने से मना कर दिया। और बाकी रास्ते में सर्विस पर चार पॉइंट गंवाकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में अपना लगातार नौवां ओपनिंग मैच जीत लिया। सबालेंका का अगला मैच कैटी मैकनेली से होगा। मियामी में पहले दो पहले राउंड से बाहर होने के बाद, मैकनेली ने रेबेका मासरोवा पर शुरुआती जीत के साथ नंबर 29 सीड वांग शिन्यु को 6-4, 1-6, 6-0 से हराया। रविवार को इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में वर्ल्ड नंबर ए आर्यना सबालेंका से हारने के बाद डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला मैच खेलते हुए, रायबाकिना ने शुरुआत में ही ब्रेक करके 3-1 की बढ़त बना ली। हालांकि पुतिनत्सेवा, जिन्होंने अपनी पिछली तीन मुलाकातों में से दो जीती थीं, ने 3-3 से बराबरी कर ली, लेकिन रायबाकिना ने आठवें गेम में एक और ब्रेक के साथ जवाब दिया और सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में, रायबाकिना ने सातवें और नौवें गेम में ब्रेक करके 1 घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से जीत पक्की कर ली।

"मैं वहां थी, मैं लड़ रही थी, चाहे कुछ भी हो, भले ही मेरा गेम शायद मेरा सबसे अच्छा गेम नहीं था, जहां उन्होंने वर्ल्ड नंबर 39 की भी तारीफ की। उन्होंने आगे कहा उन्होंने ज़बरदस्त टेनिस खेला। वह सुपर एग्रेसिव थीं, उनकी सर्विंग ज़बरदस्त थी, वाह। यह एक शानदार मैच था, एक शानदार लेवल था, और मैं यह बहुत मुश्किल जीत पाकर बहुत खुश हूं।
–एरीना सबालेंका

"बहुत खुश हूं, सच कहूं तो यूलिया के खिलाफ मैच हमेशा मुश्किल होते हैं। मुझे खुशी है कि आज मेरी सर्व काम कर रही थी। मुझे कोर्ट के हिसाब से ढलने के लिए भी कुछ समय चाहिए था। मैंने अभी तक यहाँ हिट भी नहीं किया था। इसलिए मैं जीत से बहुत खुश हूँ।
–एलेना रिबाकिना

## विंबलडन ने छह कोर्ट पर वीडियो रिव्यू की सुविधा शुरू की

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब ने शनिवार को घोषणा की कि विंबलडन इस साल के टूर्नामेंट में पहली बार वीडियो समीक्षा (रिव्यू) तकनीक का इस्तेमाल करेगा।

सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट में यह तकनीक सेंटर कोर्ट, नंबर एक कोर्ट (क्लब का दूसरा सबसे बड़ा कोर्ट) और चार अन्य कोर्ट पर उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को चेयर अंपायर द्वारा दिए गए कुछ खास फैसलों जैसे ''डबल बाउंस'' का रिव्यू करने की अनुमति होगी। वीडियो रिव्यू ने 2023 अमेरिकी ओपन में ग्रैंड स्लैम टेनिस में अपनी शुरुआत की थी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी इस तकनीक का इस्तेमाल करता है।

## कर्स्टन ने छोटे कोचिंग समय के लिए पीसीबी के दखल को जिम्मेदार ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व हेड कोच गैरी कर्स्टन ने टीम के साथ अपने छोटे समय के बारे में बात की है, और बताया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बहुत ज़्यादा दखल ने उनके समय से पहले जाने में अहम भूमिका निभाई। कर्स्टन, जिन्हें अप्रैल 2024 में दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर अपॉइंट किया गया था, ने सिर्फ़ छह महीने बाद पाकिस्तान की वनडे और टी 20 टीमों के हेड कोच का पद छोड़ दिया, टीम के ऑस्ट्रेलिया के तय वनडे दौरे से कुछ ही दिन पहले।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर ने कहा कि टीम के मामलों में बाहरी दखल का लेवल ऐसा था जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। कर्स्टन ने टॉकस्पोर्ट क्रिकेट को बताया, "जिस चीज़ ने मुझे सबसे ज़्यादा हैरान किया, वह थी दखल का लेवल। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसे पहले कभी उस लेवल पर देखा है। क्या इससे मुझे हैरानी हुई? मुझे नहीं पता, लेकिन यह काफ़ी था।

उनके इस्तीफे के बाद, पीसीबी ने टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम कोच बनाया, जिसमें छह लिमिटेड-ओवर मैच थे। हालांकि, कुछ महीने बाद गिलेस्पी ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कर्स्टन ने बताया कि लगातार बाहरी दबाव की वजह से खिलाड़ियों के साथ काम करने का एक स्थिर माहौल बनाना मुश्किल हो गया।

उन्होंने कहा जब बाहर से लगातार शोर हो रहा हो, तो कोच के लिए आकर खिलाड़ियों के साथ काम करने का तरीका बनाना काफी मुश्किल होता है। यह मुश्किल था, बाहर से लगातार शोर और खराब परफॉर्मेंस और इस तरह की चीजों के लिए बहुत सारी सज़ा देने वाली कार्रवाई।